✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✶ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 37 ✶ अंक : 47 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, सोमवार, 13 जुलाई 2026 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com



नामांकन दर्ज करने के पहले पूर्व सीएम नीतीश कुमार से मिलते बांकीपुर से एनडीए प्रत्याशी नीरज सिन्हा

# विधानसभा सदस्यों की कार्यक्षमता और लोकतांत्रिक विमर्श को मिली नई दिशा : डॉ. प्रेम कुमार

## बिहार विधानसभा का दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम संपन्न, संसदीय दक्षता बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा सचिवालय, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) तथा प्राइड (लोकसभा सचिवालय) के संयुक्त तत्वावधान में बिहार विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रबोधन कार्यक्रम का रविवार को बिपार्ड, गया में समापन हो गया। समापन के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रेस वार्ता में कहा कि कार्यक्रम में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने समान उत्साह और गंभीरता के साथ भागीदारी की। संसदीय कार्यप्रणाली, विधायी दायित्व, सदन की मर्यादा, संसदीय परंपराओं और जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर हुए विमर्श से सदस्यों की कार्यक्षमता और लोकतांत्रिक विमर्श को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्मयोनि पहाड़ी के निकट बिपार्ड परिसर में वृक्षारोपण से हुई। इसके बाद तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में तारकिशोर प्रसाद ने बजट निर्माण, वित्तीय प्रावधान और विभागीय कार्यप्रणाली पर अनुभव साझा किए। प्राइड के निदेशक पार्थो गोस्वामी




ने बजटीय प्रक्रिया, सरकारी और गैर-सरकारी विधेयकों, समितियों की भूमिका, उद्देशिका, वित्तीय ज्ञापन तथा विधायी प्रक्रिया की जानकारी दी। संदीप सौरभ ने प्रश्नकाल और जनकल्याणकारी विधायी प्रावधानों की उपयोगिता पर विचार रखे जबकि उमेश कुशवाहा ने कहा कि आधुनिक तकनीक ने विधायी कार्यों को अधिक पारदर्शी और जनोन्मुख बनाया है। दूसरे सत्र में उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने जनप्रतिनिधियों के लिए जनता के विश्वास और जनसेवा को सबसे बड़ी पूंजी बताया। पुलिस मुख्यालय के सहायक महानिदेशक (रेल) डॉ. कमल किशोर सिंह ने विशेषाधिकारों की विधिक व्याख्या प्रस्तुत की, जबकि राज्यसभा सचिवालय के संयुक्त सचिव राघव प्रसाद दास ने संवैधानिक और संसदीय प्रावधानों की जानकारी दी। प्रफुल्ल कुमार मांझी ने भी अपने विचार रखे। तीसरे सत्र में सांसद जगदंबिका पाल ने संसदीय समितियों, वित्तीय अनुशासन और विधेयकों की समीक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। दीपा कुमारी, कमरुल होदा और सतीश कुमार सिंह यादव ने भी विचार साझा किए। सभी सत्रों में सदस्यों ने विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि उद्घाटन 11 जुलाई को उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने किया था। समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री **(शेष पृष्ठ 11 पर)**

## सत्ता और विपक्ष की साझा भागीदारी से प्रबोधन कार्यक्रम ने लोकतांत्रिक एकजुटता का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा सचिवालय, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) तथा प्राइड (लोकसभा सचिवालय) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रबोधन कार्यक्रम का समापन लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं के प्रति सभी दलों की साझा प्रतिबद्धता के संदेश के साथ हुआ। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों की उत्साहपूर्ण एवं सकारात्मक भागीदारी रही। भारतीय जनता पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सहित विभिन्न दलों के सदस्यों ने संसदीय परंपराओं के संरक्षण और जनहित के मुद्दों पर एकजुटता का परिचय दिया। विभिन्न तकनीकी सत्रों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के अजय कुमार, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अख्तरूल ईमान, बहुजन समाज पार्टी के सतीश कुमार सिंह यादव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के संदीप सौरभ तथा कांग्रेस के कमरूल होदा ने अपने विचार रखे। प्रश्नोत्तर सत्र में भी विपक्षी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के मुर्शिद आलम, सरवर आलम और गुलाम सरवर, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के अरुण सिंह तथा कांग्रेस के मनोज विश्वास और सुरेन्द्र प्रसाद ने विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव और प्रश्न रखे।

## संक्षिप्त समाचार

### 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** गयाजी पुलिस ने कई संगीन मामलों में वांछित और 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी टिंकू सिंह उर्फ टिंकू कुमार उर्फ चौथा उर्फ सत्यनारायण सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी के निर्देश पर जिले में इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि टिंकू सिंह परैया थाना क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा लेकिन जवानों ने पीछा कर उसे दबोच लिया।

### तालाब में डूबने से सगे भाई-बहन की मौत

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** परिहार प्रखंड के सहजौली पंचायत के वार्ड संख्या-6 में रविवार को एक तालाब में डूबने से सगे भाई-बहन की मौत हो गई। मृतकों की पहचान चंदन साह के पांच वर्षीय पुत्र आयुष कुमार और आठ वर्षीय पुत्री कृति कुमारी के रूप में हुई है। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। बताया गया कि रविवार दोपहर करीब 2 बजे आयुष और कृति अपने छह वर्षीय साथी पिंस कुमार (पिता सुकन साह) के साथ खेल रहे थे। खेलते-खेलते तीनों बच्चे गांव के तालाब पर पहुंच गए और उसमें उतर गए।

### सड़क हादसे में गयी दो लोगों की जान

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत एसएच-78 में रविवार को सड़क हादसे में बाइक सवार 2 लोगों की मौत हो गई। बाइक की कार से टक्कर हो गई थी। मृतकों की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के बिजवनपर निवासी सिद्धेश्वर प्रसाद के बेटे बलराम कुमार (40) और लहेरी थाना क्षेत्र के मेहरपुर निवासी विजय प्रसाद के बेटे अमित राज (40) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बलराम कुमार जीपीएस और सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम करते थे।

## मुख्यमंत्री ने 1047 करोड़ की 981 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# मुजफ्फरपुर में बनेगी आर्किटेक्चर और सिविल इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी : सम्राट

**केके कौशिक/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को एक दिवसीय दौरे पर मुजफ्फरपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 1047 करोड़ रुपए की लागत से तैयार 981 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके लिए मुख्य कार्यक्रम एमआइटी परिसर में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने जिन योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है उनमें शहरी विकास, आधारभूत संरचना, पेयजल, सड़क, जनसुविधा और नगर विकास विभाग की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं से मुजफ्फरपुर समेत पूरे उत्तर बिहार के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा नगर विकास एवं आवास विभाग तथा बुडको की कई परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। कार्यक्रम के



दौरान सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार के लोगों को मोदी-नीतीश पर भरोसा है क्योंकि लोगों ने गुंडाराज देखा है। अराजकता देखी है। उन्होंने कहा कि विरोधी कहते हैं कि बिहार का खजाना खाली है, जबकि विकास हो रहा है। आपने दो दिन पहले ही देखा कि हमने 10 जुलाई को 98 लाख परिवार के खाते में पेंशन की राशि भेजी है। एनडीए ने जो 202 सीटें जीती हैं, उनमें उत्तर बिहार का बड़ा योगदान है। हम राम मंदिर की तरह माता सीता का मंदिर बनाने जा रहे है। मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि मैं आज मुजफ्फरपुर की धरती से ऐलान करता हूं कि एमआइटी की धरती पर आर्किटेक्चर और सिविल इंजीनियरिंग की एक विशेष यूनिवर्सिटी हमारी सरकार स्थापित करेगी। आनेवाले दिनों में बिहार में रैपिड रेल चलाने की योजना है, जिससे मुजफ्फरपुर से पटना 40 मिनट में पहुंच जाएंगे। श्री चौधरी ने कहा कि पुराने शहर को ठीक करने में समय लगता है। सड़क हो, गली हो, पार्क हो, इन्हें बनाने में समय लगता है। सरकार इसके लिए काम कर रही है। इसके साथ-साथ सरकार ने तय किया है कि 12 जगह नया टाउनशिप बनाएंगे। मुजफ्फरपुर में भी तिरहुत के नाम पर नया टाउनशिप सरकार बनाएगी। आपको मूलभुत सुविधा देना हमारी जिम्मेदारी है। हमने 125 यूनिट बिजली फ्री दी। हमने बिना किसी भेदभाव के सभी को इसका लाभ दिया। फ्री बिजली के कारण कई घरों का बिल शून्य हो गया है। बिहार के एक करोड़ लोगों को राशन कार्ड से जोड़ने का काम किया जा रहा है, कोई परिवार नहीं छूटेगा।

## आर्मी जवान और पिता की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में रविवार सुबह जमीन विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बिदुपुर थाना क्षेत्र के रजासन गांव में एक युवक ने कथित तौर पर अपने चाचा और भारतीय सेना में कार्यरत चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। दोहरे हत्याकांड से पूरे गांव में तनाव का माहौल है। एहतियात के तौर पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 60 वर्षीय मुनरिक राय और उनके 35 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार राय के रूप में हुई है। जितेंद्र कुमार भारतीय सेना में जवान थे और छुट्टी पर अपने घर आए हुए थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार परिवार के बीच लंबे समय से जमीन और रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार सुबह इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि मुनरिक राय के भतीजे ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी जिसमें मुनरिक राय और उनके बेटे जितेंद्र कुमार राय को गोली लग गई। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बिदुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर जांच शुरू कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए सदर एसडीपीओ-वन सुबोध कुमार और नगर थाना अध्यक्ष सिकंदर कुमार भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी ली। मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया जो घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में लगी है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और तनाव का माहौल है। सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में रास्ते और जमीन के विवाद को लेकर पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है और फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## बाइकों के बीच टक्कर में तीन लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** अरेराज-पशुपतिनाथ मुख्य मार्ग पर गोविंदगंज थाना क्षेत्र के भेलानारी पुल के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक अपाची बाइक पर सवार दो युवक सलेमपुर जीवधारा के रहने वाले थे। उनकी पहचान रवि किशन और अनिश कुमार के रूप में हुई है। वहीं दूसरी बाइक पर सवार युवक गोविंदगंज थाना क्षेत्र के भेलानारी गांव का निवासी बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। गोविंदगंज थाना अध्यक्ष राजू मिश्रा अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। हालांकि अस्पताल में इलाज के दौरान तीसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया। इस तरह इस दर्दनाक हादसे में तीनों युवकों की जान चली गई। घटना के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## जिला अस्पतालों में सात दिन में शुरू होगा आइसीयू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पतालों को लेकर नई व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत राज्य के सभी जिला अस्पतालों में अगले 7 दिनों के अंदर आइसीयू और 24 घंटे इमरजेंसी सेवा शुरू करने का निर्देश दिया गया है। सरकार का लक्ष्य है कि लोगों को इलाज के लिए दूसरे बड़े शहरों या अस्पतालों का रुख न करना पड़े। स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों को रेफर करने की व्यवस्था में भी बदलाव किया है। अब मरीजों को बिना पर्याप्त कारण उच्च संस्थानों में नहीं भेजा जाएगा। रेफर करने से पहले डॉक्टरों को यह सुनिश्चित करना होगा कि जिस अस्पताल में मरीज का इलाज चल रहा है वहां जरूरी सुविधा उपलब्ध नहीं है। साथ ही हर रेफर का स्पष्ट कारण दर्ज करना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों में डिजिटल रिकॉर्ड को अनिवार्य कर दिया है। डॉक्टर, पारा मेडिकल स्टाफ, ड्यूटी रोस्टर और अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भाव्या पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। मरीज के इलाज से जुड़ी सभी जानकारी भी पोर्टल पर अपडेट की जाएगी। इसमें मरीज का रजिस्ट्रेशन, जांच, दवा, इलाज और रेफरल की पूरी जानकारी शामिल होगी। इसके अलावा भर्ती मरीजों का आभा आईडी बनाकर इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इससे मरीजों के इलाज को भविष्य में बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जिला अस्पतालों और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में मौजूद संसाधनों, विशेषज्ञ डॉक्टरों और आधुनिक सुविधाओं का अधिकतम इस्तेमाल किया जाएगा। इससे आम लोगों को अपने ही जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी और बड़े अस्पतालों पर दबाव भी कम होगा। मरीजों को रेफर करने की प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए हर जिले में एक निगरानी समिति बनाई जाएगी। इसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी करेंगे। यह समिति रेफरल मामलों की समीक्षा करेगी और अनावश्यक रेफरल रोकने के लिए कदम उठाएगी। इसके अलावा राज्य स्तर पर भी एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो सभी जिलों की व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

## संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** संसद का मॉनसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है। खबर है कि इससे पहले सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक 19 जुलाई रविवार को सुबह 11 बजे होगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस बैठक में मोदी सरकार संसद के दोनों सदनों (राज्यसभा और लोकसभा) के सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की याचना करेगी। मॉनसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा। चार सप्ताह के मानसून सत्र के दौरान 19 बैठकें होने की बात सामने आयी है। मानसून सत्र में कई अहम बिल पेश होने और उन पर चर्चा होने की उम्मीद है।

## सीएम सम्राट ने पटना के तीन प्रोजेक्टों का किया उद्घाटन


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज से संबंधित तीन महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन किया। इस योजना की कुल लागत 233.77 करोड़ है। इन योजनाओं का प्रभाव पटना शहर के विभिन्न कैचमेंट क्षेत्रों में होगा जिसके अंतर्गत पटना नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड संख्या 02, 03, 05, 30, 31, 32, 34, 35, 44, 45, 46 और 55 शामिल हैं। विभाग के मुताबिक शहरी क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या का समाधान आज एक बड़ी प्राथमिकता है। स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज व्यवस्था न केवल बारिश के जल निकासी को व्यवस्थित बनाएगी बल्कि शहरी आवागमन, जनस्वास्थ्य, स्वच्छता और नागरिक जीवन की सहजता पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगी। स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज बारिश के पानी को सड़कों और रिहायशी इलाकों से बाहर निकालने की एक विशेष जल निकासी प्रणाली है। यह प्रणाली सड़कों पर पानी जमा होने और बाढ़ के खतरे को रोकने के लिए बारिश के पानी को भूमिगत पाइपों और नालों के माध्यम से सुरक्षित रूप से नजदीकी जलाशयों तक पहुंचाती है। यह सड़कों पर जलभराव और भारी यातायात जाम को रोकता है। इसके साथ ही घरों की नींव और इमारतों को पानी के रिसाव से होने वाले नुकसान से बचाता है।

## कुलपति और प्रतिकुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया में बड़ा बदलाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** बिहार के 10 प्रमुख विश्वविद्यालयों में कुलपति और प्रतिकुलपति नियुक्ति प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया गया है। राज्यपाल सचिवालय ने कुलपति नियुक्ति से जुड़े विज्ञापनों में संशोधन जारी करते हुए पात्रता संबंधी नियमों में बदलाव किया है। साथ ही आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 28 जुलाई तक कर दी गई है। यह फैसला उन अभ्यर्थियों के लिए राहत लेकर आया है जो आवेदन की तैयारी कर रहे हैं। राज्यपाल-सह-कुलाधिपति के निर्देश पर अतिरिक्त सचिव संजय कुमार द्वारा जारी पत्र के अनुसार बिहार में अब कुलपति पद के लिए पात्रता का निर्धारण यूजीसी के प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा। इसके साथ ही पहले लागू 10 वर्ष के अनुभव से जुड़ी एक महत्वपूर्ण शर्त भी हटा दी गई है। यह संशोधन राज्य के 10 विश्वविद्यालयों में कुलपति और प्रतिकुलपति पद के लिए जारी विज्ञापनों पर लागू होगा। इनमें आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, मौलाना मजहरुल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय और मगध विश्वविद्यालय शामिल हैं। राज्यपाल सचिवालय की ओर से बताया गया है कि विज्ञापन के पैरा-1 की अंतिम पंक्ति, जिसमें प्रोफ़ेसर पद की अधिसूचना जारी होने की तिथि से 10 वर्ष के अनुभव की गणना का उल्लेख था, उसे हटा दिया गया है। अब कुलपति पद के लिए पात्रता तय करने में प्रोफ़ेसर के पद पर पदोन्नति की तिथि को आधार माना जाएगा। राज्यपाल सचिवालय ने सभी संबंधित विश्वविद्यालयों के लिए कुलपति पद पर आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 28 जुलाई की रात 11:59 बजे कर दी है। इससे इच्छुक और पात्र उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। राज्यपाल सचिवालय ने स्पष्ट किया है कि पात्रता से जुड़े इन संशोधनों और आवेदन की नई अंतिम तिथि के अलावा पहले जारी विज्ञापनों की अन्य सभी शर्तें और नियम लागू रहेंगे।




C M Y K

# कम वर्षा वाले जिलों में लीन पीरियड की अवधि बढ़ी, मजदूरों को लगातार मिलेगा काम : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि आपदा और कम वर्षा की स्थिति में ग्रामीण मजदूरों को लगातार रोजगार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने वीर बहादुर ग्राम योजना (वीबी-जी राम जी योजना) के तहत पूर्व में घोषित लीन पीरियड की अवधि में बदलाव किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर प्रभावित जिलों में संशोधित अवधि लागू कर दी गई है। श्रवण कुमार ने बताया कि कृषि विभाग के आकलन के अनुसार इस वर्ष कम वर्षापात और अल-नीनो के प्रभाव के कारण कृषि गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। बदलती कृषि परिस्थितियों को देखते हुए ग्रामीण श्रमिकों की आजीविका सुरक्षित रखने के उद्देश्य से यह नीतिगत निर्णय लिया गया है नई व्यवस्था के तहत वर्षा की कमी से प्रभावित जिलों में 20 जुलाई 2026 तक लीन पीरियड प्रभावी रहेगा। वहीं शेखपुरा, मुंगेर, लखीसराय, जमुई, भागलपुर और बांका में लीन पीरियड 10 अगस्त तक लागू रहेगा। इसके अलावा रोहतास, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, अरवल, पटना, जहानाबाद, नवादा, नालंदा, औरंगाबाद तथा गया में यह अवधि 9 अगस्त तक प्रभावी मानी जाएगी। मंत्री ने संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों और उप विकास आयुक्तों को निर्देश दिया है कि लीन पीरियड शुरू होने से पहले सभी तैयारियां युद्धस्तर पर पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इसके लिए अधिक से अधिक जॉब कार्डधारी श्रमिकों को तत्काल विभिन्न योजनाओं में नियोजित किया जाए तथा मानव दिवस सृजन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। श्रवण कुमार ने विभाग के सभी प्रशासनिक अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अधिकतम श्रमिकों को रोजगार से जोड़ने और योजनाओं के तीव्र क्रियान्वयन की कार्ययोजना तैयार कर उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि संकट की स्थिति में किसी भी गरीब परिवार को रोजगार के अभाव का सामना नहीं करना पड़े, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# कश्यप ऋषि के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता : राज्यपाल

## 'कश्यप का जीवन और दर्शन' पुस्तक का राज्यपाल ने किया विमोचन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने आज जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान, पटना में आयोजित समारोह में लेखक डॉ. प्रो. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक 'कश्यप का जीवन और दर्शन' का विमोचन किया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय कश्यप गोत्रीय महासभा द्वारा आयोजित किया गया था। राज्यपाल ने कहा कि मेरे जीवन का पूरा अनुभव कश्यप ऋषि द्वारा स्थापित कश्मीर से ही प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि कश्मीर का नामाकरण कश्यप ऋषि के नाम पर ही किया गया था। लोकोक्ति के अनुसार भगवान शिव ने बारामूला में त्रिशूल मारा था, उसी से झेलम नदी की उत्पत्ति हुई। राज्यपाल ने लोगों से कश्मीर और अमरनाथ जाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम एकता स्थापित करने की एक सार्थक पहल है, ऐसे कार्यक्रम अनवरत होते रहने चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं बिहार विधान परिषद् सदस्य डॉ. प्रो. संजय पासवान ने किया। उन्होंने कहा कि गोत्र समावेशी है। गोत्र पर विमर्श अपनी संस्कृति और प्रकृति को समझने का उत्कृष्ट प्रयास है। गोत्र समाज में समरसता स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि जातियों के विनाशकारी खेल को गोत्र के विमर्श के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है। गोत्र पर विमर्श की बेहतरीन शुरुआत हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. गिरीश गौरव ने भी किया है। पुस्तक के लेखक प्रो. राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने कश्यप ऋषि के जीवन और दर्शन के माध्यम से सृष्टि की उत्पत्ति और व्यवस्था पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कश्यप ऋषि का यह संदेश है कि मानव ही ब्रहम है। उन्होंने मानव में निहित उत्कृष्ट छह गुणों की चर्चा की। स्थानीय विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि इस पुस्तक में भारतीय संस्कृति और गोत्र का विशद् एवं वैज्ञानिक विवेचन किया गया है। इस पुस्तक के माध्यम से युवाओं को भी गोत्र की जानकारी मिलेगी। इस पुस्तक के माध्यम से गोत्र को लेकर एक नए विमर्श की शुरुआत होगी। वहीं पूर्व सांसद अरुण कुमार ने कहा कि कश्यप ऋषि भारतीय संस्कृति की सबसे बड़े धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि गोत्र पर विमर्श सामाजिक समरसता के क्षेत्र में एक नई युग की शुरुआत है। कार्यक्रम के निवेदक कबीर के लोग थे एवं संयोजक के रूप में अजीत कुमार, डॉ. मनोज कुमार और रितिक यादव थे। इस अवसर पर कई शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता, शोधार्थी और समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# 45 वर्षों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा नाबार्ड : गौतम कुमार सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने रविवार को अपना 45वां स्थापना दिवस मौर्या लोक कॉम्प्लेक्स स्थित बिहार क्षेत्रीय कार्यालय में मनाया। समारोह में मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह ने कहा कि नाबार्ड पिछले 45 वर्षों से कृषि, ग्रामीण विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थितियों में महिला किसानों के सशक्तिकरण, जल संरक्षण और टिकाऊ कृषि विकास को और अधिक प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम में बिहार राज्य सहकारी बैंक, नालंदा जिला सहकारी बैंक, सीवान जिला सहकारी बैंक, गोपालगंज जिला सहकारी बैंक, पाटलिपुत्र जिला सहकारी बैंक तथा वैशाली जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष शामिल हुए। समारोह के दौरान ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र में नाबार्ड की योजनाओं की समीक्षा की गई तथा आगामी वित्तीय वर्ष में महिला किसानों को अधिक ऋण उपलब्ध कराने और उनकी आर्थिक भागीदारी बढ़ाने की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। गौतम कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 1982 में स्थापना के बाद नाबार्ड ने किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ऋण वितरण, जलछाजन परियोजनाओं के जरिए मृदा एवं जल संरक्षण, स्थानीय उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग दिलाने तथा ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) के माध्यम से ग्रामीण आधारभूत संरचना के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की पैक्स कंप्यूटरीकरण योजना, जिसका क्रियान्वयन नाबार्ड कर रहा है, कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े बदलाव का आधार बनेगी। साथ ही जलवायु परिवर्तन और बढ़ती आय असमानता की चुनौतियों का सामना करने के लिए नाबार्ड कर्मियों से अग्रणी भूमिका निभाने का आहवान किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कृषि एवं ग्रामीण विकास में नाबार्ड की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि देश की खाद्यान्न, फल और सब्जी उत्पादन में उपलब्धियों के पीछे किसानों, नीति निर्धारकों, सहकारी संस्थाओं और नाबार्ड के साझा प्रयास हैं। इस अवसर पर नाबार्ड के सहयोग से हाल ही में भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त गया के पत्थरकट्टी शिल्प, नालंदा की बावनबूटी और भोजपुर की पीढ़िया पेंटिंग की प्रदर्शनी भी लगाई गई। समारोह में नाबार्ड की महाप्रबंधक अनामिका, बिहार राज्य सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक तथा बिहार ग्रामीण बैंक के महाप्रबंधक भी उपस्थित रहे।

# दिल्ली में घेरा डालो डेरा डालो कार्यक्रम करेंगे शिक्षक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व जिला प्रधान सचिवों की राज्यस्तरीय बैठक रविवार को हरेंद्र प्रसाद राय की अध्यक्षता में हुई। इसमें वरीय उपाध्यक्ष मिथिलेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरुद्ध संघर्ष पर चर्चा हुई। तय हुआ कि मानसून सत्र के दौरान अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम घेरा डालो डेरा डालो को सफल बनाने के लिए बिहार से हजारों शिक्षक दिल्ली जाएंगे। वहां अपने क्षेत्र के सांसदों का मांगों के समर्थन में घेराव करेंगे व विधिवत ज्ञापन सौपेंगे। दिसंबर तक सभी प्रखंडों एवं अंचलों व अप्रैल 2027 तक बिहार के सभी जिलों में संगठन का चुनाव कराने का निर्णय हुआ।


# पूर्व सीएम नीतीश कुमार एवं मंत्री श्रवण कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं, समाधान के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री तथा जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर आम लोगों, पार्टी कार्यकर्ताओं और विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित मामलों के शीघ्र समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुलाकात के दौरान ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) विधायक दल के नेता श्रवण कुमार भी मौजूद रहे। इसके अलावा विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन सर्राफ सहित अन्य जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान दर्जनों लोगों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और क्षेत्रीय समस्याओं से पूर्व मुख्यमंत्री को अवगत कराया। नीतीश कुमार ने सभी की बातें गंभीरता से सुनीं और संबंधित विषयों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए उचित निर्देश दिए। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। मुलाकातियों में झारखंड के पूर्व मंत्री सरयू राय भी शामिल रहे। उन्होंने नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके अलावा पार्टी के कई पुराने कार्यकर्ताओं ने भी उनसे भेंट की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन से जुड़े पुराने अनुभवों और स्मृतियों को साझा किया तथा लंबे समय बाद मुलाकात पर प्रसन्नता व्यक्त की। सरकारी आवास पर दिनभर लोगों के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे, जिन पर नीतीश कुमार ने गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित मामलों में आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।

# स्व. सत्येंद्र नारायण सिन्हा की जयंती पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी स्व सत्येंद्र नारायण सिन्हा की 110 वीं जयंती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ की अध्यक्षता में श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर राजेश राठौड़ ने स्व. सत्येंद्र नारायण सिन्हा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में लोकतांत्रिक मूल्यों, स्वच्छ राजनीति और जनसेवा की मिसाल कायम की। उनका जीवन सादगी, ईमानदारी और जनकल्याण के प्रति समर्पण का प्रतीक था। उनके आदर्श आज भी जनप्रतिनिधियों और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि स्व. सत्येंद्र नारायण सिन्हा ने बिहार के विकास और लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात कर ही समाज में न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है।

# राजस्व कार्यों की जिलावार समीक्षा का दूसरा चरण आज से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जिलों की समीक्षा के दूसरे चरण की शुरुआत करने का निर्णय लिया है। दूसरे चरण की पहली समीक्षा बैठक 13 जुलाई को पटना जिले से होगी। इस बैठक में पटना जिले के सभी अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में राजस्व संबंधी महत्वपूर्ण मामलों तथा जन शिकायतों में प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की जाएगी। विभागीय सचिव जय सिंह ने बताया कि पहले चरण में लगातार 13 दिनों तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के सभी 38 जिलों की व्यापक समीक्षा की गई थी। उस दौरान जिलों को लंबित राजस्व मामलों के शीघ्र निष्पादन, जन शिकायतों के समयबद्ध समाधान तथा विभिन्न विभागीय अभियानों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए थे। अब दूसरे चरण में उन्हीं निर्देशों के अनुपालन की जिलावार समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि 13 जुलाई को शाम 5 बजे मंत्री के कार्यालय कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में पटना जिले के दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भू-मापी, राजस्व न्यायालयों के लंबित वाद, सरकारी भूमि से जुड़े मामलों तथा जन शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा होगी। सभी अंचल अधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों को अद्यतन प्रतिवेदन के साथ बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। सचिव श्री सिंह ने कहा कि दूसरे चरण की समीक्षा का उद्देश्य केवल प्रगति का आकलन करना नहीं, बल्कि लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना और राजस्व सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना है। समीक्षा के दौरान प्रत्येक मामले की प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पटना से शुरू होने वाला यह समीक्षा अभियान आगे अन्य जिलों में भी चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा, ताकि पहले चरण में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की प्रभावी निगरानी की जा सके और आम लोगों को राजस्व सेवाओं का लाभ निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराया जा सके।

# शत्रुघ्न प्रसाद जीवन और साहित्य दोनों में अनुशासन के पैरोकार थे : अवधेश नारायण सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** साहित्यकार के लिए कल्पना-शक्ति होना अति आवश्यक होता है। शत्रुघ्न प्रसाद जीवन और साहित्य दोनों में अनुशासन के पैरोकार थे। मैं अपने जीवन में उनके अनुशासन को हमेशा निभाने का प्रयास करता हूं। ये बातें आचार्य शत्रुघ्न प्रसाद शोध संस्थान, पटना एवं श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित व्याख्यानमाला की चौथी शृंखला के कार्यक्रम में बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहीं। यह कार्यक्रम पटना स्थित श्री अरविंद महिला कॉलेज के सभागार में आयोजित की गई जिसमें शत्रुघ्न प्रसाद के उपन्यास 'तख्ते ताऊस' और 'आचार्य भर्तृहरि और उनका वाक्यपदीयम' विषयक दो सत्रों में विमर्श हुआ। उद्घाटन सत्र में श्री सिंह ने आचार्य जी के साथ बीते दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे वे हमेशा समाज और राष्ट्र के लिए चिंतित रहते थे। उन्होंने उपन्यास के केंद्र-बिंदु विषय मुगल आक्रांताओं द्वारा देश में बलात धर्म-परिवर्तन करना और महिलाओं के चरित्र-हनन जैसे मुद्दों को प्रमुखता से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शत्रुघ्न प्रसाद चाहते थे कि उनकी लेखनी से वर्तमान पीढ़ी विगत इतिहास के उन अमानवीय पक्ष को जाने, जिसकी कीमत हमारे पूर्वजों ने जान पर बाजी लगाकर चुकाई। इस सत्र में कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रेखा रानी ने अतिथियों को अंगवस्त्रम और महर्षि अरविंद का प्रतीक-चिहन देकर सम्मानित करते हुए अपने स्वागत भाषण में कहा कि ऐसे महान विभूति के साहित्यिक कर्म पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

# मंत्री संतोष कुमार सुमन ने किया वीवो एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** वीवो इंडिया ने बिहार में अपने प्रीमियम रिटेल नेटवर्क का विस्तार करते हुए बोरिंग कैनाल रोड, पटना में अपना नया वीवो एक्सपीरियंस सेंटर लॉन्च किया। 1014 वर्ग फुट में फैला यह सेंटर वीवो के वैश्विक रिटेल मानकों के अनुरूप डिजाइन किया गया है जहां ग्राहकों को आधुनिक, प्रीमियम और इमर्सिव शॉपिंग अनुभव मिलेगा। इस एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने किया। इस अवसर पर वीवो इंडिया के चीफ क्रिएटिव ऑफिसर नागसे अदम, वीवो इंडिया (ब्रांड रिटेल) के सेल्स ऑपरेशन्स हेड प्रमोद कुमार पाल सहित वीवो इंडिया के रिटेल पार्टनर्स मौजूद रहे। इस सेंटर में ग्राहकों के लिए इंटरैक्टिव एक्सपीरियंस जोन बनाए गए हैं जहां वे वीवो के नवीनतम स्मार्टफोन्स और कनेक्टेड इकोसिस्टम उत्पादों का अनुभव कर सकते हैं। साथ ही वीवो के प्रीमियम स्मार्टफोन्स से खींची गई शानदार तस्वीरों की एक विशेष फोटोग्राफी गैलरी भी प्रदर्शित की गई है जो ब्रांड की कैमरा तकनीक और इमेजिंग क्षमताओं को दर्शाती है। वीवो ने इस अवसर पर भारत में अपने प्रीमियम रिटेल नेटवर्क को और मजबूत बनाने तथा ग्राहकों को वैश्विक स्तर का अनुभव उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। नया वीवो एक्सपीरियंस सेंटर अब ग्राहकों के लिए खुल चुका है जहां उन्हें व्यक्तिगत उत्पाद परामर्श, हैंड्स-ऑन डेमो और विश्वस्तरीय रिटेल अनुभव प्राप्त होगा।

# एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 में दर्ज किया मजबूत प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने सशक्त वित्तीय एवं परिचालन प्रदर्शन की जानकारी साझा करते हुए कहा कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद बैंक ने उल्लेखनीय लचीलापन प्रदर्शित किया है। सुदृढ़ व्यवसायिक वृद्धि, अनुशासित जोखिम प्रबंधन, तीव्र डिजिटल परिवर्तन तथा उत्कृष्ट कॉर्पोरेट गवर्नेंस के बल पर बैंक ने देश के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शशिधर जगदीशन ने कहा कि भारत दीर्घकालिक विकास की एक सशक्त और स्थायी कहानी बना हुआ है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूत व्यापक आर्थिक आधार, नीतिगत स्थिरता और आंतरिक मांग के बल पर उल्लेखनीय लचीलापन प्रदर्शित किया है। एचडीएफसी बैंक ने भी विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन, ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण तथा सतत मूल्य सृजन की अपनी प्रतिबद्धता के साथ सभी प्रमुख मानकों पर स्वस्थ विकास दर्ज किया है। हमारी रणनीति एआई को एक अलग तकनीक के रूप में नहीं, बल्कि बैंक की प्रत्येक प्रणाली और कार्यप्रवाह का अभिन्न हिस्सा बनाने की है।

# लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था का ग्यारहवां स्थापना दिवस संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322इ के अंतर्गत संचालित लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था का ग्यारहवां स्थापना दिवस रविवार को चाणक्य होटल, पटना में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. बसंत पंचानन ने क्लब की सेवा गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात क्लब के पूर्व अध्यक्ष, वर्तमान निदेशक एवं संस्थान के प्रबंध निदेशक लायन विपिन कुमार सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए क्लब की स्थापना, उद्देश्य एवं समाज सेवा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। निर्वतमान अध्यक्ष लायन डॉ. राहुल कुमार ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। निर्वतमान सचिव लायन मेधा सिंह ने क्लब की सेवा गतिविधियों की जानकारी दी जबकि निर्वतमान कोषाध्यक्ष लायन विकास कुमार ने वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नए सदस्यों का इंडक्शन लायन मधुसूदन कुमार द्वारा तथा नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का इंस्टॉलेशन लायन डॉ. शैलेश कुमार सिन्हा द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर पीडीजी लायन वीना गुप्ता, लायन डी. बी. एन. गुप्ता, मनोहर सिंह जी सहित अनेक वरिष्ठ लायंस सदस्य उपस्थित रहे। नव-निर्वाचित अध्यक्ष लायन माधवी, सचिव लायन डॉ. सतेन्द्र सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष लायन सुकृति ने पदभार ग्रहण किया। क्लब की चार्टर्ड अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ लायन डॉ. अमूल्य सिंह ने क्लब की स्थापना से लेकर सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उसकी उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि पारिवारिक एकता, सेवा भावना एवं टीमवर्क के कारण क्लब ने समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

# मीठापुर व्यावसायिक संघ ने एनडीए प्रत्याशी नीरज सिन्हा को दिया समर्थन, व्यापारियों ने जताया जीत का भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर आज मीठापुर व्यवसायिक संघ द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में एनडीए समर्थित प्रत्याशी नीरज सिन्हा का भव्य स्वागत किया गया। बैठक में उपस्थित व्यवसायी समाज ने सर्वसम्मति से नीरज सिन्हा को अपना समर्थन देने की घोषणा करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में बांकीपुर का सर्वांगीण विकास, व्यापारिक हितों की सुरक्षा तथा क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं का और अधिक विस्तार सुनिश्चित होगा। बैठक के दौरान नीरज सिन्हा ने व्यवसायी बंधुओं से संवाद करते हुए कहा कि बांकीपुर की पहचान एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र के रूप में रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनता का आशीर्वाद मिलने पर व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, बेहतर आधारभूत संरचना, सुगम यातायात, सुरक्षा व्यवस्था तथा व्यापार के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

# सोनालीका ने 20 लाख ट्रैक्टर बनाए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने हाल ही में पंजाब के होशियारपुर में स्थित दुनिया के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट से अपने 20 लाखवें ट्रैक्टर का उत्पादन कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी की 30 वर्षों की यात्रा में यह एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है जो किसानों को जीतने का दम देने की उसकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। 1996 में पहला ट्रैक्टर लॉन्च करने वाली सोनालीका आज हर दो मिनट में एक ट्रैक्टर का उत्पादन कर रही है। कंपनी के ट्रैक्टर भारत के किसानों की जरूरतों को पूरा करने के साथ 150 से अधिक देशों में निर्यात किए जाते हैं। कंपनी का कहना है कि उसके प्लांट में ट्रैक्टर निर्माण के लिए आवश्यक सभी प्रमुख पुर्जे 100 प्रतिशत इन-हाउस तैयार किए जाते हैं तथा प्रत्येक ट्रैक्टर को गुणवत्ता और प्रदर्शन के उच्च मानकों पर परखा जाता है। इस अवसर पर इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड के वाइस चेयरमैन डॉ. अमृत सागर मित्तल ने कहा कि 20 लाखवें ट्रैक्टर का उत्पादन किसानों के विश्वास, भारतीय मैन्युफैक्चरिंग क्षमता और 30 वर्षों की मेहनत का प्रतीक है।

# कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में शुरू होगा 'कौशल युवा कार्यक्रम'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा (वैशाली)।** बिहार सरकार द्वारा कौशल विकास से संबंधित नीतिगत निर्णयों एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में हो रही देरी को देखते हुए छात्र हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा ने अपने स्तर पर 'कौशल युवा कार्यक्रम' प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। संस्थान के निदेशक एवं शिक्षाविद् डॉ. आनन्द रंजन झा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना, उनके डिजिटल ज्ञान को बढ़ाना तथा उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकारी निर्णयों में विलंब के कारण विद्यार्थियों का बहुमूल्य समय प्रभावित हो रहा है जिसे देखते हुए संस्थान ने छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखकर यह पहल की है। इस कार्यक्रम का जो पाठ्यक्रम तैयार किया गया है जिसमें प्रमुख रूप से आईटी लिटरेसी, लैंग्वेज स्किल्स, सॉफ्ट स्किल्स, व्यक्तित्व विकास, व्यवहार कुशलता, आत्मविश्वास एवं रोजगार कौशल जैसे विषयों को रखा गया है। डॉ. झा ने कहा कि कैरियर मिशन का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं रोजगार योग्य बनाना है। यह कार्यक्रम तब तक संचालित किया जाएगा जब तक सरकार की ओर से संबंधित नीतिगत निर्णय एवं नियमित प्रशिक्षण व्यवस्था पूरी तरह बहाल नहीं हो जाती। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे अपने भविष्य को ध्यान में रखते हुए समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करें और अपने कौशल का विकास करें, ताकि रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।

# डीएम-एसपी ने किया मांझर कुंड का निरीक्षण, स्वच्छता अभियान के दौरान पर्यटकों के प्रवेश पर रहेगी रोक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रोहतास के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एवं प्राकृतिक धरोहर मांझर कुंड झरना क्षेत्र का रविवार को जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार तथा वन प्रमंडल पदाधिकारी स्टालिन फिडल कुमार ने संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने झरना क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि कुछ लोगों द्वारा मांझर कुंड परिसर में कूड़ा-कचरा फैलाकर प्राकृतिक वातावरण को प्रदूषित किया जा रहा है। इस पर नाराजगी जताते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि मांझर कुंड रोहतास की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है जिसकी स्वच्छता एवं सुंदरता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों से परिसर में कचरा नहीं फैलाने की अपील की। निरीक्षण के दौरान वन क्षेत्र से एक गैस सिलेंडर भी बरामद किया गया। इस पर अधिकारियों ने कड़ा रुख अपनाते हुए वन विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वन क्षेत्र एवं झरना परिसर में गैस चूल्हा जलाना या किसी भी प्रकार की खाना बनाने की गतिविधि पूरी तरह प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि मांझर कुंड प्रवेश चेक नाका पर आने-जाने वाले सभी लोगों की नियमित जांच की जाएगी, ताकि प्रतिबंधित सामग्री को वन क्षेत्र में ले जाने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मांझर कुंड परिसर में व्यापक स्तर पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान पूरे क्षेत्र से कचरे का निष्पादन कर पर्यटक स्थल को व्यवस्थित किया जाएगा। इस अवधि में अभियान को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए पर्यटकों एवं आम लोगों के प्रवेश पर अस्थायी रूप से रोक रहेगी। परिसर के पूरी तरह स्वच्छ एवं सुरक्षित होने के बाद ही आम लोगों के लिए पुनः प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि मांझर कुंड वन्यजीव अभयारण्य (वन सेंचुरी) क्षेत्र का हिस्सा है। यहां की प्राकृतिक धरोहरों का संरक्षण प्रशासन और समाज दोनों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की।

## कांग्रेस को मिला युवा नेतृत्व, गोल्डन पांडे बने प्रखंड अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर के भगवानपुर प्रखंड में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पार्टी ने युवा नेता गोल्डन पांडे को प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। जैसे ही उनकी नियुक्ति की घोषणा हुई, पूरे क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा ने उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया और औपचारिक रूप से पदभार सौंपा। नियुक्ति के मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने गोल्डन पांडे का जोरदार स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान माहौल पूरी तरह उत्साह से भरा रहा और कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत करने का संकल्प भी दोहराया।

## शाहाबाद प्रक्षेत्र के 4 जिलों में 1080 नवनियुक्त सिपाहियों को दिया गया प्रशिक्षण : डीआईजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों में 1080 नवनियुक्त सिपाहियों को बुनियादी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत सभी ने अपने जिला बल में योगदान कर लिया है। शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डीआईजी डा. सत्यप्रकाश , कैमूर में बक्सर जिला बल 146, रोहतास में नालंदा जिला बल 333, बक्सर में गया जिला बल 264, भोजपुर में पटना जिला बल 337 को प्रशिक्षण दिया गया। डीआईजी ने बताया कि वर्ष 2025 में नियुक्त सिपाहियों को कुल 216 घंटे का बुनियादी प्रशिक्षण दिया गया। डीआईजी ने कहा कि नए सिपाहियों को आधुनिक चुनौतियों से निपटने के लिए तकनीक और जनता से बेहतर व्यवहार का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। ताकि कानून-व्यवस्था और मजबूत हो सके। उन्होंने बताया कि आंतरिक विषयों में बिहार का इतिहास, भारतीय संविधान और भारतीय न्याय संहिता की जानकारी दी गई। वही बाह्य विषयों में परेड, विधि-व्यवस्था संधारण, रूट मार्च, आयुध प्रशिक्षण, लांग रेंज पेट्रोलिंग, ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करना, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, थाना प्रशिक्षण, साइबर क्राइम, अपराध नियंत्रण में नई तकनीक का प्रयोग, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और थाने में आगंतुकों से व्यवहार के प्रशिक्षण दिए गए।

# सांसद राजाराम सिंह ने केंद्र व राज्य सरकार पर साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज( रोहतास)।** डुमरांव रोड स्थित काली स्थान परिसर में रविवार को महागठबंधन की ओर से भव्य कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन काराकाट के सांसद राजाराम सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर इं. बिरेन्द्र कुशवाहा ने उपस्थित जनों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए सांसद राजाराम सिंह ने केंद्र एवं बिहार सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश का संविधान खतरे में है और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की साजिश चल रही है। सांसद ने आरोप लगाया कि सरकारी संस्थानों का लगातार निजीकरण किया जा रहा है जिसके



कारण युवाओं के रोजगार के अवसर लगातार घटते जा रहे हैं और आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से परेशान है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन जनता के अधिकारों, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करता रहेगा। अपने संबोधन में सांसद ने रोहतास जिले की लंबित रेल परियोजनाओं का मुद्दा भी उठाया और कहा कि जिले के विकास के लिए रेल कनेक्टिविटी का विस्तार जरूरी है। इसी के साथ उन्होंने सोन कैनाल से जुड़े विकास कार्यों का भी जिक्र करते हुए कहा कि किसानों के हित में इन परियोजनाओं को जल्द पूरा कराना प्राथमिकता है और इन मुद्दों को उन्होंने हाल के दिनों में संसद और संबंधित मंचों पर मजबूती से रखा है। कार्यक्रम का संचालन राजद के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के रामचंद्र नट ने किया जबकि अध्यक्षता इं. कुशवाहा ने की। इस मौके पर राजद के प्रदेश महासचिव डॉ. श्रीनिवास सिंह, पूर्व मुखिया मदन यादव, नन्दजी सिंह, सुप्रिया कुमारी सहित महागठबंधन के कई स्थानीय नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करने का संकल्प लिया।

# अवैध हथियारों के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुड़ासन गांव में हुए सनसनीखेज गोलीकांड का सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मुख्य अभियुक्तों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। भभुआ डीएसपी ओम प्रकाश ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि 9 जुलाई 2026 की शाम करीब 05:30 बजे भभुआ थाना क्षेत्र के कुड़ासन ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में क्रिकेट खेलने के दौरान एक युवक को गोली मार दी गई थी। घटना के बाद घायल युवक को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल, भभुआ ले जाया गया जहां से बेहतर उपचार के लिए डॉक्टरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर, वाराणसी रेफर कर दिया। फिलहाल युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के संबंध में जख्मी युवक के भाई पुनीत तिवारी के लिखित आवेदन के आधार पर भभुआ थाने में धारा 126(2)/115(2)/61(2)/109/3(5) उगट्ट एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, कैमूर के निर्देश पर भभुआ डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था। तकनीकी अनुसंधान और खुफिया सूचनाओं के आधार पर पुलिस टीम ने दोनों नामजद अभियुक्तों गुल्लू तिवारी उर्फ गोलू (पिता रजनीकांत तिवारी) और राहुल तिवारी उर्फ मिथलेश तिवारी (पिता जमुना तिवारी) को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार राहुल की गिरफ्तारी चैनपुर से और गुल्लू की गिरफ्तारी रतवार से हुई है। अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 1 पिस्टल, 1 कट्टा और घटनास्थल से 3 खोखा बरामद किया है। भभुआ डीएसपी ने बताया कि इस वारदात के पीछे दोनों पक्षों के बीच पुराना जमीनी विवाद मुख्य वजह है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जख्मी युवक का भी पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है और दिसंबर 2024 में एक अन्य फायरिंग मामले में उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से आगे की पूछताछ कर रही है। छापेमारी दल में भभुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, जिला आसूचना इकाई के अवधेश कुमार, राकेश कुमार, रवि कुमार और भभुआ थाने के सशस्त्र बल शामिल थे।

## रामपुर में 65 साल पुराने स्कूल की हालत बदहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले के रामपुर प्रखंड के फ्साई पंचायत अंतर्गत बिछियां गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। वर्ष 1960 से संचालित इस विद्यालय को बने 65 साल हो चुके हैं, लेकिन आज तक यहां बाउंड्रीवॉल का निर्माण नहीं हो सका है। नतीजा यह है कि स्कूल परिसर गंदगी, आवारा पशुओं और असामाजिक तत्वों का ठिकाना बन गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि मुख्य सड़क से सटे इस विद्यालय में पढ़ने वाले करीब 100 बच्चों की सुरक्षा भी हर समय खतरे में बनी रहती है।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के प्राचार्य डॉ पुनीत कुमार सिंह, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के अध्यक्ष प्रो डॉ कौल, डॉक्टर नूतन राज, पैथोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ श्रीवास्तव आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सा स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने जनसंख्या की तेजी से हो रही बढ़ोतरी पर चिंता जताई। वक्ताओं ने छात्रों का आहवान किया कि इसके रोकथाम के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को लेकर अवाम को जागरूक करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा शिक्षा छात्रों ने लघु नाटिका के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण को लेकर प्रभावी प्रस्तुति दी।

# रोहतास की बेटी अनुप्रिया भारतीय सेना में बनीं लेफ्टिनेंट डॉक्टर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** नगर परिषद नोखा अंतर्गत कृष्णापुर गांव की बेटी अनुप्रिया ने भारतीय सेना की मेडिकल कोर में लेफ्टिनेंट पद पर कमीशन प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बताया गया कि रंजीत सिंह एवं शशि बला कुमारी की पुत्री अनुप्रिया ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर आर्मी मेडिकल कॉलेज, पुणे से एमबीबीएस की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूरी की। हाल ही में आयोजित पासिंग आउट परेड में उन्हें भारतीय सेना के चिकित्सा अधिकारी के रूप में औपचारिक रूप से कमीशन प्रदान किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर परिजनों के साथ-साथ पूरे नोखा और रोहतास जिले में खुशी की लहर है। कमीशन के बाद अनुप्रिया अब



अगले एक वर्ष तक चंडीगढ़ स्थित मिलिट्री हॉस्पिटल में इंटर्नशिप करेंगी जहां वे विभिन्न विभागों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर सैन्य चिकित्सा सेवाओं की बारीकियों को सीखेंगी। इंटर्नशिप पूर्ण होने के उपरांत वे भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट डॉक्टर के पद पर तैनात होकर देश की सेवा करेंगी और सीमाओं पर तैनात जवानों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी संभालेंगी। सैन्य जीवन की कठिन चुनौतियों के बीच चिकित्सा सेवा के माध्यम से देशसेवा का संकल्प लेने वाली अनुप्रिया की इस उपलब्धि से क्षेत्र की बेटियों को भी प्रेरणा मिली है। उनके माता-पिता ने कहा कि बचपन से ही अनुप्रिया का सपना सेना में जाकर देश की सेवा करना था और आज वह सपना साकार हुआ है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने भी अनुप्रिया की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता नोखा ही नहीं बल्कि पूरे बिहार की बेटियों के लिए एक मिसाल बनेगी।

# प्रार्थना सभा के दौरान छह छात्राएं हुईं अचेत, एक को किया गया रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट प्रखंड स्थित कुशी प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को प्रार्थना सभा के दौरान एक-एक कर छह छात्राएं अचानक अचेत होकर गिर पड़ी जिससे विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। विद्यालय प्रशासन, ग्रामीणों और परिजनों की मदद से सभी छात्राओं को तुरंत काराकाट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोड़ारी पहुंचाया गया जहां उनका उपचार किया गया। सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि चार छात्राओं की जांच में सभी स्वास्थ्य मानक सामान्य पाए गए। उन्हें ओआरएस और प्राथमिक उपचार देने के बाद स्थिति सामान्य होने पर घर भेज दिया गया। इनमें आठवीं कक्षा की छात्रा प्रिया कुमारी को पहले से सीने में दर्द की शिकायत थी। कार्डियक समस्या की आशंका को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। डॉक्टरों ने सभी छात्राओं को नियमित रूप से पौष्टिक भोजन करने की सलाह दी है। घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और छात्राओं का इलाज चिकित्सकों की निगरानी में कराया जा रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पुष्पेंद्र कुमार राय ने बताया कि प्रार्थना के दौरान सबसे पहले एक छात्रा अचेत हुई जिसके बाद गर्मी और भय के कारण अन्य छात्राएं भी बेहोश होने लगीं।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2026/07 दिनांक- 12.07.2026

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2026 BCECE (LE)–2026 [(Engg.) Degree Course] के Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2026/05 दिनांक- 24.06.2026 के क्रम में बिहार राज्य के सरकारी / निजी क्षेत्र के अभियंत्रण संस्थानों में स्नातक अभियंत्रण के विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु आयोजित की जानेवाली Online Counselling के लिए BCECE(LE)-2026 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि **Online Choice Filline / Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(BCECE[LE])-2026/06 दिनांक 12.07.2026 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।** Choice Filling की प्रक्रिया दिनांक 13.07.2026 से प्रारम्भ होगा।

**उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges / Branch भरें।** अगर कोई अभ्यर्थी 1st Round में अपना Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे अभ्यर्थी को दुबारा Choice Filling का मौका नहीं दिया जायेगा।

**परीक्षा नियंत्रक**


# बिहार के मेहतर सेवा संघ चौथे स्थापना दिवस की तैयारी तेज, विभिन्न जिलों के लिए प्रभारी नियुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मेहतर सेवा संघ बिहार के चौथे स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए संगठन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 अगस्त 2026 को डिहरी की पावन धरती पर संघ का चौथा स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। समारोह की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जिलों एवं प्रमंडलों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। संघ द्वारा जारी सूची के अनुसार अखिलेश्वर प्रसाद संयोजक को भोजपुर जिला, प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर राउत को पटना जिला तथा प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू देवी को डिहरी-डालमियानगर शहरी क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। वहीं प्रदेश कोषाध्यक्ष वीर बसंत लाल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राम को बक्सर जिला की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार प्रधान महासचिव राजकुमार राउत को कोशी प्रमंडल, प्रदेश महासचिव मुन्ना कुमार को अरवल जिला, प्रदेश महासचिव अमित आनंद को मुंगेर प्रमंडल के बेगूसराय, लखीसराय एवं शेखपुरा जिलों का प्रभारी बनाया गया है। दिलीप राउत को मुंगेर, जमुई एवं खगड़िया जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश सचिव अशोक राउत को कैमूर जिला, जिला महासचिव रोहतास सह प्रदेश सचिव प्रिय रंजन को रोहतास जिला तथा जिलाध्यक्ष रोहतास शशि कुमार को औरंगाबाद एवं गया जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मेहतर सेवा संघ बिहार के अध्यक्ष मोहन राम ने सभी जिला एवं प्रमंडल प्रभारियों से अपील करते हुए कहा कि वे संगठन के चौथे स्थापना दिवस समारोह को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समारोह को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# शराब मामले में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस, एक हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के करकटपुर गांव के पेट्रोल पंप के ठीक सामने दो सौ मीटर की दूरी पर पुलिस ने शुक्रवार की रात विसेनी कलां गांव निवासी स्व. रामसकल साह के पुत्र विजय सेठ के निर्माणाधीन मकान से लगभग 9 सौ देशी व विदेशी शराब से भरी कार्टन बरामद किया था। विभिन्न कम्पनियों के कुल 8 हजार लीटर शराब की मात्रा पायी गयी। इसी संदर्भ में रविवार को साइबर डीएसपी गौरव यादव ने अकोढ़ीगोला थाना परिसर में शराब मामले का उद्भेदन करते हुए पत्रकारों को जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक शातिर शराब माफिया की गिरफ्तारी हो चुकी है तथा अन्य संलिप्त धंधेबाजों कि गिरफ्तारी के लिए पुलिस की पैनी नजर है। जल्द ही सभी संलिप्त कारोबारियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात मद्य निषेध पटना को गुप्त



सूचना मिली कि अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के कोल्हाई बरुणा गांव में स्थित विजय सेठ के नये बन रहे मकान में शराब कारोबारियों के द्वारा शराब की बड़ी खेप छुपा कर रखी हुई है। वहीं थानाध्यक्ष ने आनन-फानन में उक्त स्थल पर छापेमारी किया तो निर्माणाधीन मकान के गेट से शराब की सैकड़ों पेटियां बाहर से ही दिखाई देने लगी। पुलिस ने मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति कराई। मजिस्ट्रेट की भूमिका प्रखंड कृषि पदाधिकारी बलदाऊ पटेल ने निभाई जिसके बाद गेट का ताला तोड़ा गया तो कुल 9 सौ पेटियों में देशी व विदेशी शराब से भरी हजारों बोतल बरामद की गई। उक्त स्थल से पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में एक लाल रंग का महिन्द्रा ट्रैक्टर व डाला बिना नम्बर का जब्त किया है। संदेह है कि कारोबारी इसी ट्रैक्टर व ट्रॉली से उस रात शराब को निर्माणाधीन मकान तक ले जाने में सफल हुए होंगे। बताते चलें कि ट्रैक्टर के डाला में नीचे एक बड़ी बाक्स बनाई गई थी जिससे शराब की पेटियों को अच्छी तरह से छुपा कर ले जाया जा सके। साईबर डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज थाना क्षेत्र के बांक गांव निवासी नथुनी सेठ के पुत्र प्रिंस कुमार बताया जाता है। जिस पर कई थाने में शराब मामले जैसे प्राथमिकी दर्ज है। प्रिंस पुराना शराब माफिया है। सोने चांदी के दुकान की आड़ में ये तीन चार सहयोगी मिलकर एक सिंडिकेट तरीके काम करते थे। एक आरोपी के गिरफ्तारी के बाद सभी सहयोगी फरार है। स्थानीय लोगों में यह शराब कांड चर्चा का विषय बना हुआ है, उस रात पुलिस की लापरवाही पर उंगलियां उठने से कोई नहीं कतरा रहा है। लोग कहते नहीं थक रहे हैं कि इतनी बड़ी शराब की खेप कहां से आई और आराम से रात भर ढुलाई होता रहा, लेकिन इसकी भनक पुलिस की कानों तक क्यों नहीं पहुंची या इनकी गश्ती उसे रात प्रभावी नहीं थी या सब जानते हुए चुप्पी साधी थी। पुलिस की लापरवाही साफ दिख रही है। यदि गश्ती प्रभावी होती तो शराब माफियाओं के साथ शराब की पूरी खेप व परिवहन में लाए गए वाहन उसी रात आसानी से पकड़ी जा सकती थी।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/07 दिनांक- 12.07.2026

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026 BCECE (PCM / PCB / PCMB)-2026 के संयुक्त मेधासूची के आधार पर सरकारी क्षेत्र के फार्मेसी धारा/ चिकित्सा धारा के पूर्ण सीटों एवं कृषि धारा के 50% सीटों पर तथा BCECE (CBA / PCA / MBA / MCA)-2026 के मेधासूची के आधार पर कृषि धारा के 50% सीटों पर सीट आवंटन / नामांकन हेतु Online Counselling से सम्बन्धित सूचना**

विज्ञापन संख्या-BCECEB(BCECE)-2026/05 दिनांक 24.06.2026 के क्रम में BCECE-(PCM / PCB / PCMB)-2026 की संयुक्त मेधासूची के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी क्षेत्र के फार्मेसी धारा / चिकित्सा धारा के पूर्ण सीटों एवं कृषि धारा की 50% सीटों पर तथा BCECE (CBA / PCA / MBA / MCA)-2026 के मेधासूची के आधार पर कृषि धारा के 50% सीटों पर Online Counselling हेतु BCECE (PCM/ PCB/ PCMB/ CBA/ PCA/ MBA/ MCA)-2026 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / अभिभावकों / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है;

BCECE-2026 के आधार पर विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)- 2026/05 दिनांक- 24.06.2026 द्वारा प्रकाशित मेधासूची (PCM / PCB / PCMB/ CBA/ PCA/ MBA/ MCA) के अभ्यर्थियों का मेधा-सह-विकल्प के आधार पर सीट आवंटन/ नामांकन होगा। Online Counselling की प्रक्रिया दिनांक 19.07.2026 से प्रारम्भ होगी।

Online Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी एवं Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर **विज्ञापन संख्या- BCECEB(BCECE)-2026/06 दिनांक 12.07.2026 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges/ Branches भरें।** अगर कोई अभ्यर्थी अपना Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे अभ्यर्थी दोबारा Choice Filling का मौका नहीं दिया जायेगा।

**परीक्षा नियंत्रक**

# 19.34 लाख की योजनाओं का मंत्री श्रवण कुमार ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर**। ग्रामीण विकास एवं सूचना-जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने रविवार को नगर परिषद राजगीर के वार्ड संख्या 14 स्थित कटारी गांव में 19 लाख 34 हजार 200 रुपये की लागत से निर्मित दो विकास योजनाओं का उद्घाटन किया। मंत्री ने 9 लाख 96 हजार 100 रुपये की लागत से देवी स्थान से महेंद्र के खेत तक ईंट सोलिंग एवं पीसीसी निर्माण कार्य तथा 9 लाख 38 हजार 100 रुपये की लागत से कारू के खेत के आगे तक मिट्टी भराई, ईंट सोलिंग और पीसीसी ढलाई कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि गांवों के विकास के बिना किसी राज्य का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच के अनुरूप मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के माध्यम से गांवों का व्यापक विकास किया गया और उन्हें आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने का कार्य हुआ। आज ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली, नल-जल, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र की एनडीए सरकारें मिलकर विकास योजनाओं को धरातल पर उतार रही हैं। किसान सहित समाज के सभी वर्गों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजगीर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पर्यटन स्थलों के विकास के कारण बिहार में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में विकास कार्यों को गति मिली है और राज्य में शांति एवं कानून-व्यवस्था का वातावरण कायम है। कार्यक्रम में नगर परिषद की सभापति जीरो देवी, जदयू नेता मुन्ना कुमार, सुबेन्द्र राजवंशी, वार्ड पार्षद श्यामदेव राजवंशी, पूर्व नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार चंचूल, अजीत कुमार वर्मा, देवेंद्र कुशवाहा, अजय पासवान, मीरा कुमारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। नूरसराय थाना क्षेत्र के बसोखंधा गांव में रविवार की सुबह खेत पटाने के दौरान करंट की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक स्वर्गीय रामलगन यादव के 45 वर्षीय पुत्र नागमणि प्रसाद है। मृतक के भाई प्रमोद कुमार ने बताया कि नागमणि प्रसाद रविवार सुबह खेत पटवन के लिए गांव के खंधा की ओर गए थे। खेत के पास बिजली का तार काफी नीचे लटका हुआ था। इसी दौरान अचानक तार में करंट प्रवाहित हो गया और वह उसकी चपेट में आ गए। करंट लगते ही वह मौके पर ही गिर पड़े।खेत में काम कर रहे अन्य ग्रामीणों की नजर जब उन पर पड़ी तो वे दौड़कर मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजन तत्काल उन्हें इलाज के लिए बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि क्षेत्र में नीचे लटके बिजली के तार की शिकायत बिजली विभाग से कई बार की गई थी। इसके लिए आवेदन भी दिया गया, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# 20 केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई मद्य निषेध अवर निरीक्षक भर्ती परीक्षा





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा मद्य निषेध अवर निरीक्षक पद पर चयन के लिए आयोजित लिखित परीक्षा रविवार को जिले के 20 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने कन्हाई इंटर विद्यालय, केएलएस कॉलेज और मध्य विद्यालय केंदुआ सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों, अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम तथा दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की तैनाती की समीक्षा की। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की थी। परीक्षा के दौरान लगातार निगरानी रखी गई और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। परीक्षा में कुल 10,056 अभ्यर्थियों को शामिल होना था। इनमें 5,809 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 4,247 अनुपस्थित रहे।

### केंद्रीय विद्यालय संचालन की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

**नवादा**। केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी संचालन की तैयारियों के तहत जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने रविवार को कन्हाई इंटर विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसी को शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह क्रियाशील रखने के साथ सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए गृह रक्षा वाहिनी के जवानों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विद्यालय, नवादा का अस्थायी संचालन कन्हाई इंटर विद्यालय परिसर से किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 1 से 5 तक (प्रत्येक में एक सेक्शन) प्रवेश के लिए ऑफलाइन पंजीकरण 13 से 27 जुलाई तक प्रत्येक कार्यदिवस सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विद्यालय परिसर में किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बावन बूटी को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की जरूरत : डीएम

### डीएम उदिता सिंह ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

### उत्पादों पर क्यूआर कोड और डिजिटल प्रचार पर दिया जोर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बसवनबिगहा में आयोजित बावन बूटी कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी उदिता सिंह ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत हरित पौधा और अंगवस्त्र भेंटकर किया गया। इसमें बुनकरों, शिल्पकारों, नाबार्ड के पदाधिकारियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कहा कि नालंदा की प्रसिद्ध बावन बूटी हस्तशिल्प कला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ना समय की आवश्यकता है। इसके लिए पर्यटन स्थलों पर उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए स्थायी व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्पादों की बिक्री के साथ उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, निर्माण प्रक्रिया, कारीगरों का परिचय और विशेषताओं की जानकारी भी ग्राहकों तक पहुंचनी चाहिए। डीएम ने प्रत्येक बावन बूटी उत्पाद पर क्यूआर कोड लगाने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे खरीदार उत्पाद और उसे तैयार करने वाले कारीगर की पूरी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और इन्फ्लुएंसर्स के माध्यम से इस पारंपरिक शिल्प के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक ने कहा कि जीआई टैग मिलने के बाद सभी बुनकरों को इससे जोड़ा जाएगा, ताकि वे इसका वैधानिक लाभ उठा सकें। उन्होंने बावन बूटी उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री तथा भविष्य में क्षेत्र में धागा उत्पादन इकाई स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में बुनकर प्रतिनिधि नीतू कुमारी, सूरज देव और मणिकांत कुमार ने मार्केटिंग, प्रशिक्षण और स्थायी बाजार उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने अस्पतालों, रेलवे, सरकारी संस्थानों, पर्यटन स्थलों और प्रतिष्ठित होटलों में बावन बूटी उत्पादों की बिक्री और उपयोग सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। इस पर जिलाधिकारी ने सभी व्यवहारिक प्रस्तावों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया।

# नौकरी का झांसा देकर युवतियों को ले जाने वाले गिरोह का भंडाफोड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को नौकरी और अच्छी तनख्वाह का झांसा देकर बाहर ले जाने तथा बाद में फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि एक संगठित गिरोह महिलाओं के माध्यम से किशोरियों और युवतियों को अपने जाल में फंसाकर हजारीबाग ले जाता है। हालांकि, मामले में अब तक थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पीड़ित परिवार के अनुसार करीब 25 दिन पहले सिरदला थाना क्षेत्र की एक युवती उनके घर पहुंची और खुद को उनकी बेटी की सहेली बताया। उसने हजारीबाग के रसुलीगंज में सर्फ पैकिंग के काम और अच्छी तनख्वाह का लालच दिया। परिवार की असहमति के बावजूद वह युवती को अपने साथ ले गई। पीड़ित परिवार में दिव्यांग मां, वृद्ध पिता और छह बेटियां हैं तथा परिवार जंगल से ढिबरा चुनकर जीविकोपार्जन करता है। पीड़िता ने बताया कि हजारीबाग पहुंचने के कुछ दिनों बाद उन्हें बाहर निकलने से रोक दिया गया और निगरानी में रखा जाने लगा। बीच-बीच में गिरोह के सदस्य परिजनों से फोन पर बात कराते थे। बाद में परिजनों से युवती को छोड़ने के बदले 80 हजार रुपये की मांग की गई। युवती ने बताया कि मोबाइल ठीक कराने के बहाने बाजार जाने का अवसर मिलने पर उसने एक मोबाइल दुकानदार को पूरी घटना की जानकारी दी। दुकानदार ने सूझबूझ दिखाते हुए गिरोह के लोगों को बातचीत में उलझाए रखा, जबकि परिजनों को सूचना दे दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और युवती को सकुशल घर ले आए। पीड़िता का दावा है कि जिस स्थान पर उसे रखा गया था, वहां करीब 20 लड़कियां थीं। इनमें से सात किसी तरह भागने में सफल हुई थीं। उसने यह भी बताया कि गया जिले की एक अन्य युवती ने भी उनके साथ चलने की गुहार लगाई, लेकिन पुलिस कार्रवाई की आशंका के कारण परिजन उसे साथ नहीं ला सके।

# 10 एकड़ जमीन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने, प्रशासन ने शुरू कराई नापी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र की फरका बुजुर्ग पंचायत के गागन खुर्द गांव में नदी किनारे स्थित करीब 10 एकड़ भूमि को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद गहरा गया है। एक पक्ष इस भूमि को वर्षों पुराना खेल मैदान, चारागाह और सार्वजनिक उपयोग की जमीन बता रहा है, जबकि दूसरा पक्ष इसे बंदोबस्ती की जमीन बताते हुए वैध पर्चाधारी होने का दावा कर रहा है। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने प्रशासन को आवेदन दिया है। विवाद को देखते हुए अंचल प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में जमीन की नापी शुरू करा दी है। गांव के दशरथ यादव, अखिलेश कुमार, सिंटू यादव, दीपक कुमार, महेश कुमार, किशुन यादव, राधेश्याम यादव, युवराज यादव, कपिल यादव सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित भूमि का उपयोग पूर्वजों के समय से खेल मैदान, चारागाह और ग्रामीणों के विश्राम स्थल के रूप में होता रहा है। उनका आरोप है कि कुछ लोगों ने इस जमीन पर अतिक्रमण कर खेती शुरू कर दी है तथा यहां से रात के समय अवैध रूप से बालू का उठाव भी किया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में भूमि की आंशिक नापी हुई थी, लेकिन बारिश के कारण शेष कार्य पूरा नहीं हो सका। वहीं दूसरे पक्ष के लव कुमार यादव ने बताया कि पुराने सर्वे में प्लॉट संख्या 326 की भूमि का विधिवत बंदोबस्ती किया गया था और कई लोगों को पर्चा निर्गत है। उनका कहना है कि संबंधित पर्चाधारी अपनी-अपनी भूमि पर काबिज हैं और कुछ लोग निजी विवाद के कारण बंदोबस्ती वाली जमीन को सरकारी भूमि बताकर विवाद खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। दूसरे पक्ष के लालू कुमार ने भी दावा किया कि गांव की परती भूमि आज भी सुरक्षित है, जहां बजरंगबली का ध्वज और प्रतिमा स्थापित है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग विवादित क्षेत्र से अवैध रूप से बालू और धुसा का उठाव कर रहे हैं। साथ ही खाता संख्या 52 के प्लॉट संख्या 664 स्थित बांध की सार्वजनिक भूमि पर अवैध निर्माण की भी जांच कराने की मांग की।

# कीचड़ में डूबा रामचंद्रपुर बाजार समिति परिसर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। स्मार्ट सिटी बनने के दावों के बीच शहर की सबसे बड़ी मंडियों में शामिल रामचंद्रपुर बाजार समिति की बदहाल स्थिति सवाल खड़े कर रही है। दो-तीन दिनों की बारिश के बाद पूरा बाजार परिसर घुटनों तक बदबूदार पानी और कीचड़ से भर गया है। व्यापारी गंदे पानी में उतरकर अपनी दुकानों और लाखों रुपये की पूंजी को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि ग्राहक हाथों में चप्पल लेकर नंगे पैर पानी के बीच से गुजरकर खरीदारी करने को मजबूर हैं। व्यापारियों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के मौसम में यही स्थिति बन जाती है। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हल्की बारिश में भी पूरा बाजार तालाब में तब्दील हो जाता है। नालियों का गंदा पानी सड़कों पर फैलने से बदबू और गंदगी के बीच कारोबार करना उनकी मजबूरी बन गई है। किसान भी अपनी उपज बेचने के लिए इसी जलजमाव से होकर बाजार पहुंच रहे हैं। दुकानदारों का आरोप है कि नगर निगम, जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकला। उनका कहना है कि नालों की सफाई केवल कागजों तक सीमित रहती है, जिसके कारण हर बारिश में बाजार के हालात नारकीय हो जाते हैं। जलजमाव के कारण ग्राहकों की संख्या भी घट रही है। कई लोग गंदगी देखकर बिना खरीदारी किए लौट जाते हैं, जिससे व्यापारियों को प्रतिदिन आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं, खुले में जमा गंदा पानी मच्छरों के प्रकोप को बढ़ा रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया और डायरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय व्यापारियों और किसानों ने बाजार समिति में स्थायी जलनिकासी व्यवस्था, नियमित सफाई और क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत की मांग करते हुए प्रशासन से अविलंब कार्रवाई की अपील की है।

# मनमाने होल्डिंग टैक्स वृद्धि के विरोध में आंदोलन की तैयारी, पूर्व पार्षदों ने बनाई रणनीति



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हिसुआ (नवादा)**। नगर परिषद क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स में कथित मनमानी वृद्धि को लेकर नगर के पूर्व पार्षदों एवं समाजसेवियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुख्य पार्षद दिलीप कुमार ने की। बैठक में नगर परिषद द्वारा बढ़ाए गए होल्डिंग टैक्स का कड़ा विरोध करते हुए इसे आम जनता पर आर्थिक बोझ बताया गया। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बिना उचित आधार के मकानों पर होल्डिंग टैक्स में लगभग पांच गुना तक वृद्धि कर दी गई है। इससे नगरवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना था कि बढ़े हुए टैक्स के कारण मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि बढ़ा हुआ होल्डिंग टैक्स वापस नहीं लिया गया तो इसके विरोध में चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। आंदोलन के तहत पहले जनजागरण अभियान, फिर ज्ञापन सौंपने और आवश्यकता पड़ने पर धरना-प्रदर्शन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पूर्व पार्षदों ने कहा कि यह लड़ाई नगर की आम जनता के हितों की रक्षा के लिए लड़ी जाएगी और मनमानी टैक्स वृद्धि को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में रामकरण पासवान, निरंजू मिश्रा, अशोक चौधरी, पवन गुप्ता, पप्पू राजवंशी, नवीन कुमार, जितेंद्र कुमार, मनोज कुमार एवं वरुण कुमार गांधी सहित कई समाजसेवी और पूर्व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर नगर परिषद से होल्डिंग टैक्स वृद्धि के निर्णय पर पुनर्विचार करने तथा जनता को राहत देने की मांग की।

# लायंस क्लब ऑफ नालंदा ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का संकल्प




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लायंस क्लब ऑफ नालंदा द्वारा रविवार को रहुई रोड स्थित मोगल कुआं के निकट सागर हॉस्पिटल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब के सदस्यों ने महोगनी एवं नीम के कई पौधे लगाए तथा उनकी सुरक्षा के लिए बांस की घेराबंदी भी की। कार्यक्रम में गो ग्रीन, गो हेल्दी और बिलीव्स इन टीम वर्क के संदेश के साथ उपस्थित सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि एक वृक्ष मां के समान होता है। उन्होंने कहा कि महोगनी और नीम जैसे वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध रखने के साथ-साथ आने वाली पीढियों के लिए भी अमूल्य धरोहर हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने की। प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लायन राकेश कुमार बर्नवाल रहे। कार्यक्रम में डॉ. राजीव कुमार, दिवाकर सिंह, रविशंकर कुमार गुप्ता, सुशील कुमार, मुकेश कुमार मेहता, मोहम्मद कजाफी, प्रो. संजय कुमार, राज रोशन, अर्ष राज सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि उनके नेतृत्व में क्लब लगातार सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नालंदा को हरा-भरा बनाना क्लब का प्रमुख उद्देश्य है। आने वाले समय में भी रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, वृक्षारोपण एवं अन्य जनसेवा कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

# नवाचारी शिक्षकों को मिलेगा सम्मान, 16 अगस्त को डायट नालंदा में होगा कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले के सरकारी विद्यालयों में नवाचार के माध्यम से समर्पित होकर उत्कृष्ट कार्य करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने वाले शिक्षकों को जिला स्तर पर पहचान दिलाने और सम्मानित करने के उद्देश्य से 16 अगस्त 2026 को सम्मान समारोह-2026 का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय टीबीटी मंच नालंदा द्वारा लिया गया है। कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), नूरसराय के सभागार में होगा। इसके लिए टीबीटी मंच ने प्राचार्य, डायट नालंदा से अनुमति प्राप्त कर ली है।टीबीटी मंच नालंदा के जिलाध्यक्ष शंभु कुमार ने कहा कि इस पहल से शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आएगा और नवाचार को बढ़ावा मिलने के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में नई क्रांति का मार्ग प्रशस्त होगा।जिला सचिव मनोज कुमार ने बताया कि कोरोना काल से ही पिछले लगभग छह वर्षों से टीबीटी मंच के सदस्य नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से पूरे बिहार में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने और शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक एवं क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शशिप्रभा सिन्हा, जिला उप सचिव अरमाना मैडम, पटना प्रमंडल सचिव मृणालिनी मैडम, पटना उप सचिव सीमा कुमारी तथा बीपीएनपी शिक्षक संघ के जिला प्रभारी रितेश कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# फुलवरिया डैम मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया का अनुमंडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण, आज रात तक आवागमन एवं जलापूर्ति बहाल करने के निर्देश




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। रजौली प्रखंड अंतर्गत हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम जाने वाले मार्ग पर बनी पुरानी पुलिया क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन के द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया तथा आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि सिंचाई प्रमंडल,रजौली एवं रेलवे के समन्वय से क्षतिग्रस्त स्थल पर ह्यूम पाइप लगाकर आज रात्रि तक आवागमन बहाल करने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की जलापूर्ति पाइपलाइन को आवश्यक तकनीकी सपोर्ट प्रदान कर बहुउद्देशीय नल-जल योजना के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति भी शीघ्र बहाल की जाएगी।

## एक नजर

### घर में घुसकर व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**बिहारशरीफ**। जिले के छबिलापुर थाना क्षेत्र के केसरी बिगहा गांव में बेखौफ बदमाशों ने घर में घुसकर सो रहे एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही छबिलापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान केसरी बिगहा गांव निवासी साजो गोप के 45 वर्षीय पुत्र छोटे यादव के रूप में हुई है। मृतक के भाई सुनील यादव ने बताया कि गांव में लंबे समय से साल 2019 से पुरानी चुनावी रंजिश और वर्चस्व को लेकर विवाद चला आ रहा था। इसी विवाद के कारण हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले भी उनके भतीजे रवि कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। परिजनों ने इस घटना को पुरानी दुश्मनी से जोड़ते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। राजगीर अनुमंडल के डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि 11 जुलाई की देर रात सूचना मिली कि केसरी बिगहा गांव में घर के अंदर सो रहे एक व्यक्ति की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस के साथ वरीय अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी।डीएसपी ने बताया कि घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र करने के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ मानवीय सूचना तंत्र के आधार पर भी जांच कर रही है, ताकि घटना में शामिल अपराधियों की जल्द पहचान की जा सके।उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ के सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है ।

### साइबर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**बिहारशरीफ**। साइबर पुलिस पोर्टल से प्राप्त संदिग्ध मोबाइल नंबरों के आधार पर कार्रवाई करते हुए नालंदा साइबर थाना पुलिस ने मानपुर थाना क्षेत्र के सरबहदी गांव से साइबर ठगी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित व्हाट्सएप के माध्यम से खुद को बजाज फाइनेंस का एजेंट बताकर लोगों को लोन दिलाने का झांसा देते थे और भोले-भाले लोगों से ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सरबहदी गांव निवासी रामवरण कुमार पिता-सुरेंद्र प्रसाद तथा राजीव प्रसाद पिता रामप्रवेश प्रसाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार साइबर पुलिस पोर्टल से मिले संदिग्ध मोबाइल नंबरों की जांच के बाद दोनों की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में नालंदा साइबर थाना कांड संख्या 182/26 दर्ज किया गया है।

### पुलिस पर पथराव-फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**नगरनौसा**। नगरनौसा डिग्री कॉलेज को लेकर हुए विवाद के दौरान पुलिस पर पथराव और फायरिंग के मामले में नगरनौसा पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर रही है, जबकि मामले में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि डिग्री कॉलेज विवाद के दौरान हुई हिंसक घटना में पुलिस पर पथराव किया गया था तथा फायरिंग का भी मामला दर्ज किया गया है। मामले में वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार के साथ उपद्रव के दौरान ड्रोन कैमरे से बनाए गए वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल किसी भी आरोपित को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गिरफ्तार लोगों में नगरनौसा निवासी दिनेश प्रसाद के पुत्र दीपक कुमार एवं अर्जुन साव के पुत्र विक्रम कुमार शामिल है।गौरतलब है कि 18 जून को डिग्री कॉलेज को लेकर हुए विवाद के दौरान स्थिति अचानक हिंसक हो गई थी। पुलिस फरार आरोपितों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### गैस सिलेंडर से लगी आग, हजारों का नुकसान



**कौआकोल**। कौआकोल बाजार स्थित कोऑपरेटिव बैंक के समीप भोला साव के घर में रविवार को गैस सिलेंडर से जुड़े चूल्हे में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे किचन को अपनी चपेट में ले लिया,जिससे किचन में रखा फ्रीज सहित अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग बुझाने के दौरान भोला साव के पुत्र जितेन्द्र कुमार आंशिक रूप से झुलस गए। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समाजसेवी एवं स्थानीय ग्रामीण आयुष कुमार ने बताया कि ग्रामीणों और अग्निशमन विभाग की तत्परता से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। यदि आग पर समय रहते नियंत्रण नहीं पाया जाता,तो आसपास के घर भी इसकी चपेट में आ सकते थे और एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

### भोरमबाग मलाही पुल के दोनों किनारों की स्थिति जर्जर

**कौआकोल**। कौआकोल प्रखण्ड के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत भोरमबाग–मलाही पथ पर बनें पुल के दोनों किनारों की स्थिति इन दिनों काफी जर्जर हो चुकी है,जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल निर्माण के दौरान बारिश एवं जल निकासी के लिए नीचे सुरंग (ड्रेनेज) बनाई गई थी,लेकिन आज तक संवेदक द्वारा उसे नहीं खोला गया है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में पानी का दबाव बढ़ने और पुल के आसपास कटाव होने की आशंका बनी रहती है। पुल के दोनों ओर सड़क भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से अविलंब पुल के दोनों किनारों की मरम्मत कराने तथा जल निकासी के लिए बनाई गई सुरंग को खोलने की मांग की है,ताकि संभावित हादसे को टाला जा सके और लोगों की आवाजाही सुरक्षित बनी रहे।

# आहर से अतिक्रमण हटाने के लिए चला प्रशासन का बुलडोजर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बेलागंज थाना क्षेत्र के कन्हील गांव में रविवार को प्रशासन ने आहार पर किए गए वर्षों पुराने अतिक्रमण को हटाने के लिए बुलडोजर चलाया। डीएम के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान के दौरान पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस कार्रवाई के दौरान जिला मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की गई जिससे अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। अंचलाधिकारी सुधीर तिवारी ने बताया कि कन्हील गांव के आहार पर लंबे समय से अवैध अतिक्रमण किया गया था। इस मामले को लेकर कई वर्षों से प्रशासनिक प्रक्रिया चल रही थी। सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद रविवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि और जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि आम लोगों को उसका लाभ मिल सके। अभियान के दौरान प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से आहार की जमीन से अवैध कब्जा हटाया। पूरे अभियान के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार के विरोध या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। प्रशासन ने शांतिपूर्ण तरीके से कार्रवाई पूरी की। अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर बेलागंज थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी, राजस्व पदाधिकारी रोशन कुमार सहित अंचल एवं पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी तथा पुलिस बल मौजूद रहे।

## दो हाइवा की टक्कर में दोनों चालक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** गया-गोह मुख्य मार्ग पर रविवार को कोंच प्रखंड कार्यालय के समीप दो हाइवा की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार विपरीत दिशा से आ रही दोनों हाइवा तेज गति से थीं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह चकनाचूर हो गए। आवाज सुनकर आसपास के लोग और दुकानदार मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर कोंच थाना पुलिस और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे दोनों चालकों को बाहर निकाला। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया रेफर कर दिया। हादसे के समय सड़क पर राहगीरों का आना-जाना लगा था।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आंती बाजार में निजी संस्थान का किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखण्ड के आंती बाजार में रविवार को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार का आगमन हुआ। वे यहां एक निजी संस्थान के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संस्थान के लोगों ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# ई-रिक्शा चालक के खाते में दिखे 7.59 अरब रुपये, बैंक ने लेन-देन पर लगाई रोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र स्थित बागेश्वरी मोहल्ले में उस समय सनसनी फैल गई जब ई-रिक्शा चालक शिव कुमार पटेल के बैंक खाते में अचानक 7,59,69,51,951.16 रुपये (करीब 7.59 अरब रुपये) उपलब्ध शेष राशि के रूप में दिखाई देने लगे। इतनी बड़ी रकम का संदेश मोबाइल पर आते ही परिवार और मोहल्ले में चर्चा का माहौल बन गया। शिव कुमार पटेल एक साधारण परिवार से हैं और ई-रिक्शा चलाकर जीविका चलाते हैं। वे सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत वृद्धावस्था पेंशन भी प्राप्त करते हैं। शनिवार को वे बागेश्वरी स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र पर पेंशन की राशि निकालने पहुंचे। बायोमेट्रिक माध्यम से एक हजार रुपये की निकासी के तुरंत बाद उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर खाते में उपलब्ध शेष राशि का संदेश आया जिसमें 7,59,69,51,951.16 रुपये दर्शाए गए। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक की नजर जब इस राशि पर पड़ी तो वह भी हैरान रह गया और इसकी जानकारी शिव कुमार पटेल को दी। देखते ही देखते यह खबर पूरे इलाके में फैल गई। हालांकि अचानक इतनी बड़ी राशि दिखाई देने से परिवार उत्साहित होने के बजाय असमंजस और चिंता में है। घटना की जानकारी मिलने के बाद शिव कुमार पटेल ने पड़ोसी की मदद से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की स्टेशन रोड शाखा के प्रबंधक से संपर्क किया। दूसरा शनिवार और रविवार होने के कारण बैंक बंद था। शाखा प्रबंधक ने उन्हें फिलहाल खाते से किसी भी प्रकार का लेन-देन नहीं करने और मोबाइल से किसी तरह की छेड़छाड़ से बचने का निर्देश दिया है। बैंक प्रबंधन ने शिव कुमार पटेल को सोमवार को शाखा में बुलाया है। इसके बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह करोड़ों-अरबों रुपये का बैलेंस किसी तकनीकी गड़बड़ी का परिणाम है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। फिलहाल यह मामला पूरे गया शहर में चर्चा और कौतूहल का विषय बना हुआ है।

# अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज में पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिंह की मनाई गई जयंती



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के बी.एड. विभाग के सभागार में रविवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता सेनानी एवं मगध विश्वविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय सत्येंद्र नारायण सिंह की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. नजीर अख्तर, बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. मानिक मोहन शुक्ला, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों द्वारा स्वर्गीय सत्येंद्र नारायण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. मो. नजीर अख्तर ने कहा कि सत्येंद्र नारायण सिंह एक युगपुरुष थे। उन्हें स्नेहपूर्वक 'छोटे साहब' के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी, बिहार के मुख्यमंत्री तथा विभिन्न महत्वपूर्ण संवैधानिक एवं सार्वजनिक पदों पर रहते हुए राज्य के विकास और जनसेवा में उल्लेखनीय योगदान दिया। बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. मानिक मोहन शुक्ला ने कहा कि सत्येंद्र नारायण सिंह का जीवन केवल बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपने कार्यकाल में अनेक शिक्षण संस्थानों की स्थापना कर शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। उनका त्याग, व्यक्तित्व और शिक्षा के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। वहीं डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सत्येंद्र बाबू महान शिक्षाविद, स्वतंत्रता आंदोलन के प्रखर सेनानी और संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री थे। उनकी दूरदर्शी सोच, त्याग, करुणा, दया और प्रेम की भावना आज भी समाज को लोककल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे युगपुरुष को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी सत्येंद्र नारायण सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बी.एड. विभाग के सदस्य उपस्थित रहे।

## महुआ शराब बरामद, दो मवेशी चोर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना पुलिस ने मवेशी चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए रविवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान छह लीटर महुआ शराब भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान टिकारी थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी छोटू कुमार और सुजीत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों पर मवेशी चोरी का आरोप है। थानाध्यक्ष ने बताया कि धरहरा गांव के पूरब स्थित एक बगीचे में गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई। वहां से छह लीटर महुआ शराब बरामद की गई, लेकिन शराब मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पुलिस ने दोनों आरोपितों को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए टिकारी थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।

# छापेमारी में वारंटी समेत सात आरोपित गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बेलागंज थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रविवार को थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि अपराध नियंत्रण और वारंट के निष्पादन को लेकर लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में राजेश मांझी, जयप्रकाश कुमार, ओम प्रकाश साव, छोटू कुमार, नंदकिशोर यादव और विल्टु यादव शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कुर्की वारंटी, न्यायालय से निर्गत वारंटी तथा शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपित व्यक्ति शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है जिसकी कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के फरार अपराधियों और वारंटियों के बीच हड़कंप का माहौल है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने कहा कि गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बेलागंज थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, वारंटियों की गिरफ्तारी तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अपराधियों और फरार वारंटियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि क्षेत्र में शांति एवं कानून का राज कायम रहे।

# कोंच में जदयू के नये प्रखण्ड कार्यालय का उद्घाटन

### बूथ से प्रखण्ड तक संगठन मजबूत करने का संकल्प



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** गोह-गया मुख्य पथ पर बहादुरपुर गांव में रविवार को जदयू के प्रखण्ड कार्यालय का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यालय का उद्घाटन जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष हरेंद्र दांगी ने की। इस दौरान प्रखण्ड अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया। उद्घाटन के बाद आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को हर पंचायत स्तर तक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने सभी पंचायतों में पंचायत अध्यक्ष एवं प्रखण्ड कमिटी का गठन जल्द पूरा करने पर बल दिया। जिलाध्यक्ष ने प्रखण्ड स्तर तक की समस्याओं के निदान की जिम्मेदारी प्रखण्ड अध्यक्ष को सौंपी और कहा कि यदि समाधान नहीं हो तो मामले को जिला स्तर तक लाया जाए। इस अवसर पर प्रखण्ड अध्यक्ष हरेंद्र दांगी ने कहा हम पार्टी को बूथ स्तर से लेकर प्रखण्ड स्तर तक मजबूत करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदर्शों पर चलते हुए निशांत कुमार के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लेते हैं। कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में अलेक्जेंडर खान, रिंकू कुमारी, कुंडल वर्मा, अरविंद वर्मा, सोनम दास, शंभू सिंह, शंकर चौधरी, सरस्वती देवी सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मानपुर सिक्स लेन पुल पर जाम से लोग परेशान, स्थायी समाधान की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** शहर में लगातार लगने वाले भीषण जाम से आम लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर मानपुर सिक्स लेन पुल पर यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ने से घंटों वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे पर युवा सामाजिक कार्यकर्ता तथा विशाल प्राइवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया के ट्रस्टी ए. पी. ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि शहरवासी वर्षों से इस समस्या का सामना कर रहे हैं, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। उनका कहना है कि प्रशासन की अनदेखी और प्रभावी यातायात प्रबंधन के अभाव में लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में घंटों का समय लग रहा है। उन्होंने कहा कि जाम के कारण विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और आम यात्रियों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने वाले वाहन भी जाम में फंस जाते हैं जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है। युवा सामाजिक कार्यकर्ता ने जिला प्रशासन से मांग की कि मानपुर सिक्स लेन पुल और आसपास के क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था का व्यापक अध्ययन कर तत्काल प्रभाव से ठोस और स्थायी समाधान लागू किया जाए। उनका कहना है कि नियमित यातायात प्रबंधन, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और वैज्ञानिक यातायात योजना के माध्यम से ही इस समस्या से स्थायी राहत मिल सकती है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो शहर में बढ़ते वाहनों के दबाव के कारण यह समस्या और विकराल हो सकती है।

# उत्तर कोयल नहर के अंतिम छोर तक पानी के लिए आंदोलन करेगा मोर्चा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गुरारू।** उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा, मगध की केंद्रीय कमिटी की बैठक रविवार को इसमाइलपुर स्थित बी.पी.एस. कोचिंग सेंटर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नंदलाल सिंह ने की। बैठक में नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के लिए सघन आंदोलन चलाने पर सहमति बनी। इसके तहत पहले नहर का निरीक्षण और विभागीय अधिकारियों से वार्ता का निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार 13 जुलाई 2026 को नहर का निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद 15 जुलाई को उत्तर कोयल नहर के मुख्य अभियंता से डेलीगेशन होगा। डेलीगेशन के बाद चेई, नवादा, कोटवारा और अंगरा कैनाल में पानी देने का कार्यक्रम तय किया जाएगा। बैठक में मोर्चा के सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में मुख्य संरक्षक जयनंदन शर्मा, सचिव सह गुरारु उत्तरी के जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद के अलावा अशोक यादव, उपेंद्र यादव, राम प्रवेश सिंह, किशोरी मोहन, विनय सक्सेना, देवलाल सिंह, एल.के. बिंदु, गिरिजेश यादव, सुंदर देव यादव, हीरालाल सिंह, ब्रहमदेव यादव, राम विजय यादव, मुन्ना प्रसाद, सुखींद्र कुमार, कृष्णा सिंह, रामाशीष यादव, धनेश यादव, झखुरी यादव और रामचन्द्र साधूजी उपस्थित थे।

# शेरघाटी के फैमली हॉस्पिटल की सील खोलने की मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** शेरघाटी स्थित गोला बाजार के फैमली हॉस्पिटल, सोमाली का सील खोलने की अनुमति असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (सीएस) ने दे दी है। इस संबंध में छह जुलाई 2026 को अनुमंडलीय अस्पताल, शेरघाटी के उपाधीक्षक को पत्र जारी किया गया है। पत्र के अनुसार फैमली हॉस्पिटल को 26 मई 2026 को बिना वैध निबंधन के नर्सिंग होम संचालित करने के आरोप में सील किया गया था। मामले की जांच के बाद गठित त्रिसदस्यीय समिति ने अस्पताल पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। सीएस कार्यालय के अनुसार अस्पताल के संचालक मो. सफरूद्दीन ने 50 हजार रुपये का बैंक ड्राफ्ट जमा कर दिया है। इसके साथ ही प्रथम श्रेणी के दंडाधिकारी के समक्ष शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है जिसमें भविष्य में बिना वैध लाइसेंस या निबंधन के नर्सिंग होम का संचालन नहीं करने का वचन दिया गया है।

# तरवां बाजार में जलजमाव से लोगों की बढ़ी परेशानी, सड़क पर उतरे ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** जिले के तरवां बाजार में नाला जाम होने से सड़क पर जलजमाव की समस्या गंभीर हो गई है। नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर प्रशासन और विधायक से नाला निर्माण व स्थायी समाधान की मांग की। वजीरगंज-फतेहपुर मुख्य मार्ग स्थित तरवां बाजार में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के समीप नाला जाम रहने के कारण सड़क पर स्थायी जलजमाव हो गया है। वहीं सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में गंदा पानी भरा रहने से राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के साथ ही स्थिति और गंभीर हो गई है तथा कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शनिवार को समस्या के विरोध में स्थानीय ग्रामीण सड़क पर जुटे और प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की। सरपंच प्रतिनिधि क्रांतिवीर शर्मा ने बताया कि तरवां बाजार गया व नवादा जिले के साथ चार प्रखंडों के दर्जनों गांवों का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है। प्रतिदिन हजारों लोग खरीदारी, पढ़ाई और अन्य कार्यों से यहां पहुंचते हैं। बाजार में केदारनाथ उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, कई निजी शिक्षण संस्थान, खेल स्टेडियम व पुलिस टीओपी भी हैं, लेकिन वर्षों से जलनिकासी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने बताया कि पहली ही बारिश में सड़क जगह-जगह धंस गई है और गहरे गड्ढों में पानी जमा रहने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है जिससे संक्रामक बीमारियों की आशंका बनी हुई है। लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन के माध्यम से वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह से भी सड़क और नाला निर्माण की मांग की गई थी। इस प्रदर्शन में सदन प्रसाद, संजय कुमार, मिस्टर जियाउद्दीन, धर्मदेव प्रसाद, अशोक लाल, जगरूप यादव, डॉ. बालकृष्ण प्रसाद, राजू अंसारी, मो. आरिफ, विजय वर्मा, पप्पू लाल एवं सहदेव साव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने प्रशासन से जाम नालियों की सफाई, आरसीसी नाली व पुलिया निर्माण तथा सड़क की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत जल्द कराने की मांग की है।

## टिकारी में जदयू प्रखंड सह नगर कार्यालय का उद्घाटन, संगठन मजबूत करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** जनता दल (यू) टिकारी प्रखंड इकाई की ओर से रविवार को शहर के कॉलेज मोड़ स्थित नए प्रखंड सह नगर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। जदयू प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने आमंत्रित अतिथियों की मौजूदगी में फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी कार्यकर्ता की कोई समस्या हो तो उसे पंचायत, बूथ और प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों तक पहुंचाएं, आवश्यकता पड़ने पर जिला एवं प्रदेश नेतृत्व तक भी मामला ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी जनहित के कार्य को लेकर प्रखंड अध्यक्ष के साथ अधिकारी सहयोग नहीं करते हैं या अनावश्यक रौब दिखाते हैं तो इसकी जानकारी पार्टी नेतृत्व को दें, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। जिलाध्यक्ष ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आहवान किया। उद्घाटन समारोह में जदयू के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर से खेतों की तैयारी में जुटे किसान, अच्छी फसल की उम्मीद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** मानसून की अनुकूल स्थिति के बीच प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में किसान खरीफ फसलों की तैयारी में पूरी तरह जुट गए हैं। खेतों में ट्रैक्टर से जुताई का कार्य तेजी से चल रहा है, ताकि समय पर धान की बुवाई और रोपाई की जा सके। प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में किसानों को ट्रैक्टर से खेत तैयार करते देखा गया। किसान बताते हैं कि समय पर जुताई और पर्याप्त वर्षा होने से इस वर्ष अच्छी पैदावार की उम्मीद है। खेतों की तैयारी के साथ-साथ किसान बीज और उर्वरक की व्यवस्था भी कर रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि खरीफ मौसम में समय पर खेत की तैयारी और संतुलित खाद के प्रयोग से उत्पादन में वृद्धि होती है। किसानों ने सरकार से नहरों में नियमित सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने और पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि खेती प्रभावित न हो। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मौसम अनुकूल रहा और सिंचाई की व्यवस्था बेहतर रही तो इस वर्ष धान की अच्छी फसल होने की पूरी संभावना है।

## भेटौरा पंचायत के विकास की मांग तेज

**गया।** टनकुप्पा प्रखंड की भेटौरा पंचायत में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की मांग अब विधानसभा तक पहुंच गई है। पंचायत के मुखिया दिलीप प्रसाद यादव ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार को ज्ञापन सौंपकर पंचायत की वर्षों पुरानी विकास संबंधी मांगों पर शीघ्र पहल करने का अनुरोध किया। ज्ञापन में सड़क, पुल -पुलिया और रेलवे अंडर पास निर्माण को प्राथमिकता देने की मांग की गई है।


## विज्ञापन

विज्ञापन सं.-01/ बेरकप / 2026 दिनांक- 11.07.2026

| | |
|---|---|
| **आवेदन की अंतिम तिथि** | :- 20/07/2026 |
| **पद** | :- बेरकप पैक्स में प्रबंधक |
| **पद की संख्या** | :- 01 |
| **योग्यता** | :- स्नातक / समकक्ष तथा कम्प्यूटर प्रशिक्षित (Tally सहित) |
| **आयु** | :- 18 वर्ष से 45 वर्ष |

**नोटः-** अधिनियम / नियमावली / उपविधि में निहित प्रावधान एवं शर्त मान्य होंगे।

विशेष जानकारी हेतु समिति से संपर्क किया जा सकता है।8

**अध्यक्ष**
**बेरकप पैक्स**
**प्रखण्ड- डिहरी, जिला-रोहतास**



## शपथ पत्र

कारू सिंह उर्फ योगेन्द्र सिंह पिता राजनन्दन सिंह ग्राम-टिकरी पो. नगवां गढ़, थाना गुरूआ, जिला गया, बिहार का निवासी हूं तथा शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान देता हूं कि मैं भारतीय नागरिक हूं मेरा आधार नं. 2700 3126 9688 है। मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम कारू सिंह है जबकि मेरे पुत्र के पैन कार्ड में मेरा नाम योगेन्द्र सिंह है।

कारू सिंह उर्फ योगेन्द्र सिंह, पिता राजनन्दन सिंह दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। मैं कारू सिंह उर्फ योगेन्द्र सिंह दोनों नाम से जाना पहचाना जाता हूं।

कारू सिंह उर्फ योगेन्द्र सिंह दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो मैं ही हूं इस नाम एवं पता का मेरे अलावा कोई दूसरा व्यक्ति मेरे गांव में नहीं है।

कारू सिंह उर्फ योगेन्द्र सिंह दोनों एक ही व्यक्ति का नाम होने के आलोक में इस शपथ पत्र को निष्पादित कर रहा हूं। मैं कारू सिंह उर्फ योगेन्द्र सिंह पुनः शपथ पूर्वक घोषणा करता है कि पारा 1 से 6 तक वर्णित तथ्य मेरे जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 7460 दिनांक 26.02.26

**शपथकर्ता**
**कारू सिंह उर्फ योगेन्द्र सिंह**

संपादकीय

# पंजाब : कांग्रेस में गुटबाजी थमेगी?

पंजाब में चरणजीत सिंह चन्नी गुट की बगावत कांग्रेस हाईकमान के दबाव के बाद थम गई है, ऐसा मान लेना अभी जल्दबाजी होगी। इसे तूफान के पहले की शांति भी माना जा सकता है, क्योंकि चन्नी गुट भाजपा के संपर्क में भी बताया जाता है, लेकिन भाजपा ने उन्हें खास तवज्जो नहीं दी, शायद इसलिए भी चन्नी ने हथियार डालना ही उचित समझा। गुटबाजी और अंतर्कलह कांग्रेस का राजरोग है। यह बात अलग है कि पार्टी उसे इसे अपना 'आंतरिक लोकतंत्र' बताती है। लेकिन वहां लोकतंत्र और अराजकता में खास फर्क नहीं है। चूंकि पंजाब में अगले विधानसभा चुनाव होने हैं और कांग्रेस की सत्ता में लौटने की संभावना है, ऐसे में पार्टी के कई नेताओं ने अपनी महत्वाकांक्षाओं के मुंह खोल दिए हैं। चूंकि चरणजीत सिंह चन्नी को पिछली बार दलित कार्ड के तहत तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को हटाकर राज्य का सीएम बनाया गया था, लेकिन चुनाव में वो कोई कमाल नहीं कर पाए और खुद भी दोनों सीटों से हार गए थे। हालांकि बाद में वो लोकसभा चुनाव जीत गए थ। तब से उनके मन में फिर से राज्य का सीएम बनने की महत्वाकांक्षा जोर मार रही है। यह बात उन्होंने अपने समर्थक विधायकों के साथ बैठक कर के जता दी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजा वडिंग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। चन्नी चाहते हैं कि उन्हें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बना दिया जाए ताकि चुनाव जीतने की स्थिति में वो राज्य के सीएम पद की दावेदारी कर सकें। शुरू में लग रहा था कि कांग्रेस हाईकमान उनके दबाव में आ जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। लिहाजा चन्नी को ही सरेंडर करना पड़ा। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि हाईकमान जो रणनीति बनाएगा, हम मिलकर साथ चलेंगे। इस बीच कांग्रेस के पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने दावा किया कि है कि सभी नाराज नेता जल्द एकजुट हो जाएंगे। बताया जाता है कि चन्नी ने इसके पहले कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने चरणजीत चन्नी से फोन पर बात की थी। यह भी तय हुआ कि चन्नी गुट के दो नेता भूपेश बघेल से मिलेंगे। इसके बाद चन्नी ने अपने समर्थकों की बैठक बुलाई। वहीं भूपेश बघेल पूर्व मंत्री ब्रह्म महेंद्र को मनाने पहुंचे है। चन्नी के झुकने के पीछे कारण यह भी है कि उन्होंने पहले दिल्ली जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी या उनकी टीम से मिलने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें किसी ने टाइम नहीं दिया। चन्नी के अपने खेमे में सात विधायक और एक सांसद बताए जाते हैं। लेकिन मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर राजा वंडिंग के साथ 23 जिलो के प्रदेशाध्यक्ष बताए जाते हैं। इस बीच चन्नी गुट के समर्थक विधायक परगट सिंह ने कहा कि हम पंजाब में इस वक्त एक्सपेरिमेंट नहीं कर सकते। उनका निशाना हाल ही में हाईकमान द्वारा नियुक्त किए गए तीन नए कांग्रेस के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्षों पर था। परगट ने कहा कि हमारे बीच मतभेद हो सकता है लेकिन हम सभी कांग्रेसियों का मकसद पंजाब में आम आदमी पार्टी और भाजपा द्वारा बनाई जा रही रणनीति को ध्वस्त करना है। हालांकि अगर सब एकजुट रहे तो चन्नी के साथ हो रहे व्यवहार से दलित वोट बैंक पर असर का डर देख हाईकमान उनसे मुलाकात कर सकता है। इसी बीच पंजाब कांग्रेस की बगावत पर भाजपा नेता व राज्यसभा सांसद तरुण चुघ ने तंज कसते हुए कहा है कि भूपेश बघेल का बयान कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी तानाशाही, वंशवादी राजनीति और चापलूसी वाली कार्यप्रणाली को साफ तौर पर दिखाता है। बहरहाल हाईकमान के इस फैसले ने राजा वडिंग के लिए 2027 विधानसभा चुनाव में लीड करने का रास्ता साफ कर दिया है।

# शांति की उम्मीदों के बीच फिर युद्ध के बादल

**विश्व व्यवस्था का इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब-जब पश्चिम एशिया अशांत हुआ है, तब-तब उसकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दी है। आज एक बार फिर यही स्थिति बनती दिखाई दे रही है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव, इज़राइल- ईरान संघर्ष, हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य की सुरक्षा पर मंडराते खतरे और समुद्री व्यापार मार्गों पर बढ़ते हमलों ने वैश्विक समुदाय की चिंता बढ़ा दी है। हाल के घटनाक्रमों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरानी जवाबी कार्रवाई तथा अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने जैसी घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पश्चिम एशिया अभी भी स्थायी शांति से बहुत दूर है। यह केवल दो देशों का टकराव नहीं, बल्कि विश्व अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। ऐसे समय में यह आवश्यक हो जाता है कि इस पूरे संकट को उसके ऐतिहासिक, राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक संदर्भों में समझा जाए।**

**नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'**

पश्चिम एशिया सदियों से सभ्यताओं का संगम रहा है। यही क्षेत्र विश्व के सबसे बड़े तेल और प्राकृतिक गैस भंडारों का केंद्र भी है। ईरान, इराक, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, इज़राइल और अन्य खाड़ी देशों की सामरिक स्थिति उन्हें वैश्विक राजनीति का केंद्र बना देती है। यही कारण है कि अमेरिका, रूस, चीन और यूरोपीय देशों की विदेश नीति में पश्चिम एशिया हमेशा विशेष स्थान रखता है। ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, आतंकवाद, धार्मिक मतभेद तथा क्षेत्रीय प्रभुत्व की प्रतिस्पर्धा इस क्षेत्र को लगातार अस्थिर बनाए रखती है। आज का संकट भी इन्हीं जटिल परिस्थितियों की उपज है।अमेरिका और ईरान के संबंध 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से लगातार तनावपूर्ण रहे हैं। ईरान के परमाणु कार्यक्रम, अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंध, पश्चिम एशिया में प्रभाव बढ़ाने की प्रतिस्पर्धा और इज़राइल के प्रति दोनों देशों की विपरीत नीतियाँ समय-समय पर संघर्ष का कारण बनती रही हैं। यद्यपि कई बार वार्ता और समझौतों के माध्यम से तनाव कम करने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकल सका। वर्तमान घटनाक्रम इसी लंबे संघर्ष का नया अध्याय है, जिसने पूरे क्षेत्र को फिर से अस्थिरता की ओर धकेल दिया है।

हालिया घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दोनों पक्ष प्रत्यक्ष युद्ध से बचना चाहते हैं, लेकिन अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन भी जारी रखना चाहते हैं। ईरान द्वारा अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाना और अमेरिका द्वारा उसके परमाणु प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करना इस बात का संकेत है कि अविश्वास की खाई पहले से कहीं अधिक गहरी हो चुकी है। यदि यह संघर्ष और आगे बढ़ता है तो इसमें इज़राइल, हिज़्बुल्लाह, हूती विद्रोही तथा अन्य क्षेत्रीय संगठन भी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। ऐसी स्थिति में यह केवल दो देशों का संघर्ष नहीं रहेगा, बल्कि पूरा पश्चिम एशिया व्यापक युद्ध की चपेट में आ सकता है।

पश्चिम एशिया के संकट का सबसे संवेदनशील पक्ष हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य है। विश्व के समुद्री मार्ग से होने वाले कच्चे तेल के बड़े हिस्से का परिवहन इसी रास्ते से होता है। यदि किसी कारण से यह मार्ग बंद होता है या जहाजों की आवाजाही प्रभावित होती है, तो तेल की आपूर्ति बाधित हो जाएगी। परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। इसका प्रभाव केवल तेल उत्पादक देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ऊर्जा आयात करने वाले सभी देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। इसलिए हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य की सुरक्षा आज वैश्विक चिंता का विषय बन चुकी है।

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ते ही सबसे पहले अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजारों में अस्थिरता



दिखाई देती है। निवेशक जोखिम वाले क्षेत्रों से पूंजी निकालने लगते हैं, जिससे शेयर बाजारों में गिरावट आती है। तेल और गैस की कीमतें बढ़ने से परिवहन महँगा हो जाता है। उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ती है, जिससे वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में वृद्धि होती है। महँगाई का दबाव बढ़ने से आम नागरिक की क्रय शक्ति घटती है। विकासशील देशों की आर्थिक वृद्धि प्रभावित होती है और सरकारों के सामने राजकोषीय संतुलन बनाए रखना कठिन हो जाता है। यही कारण है कि पश्चिम एशिया का कोई भी संकट वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए चुनौती बन जाता है।

भारत के लिए पश्चिम एशिया केवल एक पड़ोसी क्षेत्र नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और प्रवासी भारतीयों के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा भाग इसी क्षेत्र से आयात करता है। यदि तेल की कीमतों में वृद्धि होती है, तो इसका सीधा प्रभाव पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, परिवहन, कृषि और उद्योगों पर पड़ेगा। महँगाई बढ़ेगी और आर्थिक विकास की गति प्रभावित हो सकती है। इसके अतिरिक्त खाड़ी देशों में लगभग 90 लाख से अधिक भारतीय कार्यरत हैं। यदि युद्ध की स्थिति उत्पन्न होती है, तो उनकी सुरक्षा, रोजगार और भारत को भेजी जाने वाली विदेशी मुद्रा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। भारतीय निर्यात और समुद्री व्यापार भी प्रभावित होंगे। इसलिए भारत के लिए यह संकट केवल विदेश नीति का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और मानवीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।


आज विश्व अर्थव्यवस्था वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर आधारित है। पश्चिम एशिया से होकर गुजरने वाले समुद्री मार्ग एशिया, यूरोप और अफ्रीका को जोड़ते हैं। यदि इन मार्गों पर असुरक्षा बढ़ती है, तो जहाजों की आवाजाही धीमी हो जाती है, बीमा लागत बढ़ जाती है और माल ढुलाई महँगी हो जाती है। इसका प्रभाव खाद्यान्न, उर्वरक, मशीनरी, दवाइयों तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ता है। इस प्रकार एक क्षेत्रीय संघर्ष पूरी दुनिया के व्यापारिक तंत्र को प्रभावित कर सकता है। ऐसे समय में सबसे बड़ी आवश्यकता युद्ध नहीं, बल्कि संवाद की होती है। संयुक्त राष्ट्र, जी-20, यूरोपीय संघ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि वे दोनों पक्षों के बीच विश्वास बहाली का प्रयास करें। केवल आर्थिक प्रतिबंध और सैन्य कार्रवाई किसी भी विवाद का स्थायी समाधान नहीं हो सकते। यदि बातचीत के रास्ते खुले रहेंगे, तभी शांति की संभावना बनी रहेगी। भारत सहित कई देश लगातार यह संदेश देते रहे हैं कि सभी विवादों का समाधान कूटनीति और वार्ता के माध्यम से ही संभव है।

भारत ने हमेशा 'रणनीतिक स्वायत्तता' की नीति अपनाई है। भारत के अमेरिका, ईरान, इज़राइल और खाड़ी देशों, सभी के साथ अच्छे संबंध हैं। यही संतुलित दृष्टिकोण उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। भारत किसी भी पक्ष का समर्थन करने के बजाय शांति, संवाद और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन की वकालत करता है। साथ ही भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाने, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार बढ़ाने, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को विकसित करने और आयात के स्रोतों में विविधता लाने पर भी लगातार कार्य कर रहा है। पश्चिम एशिया में स्थायी शांति केवल युद्धविराम से संभव नहीं होगी। इसके लिए सभी देशों को परस्पर विश्वास बढ़ाना होगा, क्षेत्रीय विवादों का शांतिपूर्ण समाधान निकालना होगा और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना होगा। यदि विकास, व्यापार और जनकल्याण को प्राथमिकता दी जाए तो संघर्ष की संभावनाएँ स्वतः कम होंगी। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी निष्पक्ष मध्यस्थ की भूमिका निभानी होगी ताकि किसी भी विवाद को समय रहते सुलझाया जा सके।

पश्चिम एशिया में बढ़ती अस्थिरता आज केवल क्षेत्रीय संकट नहीं, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय बन चुकी है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव, इज़राइल- ईरान संघर्ष, ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चितता और समुद्री व्यापार पर मंडराता खतरा पूरी दुनिया को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए यह चुनौती और भी गंभीर है क्योंकि उनकी आर्थिक प्रगति वैश्विक स्थिरता से जुड़ी हुई है। इसलिए समय की मांग है कि शक्ति प्रदर्शन के स्थान पर संवाद, प्रतिशोध के स्थान पर विश्वास और युद्ध के स्थान पर शांति को प्राथमिकता दी जाए। इतिहास यह सिद्ध करता है कि युद्ध केवल विनाश देता है, जबकि संवाद और सहयोग ही मानव सभ्यता को स्थायी विकास, समृद्धि और सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाते हैं। पश्चिम एशिया में शांति की स्थापना केवल उस क्षेत्र की आवश्यकता नहीं, बल्कि पूरे विश्व की साझा जिम्मेदारी है।

अध्यात्म

## जब पंडित जी नदी मे बह गए..



आज गंगा पार होनेके लिए कई लोग एक नौकामें बैठे, धीरे-धीरे नौका सवारियों के साथ सामने वाले किनारे की ओर बढ़ रही थी, एक पंडित जी भी उसमें सवार थे। पंडित जी ने नाविक से पूछा क्या तुमने भूगोल पढ़ी है? भोला-भाला नाविक बोला भूगोल क्या है इसका मुझे कुछ पता नहीं। पंडितजी ने पंडिताई का प्रदर्शन करते कहा, तुम्हारी पाव भर जिंदगी पानी में गई। फिर पंडित जी ने दूसरा प्रश्न किया, क्या इतिहास जानते हो? महारानी लक्ष्मीबाई कब और कहाँ हुई तथा उन्होंने कैसे लडाई की ? नाविक ने अपनी अनभिज्ञता जाहिर की तो पंडित जी ने विजयीमुद्रा में कहा ये भी नहीं जानते तुम्हारी तो आधी जिंदगी पानी में गई। फिर विद्या के मद में पंडित जी ने तीसरा प्रश्न पूछा महाभारत का भीष्म-नाविक संवाद या रामायण का केवट और भगवान श्रीराम का संवाद जानते हो ? अनपढ़ नाविक क्या कहे, उसने इशारे में ना कहा, तब पंडित जी मुस्कुराते हुए बोले तुम्हारी तो पौनी जिंदगी पानी में गई। तभी अचानक गंगा में प्रवाह तीव्र होने लगा। नाविक ने सभी को तूफान की चेतावनी दी, और पंडितजी से पूछा नौका तो तूफान में डूब सकती है, क्या आपको तैरना आता है? पंडित जी गभराहट में बोले मुझे तो तैरना-वैरना नहीं आता है? नाविक ने स्थिति भांपते हुए कहाः तब तो समझो आपकी पूरी जिंदगी पानी में गयी। कुछ ही देर में नौका पलट गई। और पंडित जी बह गए। विद्या वाद-विवाद के लिए नहीं है और ना ही दूसरों को नीचा दिखाने के लिए है। लेकिन कभी-कभी ज्ञान के अभिमान में कुछ लोग इस बात को भूल जाते हैं और दूसरों का अपमान कर बैठते हैं। याद रखिये शास्त्रों का ज्ञान समस्याओं के समाधान में प्रयोग होना चाहिए शश्त्र बना कर हिंसा करने के लिए नहीं। कहा भी गया है, जो पेड़ फलों से लदा होता है उसकी डालियाँ झुक जाती हैं। धन प्राप्ति होने पर सज्जनों में शालीनता आ जाती है। इसी तरह , विद्या जब विनयी के पास आती है तो वह शोभित हो जाती है। इसीलिए संस्कृत में कहा गया है, विद्या विनयेन शोभते।

# केप वर्डे, फुटबॉल और वोजिन्हा

**केप वर्डे छोटा-सा देश है। आबादी और क्षेत्रफल, दोनों के मान से छोटा। क्षेत्रफल कुल जमा 4,033 वर्ग किमी और जनसंख्या पाँच लाख से थोड़ा ऊपर। भारत के मँझोले शहर भी इससे अधिक आबादी को अपनी परिधि में समेटे हुए हैं। कल तक इसे लोग जानते भी नहीं थे, लेकिन फीफा प्रतियोगिता में उसके जाँबाज प्रदर्शन से उसका नाम सबकी जुबान पर आ गया। उसने जिस तरह से फीफा में प्रवेश की पात्रता अर्जित की और फिर मैदान पर जिस चपलता से गेंद पर नियंत्रण की कला दर्शायी, उसने लाखों खेल-प्रेमियों को उसका और विशेषकर गोलकीपर वोजिन्हा का मुरीद बना दिया।**

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

केप वर्डे (पुर्तगाली में केबो वर्दे) की यह बसाहट भी ज्यादा पुरानी नहीं है। पंद्रहवीं शती में जब यूरोप के राष्ट्रों में नए-नए समृद्धि मार्ग खोजने और दौलत कमाने की धुन सवार हुई, तब सदी के पूर्वार्द्ध में पुर्तगाली जहाज इधर से गुजरे। नौवहन के मान से इसकी अवस्थिति बहुत महत्वपूर्ण थी। पुर्तगालियों ने ट्रांस-एटलांटिक क्षेत्र में इस निर्जन द्वीप-समूह की अहमियत को बूझ लिया। जून 1444 में इसका नामकरण हुआ केबो वर्दे। वर्ष 1462 से पुर्तगालियों ने यहाँ विधिवत बसना शुरू किया। शुरूआत हुई सांतियागो से। हाथीदाँत, रेशम, गरम मसालों, कपड़े और रम के व्यापार में जहाजों की आवाजाही, ईंधन और डेरे के लिहाज से यह जगह माकूल थी। रही-सही कसर दास-व्यापार ने पूरी कर दी। अफ्रीकी गुलामों से भरे जलपोत इधर से होकर गुजरते। इससे द्वीप-समूह मालामाल हुआ। मिंडोल आदर्श पत्तन बनकर उभरा। समृद्धि ने जलदस्युओं को भी आकर्षित किया। वर्ष 1585 में अंग्रेज जलदस्यु फ्रांसिस ड्रेक ने इसे लूटा और करीब सवा सौ साल बाद, सन् 1712 में, इस पर फ्रांसीसियों ने हमला किया। जब तक दास-प्रथा रही, केप वर्डे फलता-फूलता रहा। दास-प्रथा समाप्त हुई तो इसकी समृद्धि को ग्रहण लग गया। लेकिन अब तक यह पश्चिम की नजरों में चढ़ चुका था।

सन् 1832 में दो बड़ी घटनाएँ घटीं। एक तो अमेरिकी राष्ट्रपति एंड्रयू जैक्सन के दूत की हैसियत से दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों को जाते हुए एडमंड रॉबर्ट्स यहाँ आए। दूसरे, एचएमएस बीगल पर सवार वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन ने भी यहाँ कुछ दिन गुजारे। तब इसकी हैसियत पुर्तगाल के उपनिवेश की थी। अफ्रीका के पश्चिमी तट से करीब 450 किमी दूर मध्य एटलांटिक महासागर में स्थित इस लघु द्वीप-समूह के विकास में लिस्बन की कोई दिलचस्पी न थी। फलतः स्थानीय जनों में सुगबुगाहट हुई। जब आजादी की माँग बलवती हुई तो पुर्तगाल ने इसे अपने उपनिवेश के बजाय समुद्रपारीय प्रांत घोषित कर दिया। इसकी तीखी प्रतिक्रिया हुई। सन 1956 में अमीलकार कब्राल ने आजादी के लिए अहिंसक संघर्ष के ऐलान के साथ पार्टी का गठन किया। मकसद था गिनी और केप वर्डे की पुर्तगाल से मुक्ति। गिनी तो आजाद हो गया, लेकिन केप में दमन बढ़ गया। इससे सशस्त्र संघर्ष को हवा मिली। सन् 1973 में कब्राल की हत्या हो गई और सन् 1974 में लिस्बन में कू-दे-ता। द्वीप-समूह के करीब दस हजार वालंटियरों ने करीब 35 हजार पुर्तगाली और अफ्रीकी सैनिकों से करीब चौदह साल तक लोहा लिया। एमीकार के सौतेले भाई लुईस कब्राल ने संघर्ष की कमान संभाली। अंततः जुलाई, सन् 1975 में केप वर्डे आजाद हुआ। संप्रति केप वर्डे में निर्वाचित सरकार है और प्रेया उसकी राजधानी। समूह के दस में से नौ द्वीपों में बस्तियाँ हैं, एक अभी भी निर्जन है। जून 2014 में बराक ओबामा यहाँ सपत्निक आए थे। यहाँ की 80 प्रतिशत आबादी कैथोलिक है और दस प्रतिशत प्रोटेस्टेंट। केप वर्डे तितलियों, गुबरैलों




और पतंगों की दुर्लभ प्रजातियों तथा मत्स्य-व्यंजनों के लिए मशहूर है। यहाँ की बेअरफुट गायिका सिसारिया एवोरा के लोग मुरीद हैं। लोग पुर्तगाली या क्रियोल बोलते हैं। केप वर्डे आज चमकीले सफेद रेत के समुद्री तटों, तेज संगीत, बारहमासी धूप और मिश्रित संस्कृति के लिए जाना जाता है।

बिलाशक फुटबॉल यहाँ का राष्ट्रीय खेल है और राष्ट्रीय फुटबॉल टीम को ब्लू शार्क के नाम से जाना जाता है। कौन यकीन करेगा कि ब्लू शार्क ने अपना पहला फुटबॉल मैच 19 अप्रैल, सन् 1978 में गिनी के खिलाफ खेला था। पहले ही मैच में हार के बाद टीम ने जी-तोड़ मेहनत की। सन् 2010 में जोआओ डी डेउस कोच बने। उन्होंने डायस्पोरा से खिलाड़ी चुनकर टीम का कायाकल्प कर दिया। सन् 2013 और सन् 2023 में टीम अफ्रीकी कप के क्वार्टर फाइनल तक पहुँची। सन 1986 में फीफा की सदस्य बनी केप वर्डे की टीम की सन् 2000 में रैंकिंग 182 थी। अपने संकल्प और खेल के जरिये वह फीफा 26 की रैंकिंग में 67वें स्थान पर आ गई। इसके बाद फीफा विश्व कप में जो कुछ हुआ, वह सबके सामने है।

शुक्रवार, दो जुलाई को मियामी में अर्जेंटीना से केप वर्डे का मुकाबला हुआ तो अखबारों में सुर्खियाँ थीं– 'वोजिन्हा वर्सेज मेसी।' कहाँ 4.8 करोड़ की आबादी का दूसरा विशालतम लैटिन अमेरिकी राष्ट्र अर्जेंटीना और कहाँ बित्ते भर का केप वर्डे। मगर साइप्रस, हंगरी और यूएई के खिलाफ टीम के धमाल ने कमाल कर दिया था। 1.89 मीटर कद के 40 वर्षीय गोलकीपर वोजिन्हा (जो सीमाऊ जोसे एवोरा डायस) ने गोलरक्षक के तौर पर जो अचूक प्रदर्शन किया था, उसने उन्हें सबकी आँख का तारा और प्रशंसा का पात्र बना दिया था। केप वर्डे अर्जेंटीना से अतिरिक्त समय में 3-2 से हार गया, लेकिन केप ने करोड़ों फुटबॉल-प्रेमियों का दिल जीत लिया।

मैच की समाप्ति के बाद वोजिन्हा मेसी के पास गया। वोजिन्हा के शब्दों में, 'मेसी ने मुझे आगोश में लिया और कहा– 'यू आर ग्रेट। आपके लोगों को आप पर फख्र होना चाहिए।' यह मेरे लिए अविश्वसनीय था। उसका यह कहना मेरे लिए बहुत मायने रखता था। मैंने कहा– 'थैंक यू, लियो। यू आर ग्रेट।'

जानते हैं, उसके बाद क्या हुआ? वोजिन्हा ने मेसी से इल्तजा की– 'क्या हम अपनी कमीजें बदल सकते हैं?'मेसी ने कहा– 'हाँ, क्यों नहीं। बस, इंटरव्यू के बाद।'

इसके दो दिन बाद ही केप वर्डे की टीम लौट आई। प्रेया हवाई अड्डे पर हजारों केपवर्डियनों ने टीम का भावभीना स्वागत किया। वहाँ कार्निवाल जैसा दृश्य था। वोजिन्हा अगले फीफा विश्व कप में शायद न खेल सके, लेकिन आज की तारीख में उस छोटे-से देश का बड़ा खिलाड़ी है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपके ऊपर कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा।

**वृषभ**
आपके खर्चों में कमी आयेगी। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ मिलने से काफी अच्छा एवं सहज महसूस करेंगे। सोशल मीडिया पर आप अत्यधिक सक्रिय रहेंगे।

**मिथुन**
आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है।

**कर्क**
आज आपको सकारात्मक बने रहना चाहिये। अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न बढ़ायें। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय अधिक खर्च करेंगे।

**सिंह**
आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आयेगी। इसीलिये बिना माँगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं।

**कन्या**
आप अनेक लोगों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जायेंगे। आपके प्रेम सम्बन्ध अत्यन्त मधुर रहने वाले हैं।

**तुला**
आज आपका दिन अत्यधिक व्यस्त रहेगा। पैतृक सम्पत्ति के मामलों के उलझने की सम्भावना बन रही है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये खानपान और योग पर ध्यान दें। इससे आपके सम्बन्ध और भी घनिष्ट और मधुर होंगे।

**धनु**
आप जिस काम को आसान मान रहे थे, वह आपको आज काफी परेशान कर सकता है। रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है। अपशब्दों का बिल्कुल प्रयोग न करें।

**मकर**
आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनन्द लेंगे।

**कुंभ**
आज प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुये नये कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभायेंगे।

**मीन**
नये व्यापारिक अनुबन्ध कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता का आशीर्वाद लेना उत्तम होगा। दाम्पत्य सम्बन्धों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

### संक्षिप्त समाचार

## वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के नाम लगा एक-एक पेड़



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वन महोत्सव के अवसर पर रविवार को सगुनी के पास निमाणाधीन घर संसार वृद्धाश्रम परिसर में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बुजुर्ग के नाम एक पेड़ लगाया गया।आयोजकों ने बताया कि मसौढ़ी के इतिहास में यह पहला अवसर है जब बुजुर्गों के लिए बन रहे आश्रय स्थल घर संसार वृद्धाश्रम में इस तरह का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बुजुर्गों के सम्मान और उनके स्वस्थ दीर्घायु जीवन की कामना करना था। मौके पर समाजसेवी कुमारी खुशबू राय, मुकुल शर्मा, मृत्युंजय पेरियार, रामजन्म शर्मा,अजय कुमार सहित कई गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने अपने-अपने हाथों से पौधे लगाए और बुजुर्गों के नाम संकल्पित पेड़ों की देखभाल का संकल्प लिया। समाजसेवियों ने कहा कि पेड़ केवल पर्यावरण को ही नहीं बचाते बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी ऑक्सीजन देते हैं। बुजुर्गों के नाम पर लगाए गए ये पेड़ उनके आशीर्वाद के प्रतीक बनेंगे।कार्यक्रम के अंत में सभी ने घर संसार वृद्धाश्रम के सफल संचालन और वहां रह रहे तमाम बुजुर्गों के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

## मोकामा में गंगा कटाव का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा इलाके में गंगा नदी के किनारे हो रहे भयावह कटाव का जायजा लेने रविवार को जल संसाधन विभाग की उच्चस्तरीय टीम पहुंची। टीम में चीफ इंजीनियर सह बाढ़ नियंत्रण समिति के अध्यक्ष, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर के साथ-साथ सीआरपीएफ के कमांडेंट और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।अधिकारियों ने मौके पर स्थिति का निरीक्षण किया और कटाव को 'असामान्य' करार दिया। निरीक्षण के बाद चीफ इंजीनियर ने कहा कि नेशनल वाटरवे-1 के गांव के किनारे शिफ्ट होने, लाइन मेंटेनेंस के लिए की जा रही ड्रेजिंग और वाटरवे से गुजरने वाले बड़े जहाजों के कारण गंगा की धारा तीव्र हो गई है। इसके साथ ही बैक वाटरफ्लो भी बढ़ा है, जिसकी वजह से किनारों पर कटाव की रफ्तार खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने तत्काल राहत कार्य शुरू करने का फैसला लिया है। विभाग आज से मोकामाघाट में बचाव कार्य शुरू कर रहा है। इसके तहत बोरियों में रेत भरकर स्लोप बनाते हुए गंगा किनारे बोरी डालने का काम किया जाएगा, ताकि कटाव को रोका जा सके।

## फरार आरोपित बिरेन्द्र साह गिरफ्तार

6.90 लाख लेकर 3 कट्ठा 18 धुर जमीन का नहीं कराया था दाखिल-खारिज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन में पैसा लेकर गलत जमीन लिखने और रजिस्ट्री के बाद दाखिल-खारिज नहीं कराने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि दीपक कुमार, पिता जगदीश प्रसाद, निवासी 104 करपण एस.एल.डी. अपार्टमेंट, कदवाण, थाना परसा-ने दबिते 03-02-2017 को बिरेन्द्र साह पिता राधे साह, निवासी तेजप्रताप नगर, अनिसाबाद, से जमीन खरीदी थी।दीपक ने बताया कि मौजा बराह, थाना व अंचल कार्यालय पुनपुन में स्थित 03 कट्ठा 18 धुर 16 धुरकी जमीन के बदले 6,90,000 रुपये नगद भुगतान किया था।जमीन खरीदने के कुछ दिन बाद जब दीपक ने दाखिल-खारिज कराकर कागज देने को कहा तो बिरेन्द्र साह बहाने बनाकर टालता रहा। बाद में पता चला कि जमीन गलत लिख दी गई है और ऐसी ही धोखाधड़ी कई अन्य लोगों के साथ भी की गई है।इस संबंध में दर्ज मामले में फरार चल रहे बिरेन्द्र साह को पुनपुन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है।

## अपार्टमेंट पर कार्रवाई करने की मांग



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 19,20,21 के मुख्य गोला रोड के मुख्य सड़क पर नवनिर्मित अपार्टमेंट निर्माताओं द्वारा बालू-गिट्टी से आवागमन को बाधित करने तथा सड़क को अतिक्रमण करने को लेकर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई है। समाजिक कार्यकर्ता पीटी गजेन्द्र कुमार ने अनुमंडलाधिकारी को आवेदन देकर इस पर कार्रवाई करने की बात कही है। पीटी गजेन्द्र ने बताया कि नगर परिषद ने अतिक्रमण को हटाने के सम्बन्ध में सिर्फ और सिर्फ ऐतिहासिक खानापूर्ति करती ही दिखती है। दानापुर नगर परिषद में कई जगहों पर अपार्टमेंट निर्माण में घोर धांधली एवं अनियमितता को फलित-पोषित किया जा रहा है अन्यथा 20 फीट एकतरफा सड़क पर ऋ-4 अपार्टमेंट का निर्माण ही सम्भव ही नहीं है। दानापुर विधानसभा क्षेत्र तो आज कंक्रीट का जंगल बन चुका है एवं क्षेत्र में ग्लोबल वार्मिंग का साफ-साफ असर देखने को मिल रहा है। उन्होंने ने बताया कि अनुमंडलाधिकारी से ऐसे नवनिर्मित अपार्टमेंट पर कार्रवाई करने की बात कही है।

## कुर्की के डर से दो वारंटियों ने किया सरेंडर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभिन्न मामलों में फरार चल रहे दो अभियुक्तों के घर रविवार को कुर्की जब्ती की कार्रवाई करने गई पुलिस को देखकर दोनों ने सरेंडर कर दिया। मसौढ़ी थाना पुलिस कुर्की की कार्रवाई के लिए महाराजचक और कश्मीरगंज गांव पहुंची थी। पुलिस पदाधिकारी रोशन कुमार ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंट के आलोक में दोनों के घर पर कुर्की की तैयारी की गई थी।पुलिसिया दबिश के दौरान महाराजचक निवासी पप्पू यादव पिता सकलू यादव और कश्मीरगंज निवासी संजय चौधरी पिता स्व. गनौरी चौधरी पुलिस के समक्ष उपस्थित हुए और आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों लंबे समय से विभिन्न मामलों में फरार चल रहे थे।पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया है। अधिकारी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जा रही थी। पुलिस के पहुंचने की सूचना मिलते ही दोनों ने खुद को सरेंडर कर दिया।पुलिस ने कहा कि फरार वारंटियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और न्यायालय के आदेश का अक्षरशः पालन किया जाएगा।

# मोकामा में गंगा का रौद्र रूप: तेजी से हो रहा कटाव

### अलर्ट मोड पर जल संसाधन विभाग





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा प्रखंड के पूर्वी इलाके में गंगा नदी द्वारा किया जा रहा भूमि कटाव अब बेहद गंभीर रूप ले चुका है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जल संसाधन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। विभाग के आला अधिकारी हर दिन हो रहे कटाव की स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। इस कटाव के कारण क्षेत्र की दो पंचायतों पर सर्वाधिक खतरा मंडरा रहा है, जिससे हजारों की आबादी दहशत में जीने को मजबूर है।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, गंगा नदी से गाद (मिट्टी) हटाने के लिए लगाई गई ड्रेजर मशीन इस तबाही की मुख्य वजह बनी है। इस मशीन के संचालन के कारण गंगा नदी आबादी वाले इलाकों में काफी किनारे तक पहुंच गई और कटाव ने विकराल रूप धारण कर लिया।कुछ महीने पहले ग्रामीणों की शिकायत पर अनुमंडल प्रशासन ने इस ड्रेजर मशीन के परिचालन पर रोक लगा दी थी।रोक के बावजूद, वर्तमान वर्षा ऋतु में उफान खाती गंगा नदी की तेज धार के कारण कटाव एक बार फिर तेजी से शुरू हो गया है।गंगा का यह कटाव सीआरपीएफ गंगा घाट से लेकर दरियापुर पंचायत तक फैल चुका है, जिससे गंगा नदी काफी खतरनाक बन गई है। स्थिति इतनी डरावनी है कि इन घाटों पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करने से पूरी तरह तौबा कर लिया है। गौरतलब है कि पिछले साल भी सीआरपीएफ का शौर्य-वन गंगा में समा गया था, जिसके बाद से इस बार अधिकारी और ज्यादा सतर्क हैं।जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वे स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।कनीय अभियंता के अनुसारः गंगा के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी और कटाव की पल-पल की रिपोर्ट विभाग को भेजी जा रही है। कटाव को रोकने के लिए अगले दो दिनों के भीतर अस्थायी व्यवस्था (प्रतिरोधात्मक कदम) शुरू कर दी जाएगी। बड़े पैमाने पर सुरक्षात्मक इंतजाम किए जा रहे हैं। फिलहाल मोकामा के पूर्वी इलाके में रहने वाले गंगा किनारे के ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल है और वे जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# केंद्रीय मंत्री और लोक शिकायत पदाधिकारी का आदेश भी काम न आया

### आठ महीने बाद भी जल जमाव, अतिक्रमण की समस्या जस की तस



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के जलगोविंद गांव में लालफीताशाही का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। तीन बार केंद्रीय मंत्री और लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के आदेश के बावजूद जल जमाव की समस्या और अतिक्रमण ग्रामीण सड़क पर बनी हुई है ।वही इसको लेकर परेशान ग्रामीण डॉक्टर मकेश्वर बैद भी लगातार शिकायत का पुलिंदा लेकर अधिकारियों और मंत्री के दरबार में कारवाई की आस में हाजिरी लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार इब्राहिमपुर पंचायत के जल गोविंद गांव वार्ड नंबर 7 में चौक से हनुमान मंदिर के पास जल जमाव के कारण लोगों को काफी दिनों से परेशानी हो रही है। इसको लेकर ग्रामीण ने अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी से लेकर अपीलीय पदाधिकारी तक गुहार लगाई। इस संबंध में कागजी आदेश भी पारित हुआ। लेकिन बात नहीं बनी। हैरत की बात यह है कि केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने भी तीन मर्तबा पटना के जिलाधिकारी को इस समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने की सिफारिश की थी। लेकिन इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर तैनात अधिकारियों ने पूरे मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। जानकारी के अनुसार ग्रामीण द्वारा समस्या को लेकर अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के पास गुहार लगाई गयी।इसमें लोक प्राधिकार प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग बाढ़ प्रमंडल को नोटिस भेजा गया था। सभी ने मिलकर प्रतिवेदन दिया कि योजना संख्या 309218 के अंतर्गत कार्य का चयन करते हुए योजना का क्रियान्वयन हेतु अग्रेतर कारवाई की जा रही है। अतिक्रमण और वर्तमान नाले में कूड़ा करकट भरा है जिसके कारण पानी सड़कों पर जमा है। सड़क पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि के अंतर्गत है ।इस सड़क को लोगों ने अतिक्रमण कर क्षतिग्रस्त कर दिया है लिहाजा संवेदक को मरम्मत कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। सड़क की स्थिति खराब हो रही है। इस मामले को लेकर बाढ़ के अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया था कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाय। लेकिन अधिकारियों ने आपस में समन्वय नहीं बनाया। लिहाजा जल जमाव, अतिक्रमण और गंदगी की समस्या से ग्रामीण पूरी तरह परेशान है।

**क्या कहते हैं आवेदक**

इस संबंध में ग्रामीण डॉक्टर मक्केश्वर वैद्य ने बताया कि ग्रामीण सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने एवं जल जमाव की समस्या को दूर करने के लिए 9 फरवरी 2026 को बाढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी के जनता दरबार में अंतिम बार अभ्यावेदन दिया गया जिसे प्रखंड विकास पदाधिकारी बाढ़ को अग्रसारित किया गया था। लेकिन कागजात और अन्य निर्देश कहां गुम हो गए, पता नहीं चल रहा है।

# डेढ साल से बंद है मसौढ़ी कोर्ट हॉल्ट का टिकट काउंटर, बिना टिकट सफर को मजबूर यात्री

**टेंडर के इंतजार में लटका सिस्टम, पकड़े जाने के डर से यात्री परेशान**




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेल खंड पर स्थित मसौढ़ी कोर्ट हॉल्ट पर पिछले तकरीबन डेढ साल से टिकट कटना बंद है। टिकट नहीं मिलने से रोजाना सैकड़ों यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है और लोग मजबूरी में बिना टिकट यात्रा करने को विवश हैं। रेल यात्रियों का कहना है कि हॉल्ट पर टिकट काउंटर डेढ साल से बंद पड़ा है। टिकट नहीं मिलने के कारण कई बार पटना जंक्शन या गया जंक्शन पर चेकिंग के दौरान बिना टिकट पकड़े जाने का डर सताता रहता है। जुमार्ने के भय से यात्रियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। टिकट काटने वाले कर्मचारी ने बताया कि रेलवे हॉल्ट पर टिकट काटने का लीज पांच साल के लिए दिया जाता है। मसौढ़ी कोर्ट हॉल्ट का लीज खत्म हो गया है दोबारा ना तो इसका टेंडर हो पाया है और रिनुअल के लिए पत्र भेजा जा चुका है। सिटीई से मंजूरी मिलने के बाद ही दोबारा टिकट की बिक्री शुरू हो पाएगी। रोजाना यात्री टिकट लेने आ रहे हैं लेकिन हमारे पास टिकट ही उपलब्ध नहीं है। यात्रियों अशोक कुमार, सुनीता देवी, राजमणि देवी और रंजू कुमारी ने कहा कि रेलवे प्रशासन को वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो लोग बिना टिकट ही यात्रा करेंगे और पकड़े जाने पर उन्हें जुमार्ना भरना पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जब तक लीज रिनुअल नहीं होता तब तक मोबाइल टिकटिंग या नजदीकी स्टेशन से व्यवस्था की जाए ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

# छात्रा से दुष्कर्म के आरोपित शिक्षक को फांसी की मांग : भीम आर्मी का मार्च




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नासिरनाचक स्थित एक प्राईवेट विद्यालय में तीसरी कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म के मामले में भीम आर्मी ने न्याय मार्च निकालकर दोषी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। घटना 25 मई को धनरूआ थाना क्षेत्र के नासिरनाचक स्थित विद्यालय में हुई थी। आरोप है कि स्कूल के ही गणित शिक्षक अविनाश कुमार ने छात्रा के साथ विद्यालय परिसर में दुष्कर्म किया। घटना के बाद परिजनों ने धनरूआ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के बाद आरोपी शिक्षक फरार हो गया था।पुलिस की कार्रवाई के बाद 20 जून को आरोपी शिक्षक ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। वर्तमान में वह न्यायिक हिरासत में है।इस मामले में न्याय की मांग को लेकर भीम आर्मी के कार्यकताओं ने मसौढ़ी में न्याय मार्च निकाला। मार्च में शामिल लोगों ने दोषी को फांसी की सजा देने और पीड़ित छात्रा को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की।भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक न्यायालय द्वारा आरोपी को कठोरतम सजा नहीं दी जाती है, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार की सुरक्षा और त्वरित सुनवाई की भी मांग की।

## घास काटने गए दो किसानों को सांप ने काटा, अस्पताल में भर्ती

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा प्रखंड में गंगा किनारे घास काटने गए दो किसानों को जहरीले रसेल वाइपर सांप ने काट लिया। दोनों को समय पर अस्पताल पहुंचाने से उनकी जान बच गई और अब स्थिति सामान्य बताई जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नं 10 निवासी प्रभुशंकर कुमार उर्फ मंटू सिंह रविवार को गंगा किनारे अपने मवेशियों के लिए चारा काट रहे थे। घास काटते समय आधा कटा हुआ रसेल वाइपर उनके हाथ में आ गया और सांप ने उन्हें डस लिया। परिजन आनन-फानन में सांप को साथ लेकर ही रेफरल अस्पताल पहुंचे। वहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल रेफर किया गया। फिलहाल उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। इसी दिन शिवनार पूरव टोला निवासी बैद्यनाथ सिंह को भी घास काटने के दौरान सांप ने काट लिया। परिजन उन्हें तुरंत रेफरल अस्पताल ले गए, जहां से अनुमंडल अस्पताल भेजा गया।

# बोलेरो से 101 कार्टन विदेशी शराब बरामद, पूर्वी चंपारण का तस्कर गिरफ्तार

### डोभी से पटना ले जाई जा रही थी 898 लीटर शराब, गुप्त सूचना पर पुलिस ने पकड़ा



**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया नेशनल हाईवे पर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल चेकपोस्ट पर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शराब तस्करी का बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप से 101 कार्टून विदेशी शराब बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।एक्साइज सुपरीटेंडेंट निशांत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बोलेरो पिकअप से डोभी से शराब लेकर पटना जा रही है। सूचना के आधार पर नदौल चेकपोस्ट पर सघन जांच अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान वाहन से डछऊलृअइक्ळ हलृकऋड ब्रांड की शराब के कार्टून मिले।बरामद शराब में 750 एमएल के 31 कार्टून यानी 279.00 लीटर, 375 एमएल के 40 कार्टून यानी 360.00 लीटर और 180 एमएल के 30 कार्टून यानी 259.20 लीटर शामिल है। इस प्रकार कुल 898.200 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई है।गिरफ्तार तस्कर की पहचान अरुण कुमार, पिता पुंदेव दास, उम्र 19 वर्ष, निवासी घोघरा बिरतौला, थाना हरसिद्धि, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी और वाहन को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर लिया है।अधिकारी ने बताया कि शराब तस्करी के नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# महिला कॉलेज खगौल में विश्व जनसंख्या दिवस एवं प्लास्टिक मुक्त परिसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित महिला कॉलेज खगौल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में विश्व जनसंख्या दिवस एवं प्लास्टिक मुक्त परिसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर उषा विद्यार्थी ने की जबकि संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर अजीता प्रियदर्शनी ने किया । इस अवसर पर जनसंख्या नियंत्रण परिवार नियोजन और पर्यावरण संरक्षण पर छात्राओं को जागरूक किया गया । साथ ही हिंदी एवं अंग्रेजी निबंध तथा पोस्टर मेकिंग पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सानिया जहां अंकित आर्य और सुप्रिया कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकों छात्राओं एवं कर्मचारियों ने परिसर में सिंगल उसे प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ ली । वही पेंटिंग प्रतियोगिता निर्णायक डॉक्टर आराधना सिंह, चंदा सिंह डॉक्टर कविता जैन ,डॉक्टर ऋणी कुमारी, डॉक्टर किरण कुमारी, डॉक्टर सुमन कुमारी ,रुचिका मेहता ,एवं मीना कुमारी प्रथम स्थान सुप्रिया कुमारी द्वितीय स्थान प्रियंका शर्मा तृतीय स्थान तन्नू कुमारी इस कार्यक्रम के साथ-साथ प्लास्टिक मुक्त परिषद जागरूक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया इस मौके पर महाविद्यालय के शीश क्षेत्र कर्मचारियों ने इस पूरे कार्यक्रम में अपना तकनीकी सहयोग प्रदान किया। अंत में अतुल कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# 3500 लीटर अवैध शराब नष्ट



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची और घोसवरी पुलिस ने रविवार को अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दर्जनों शराब की भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। इस संयुक्त अभियान में पुलिस ने 3000 लीटर अर्धनिर्मित देसी शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया, जिससे इलाके के शराब माफियाओं को करारा झटका लगा है। मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार के नेतृत्व में कसहा दियारा में छापेमारी की गई। यहां लगभग 7 भट्ठियों को ध्वस्त कर 1500 लीटर अर्धनिर्मित शराब नष्ट की गई। मौके से 60 लीटर तैयार देसी शराब भी बरामद हुई। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले सभी कारोबारी फरार हो गए।घोसवरी थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि त्रिमुहान गांव में छापेमारी कर लगभग 2000 लीटर अर्धनिर्मित शराब को नष्ट किया गया।

# पालीगंज में अति पिछड़ा विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह आयोजित

### डॉ. नवीन आर्य व नरेंद्र चंद्रवंशी हुए सम्मानित



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर ग्राम पंचायत भवन में रविवार को अति पिछड़ा विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अक्षय चंद्रवंशी ने की, जबकि संचालन रामकुमार चंद्रवंशी ने किया। समारोह में बिहार राज्य अति पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रो. नवीन आर्य एवं जदयू के वरिष्ठ नेता नरेंद्र चंद्रवंशी को पार्टी का राज्य परिषद सदस्य बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. प्रो. नवीन आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में अति पिछड़ा वर्ग को राजनीतिक, सामाजिक एवं सम्मानजनक भागीदारी दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अति पिछड़ा समाज के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं, जिससे समाज को नई पहचान और सम्मान मिला है। विशिष्ट अतिथि एवं जदयू राज्य परिषद सदस्य नरेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जननायक कपूर्री ठाकुर एवं डॉ. राममनोहर लोहिया के विचारों को आगे बढ़ाते हुए अति पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं नगर निकायों में अति पिछड़ा वर्ग को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया गया तथा वर्ष 2019 में पहली बार विधानसभा चुनाव में अति पिछड़ा वर्ग के पांच उम्मीदवारों को टिकट देकर उनकी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित की गई। वक्ताओं ने अति पिछड़ा समाज से संगठित एवं एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज की एकता को कमजोर करने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रलोभन दिए जा सकते हैं, इसलिए सभी लोगों को सजग रहकर सामाजिक एकता बनाए रखनी चाहिए। कार्यक्रम में रामप्रवेश यादव, विनोद चंद्रवंशी, मुन्ना चंद्रवंशी, मुखिया आनंद यादव, मुखिया सुनील चंद्रवंशी, शिक्षक मुन्ना बिंद, शिक्षक मुन्ना कुमार, अनील आजाद, दीपक कुमार, करीमन राम, विनोद राम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं अति पिछड़ा समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## ज्वेलरी दुकान में भीषण डकैती, 15 लाख के गहने और 70 हजार नकद लूटे

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समयागढ़ थाना क्षेत्र के समयागढ़ बाजार में रविवार शाम बदमाशों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। माँ अम्बे ज्वेलर्स में चार नकाबपोश लुटेरों ने पिस्तौल के बल पर भीषण लूटपाट की और फायरिंग कर फरार हो गए।दुकान के संचालक चंदन सोनार ने बताया कि वह शाम को दुकान में मौजूद थे, तभी चार नकाबपोश अपराधी अंदर घुसे। हथियार दिखाकर बदमाशों ने पहले उनके साथ मारपीट की, फिर दुकान में रखे सभी सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। बदमाश गल्ले में रखे 70 हजार रुपये नकद भी उड़ा ले गए। जाते-जाते अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए एक राउंड फायरिंग की और मौके से भाग निकले।

# नवविवाहिता का शव बरामद, लगाया हत्या का आरोप

### शरीर पर मिले जख्म के निशान, एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दहेज दानवों की वेदी पर एक और बेटी बलि चढ़ गई है, दरअसल धनरूआ थाना क्षेत्र के गुलरिया बीघा गांव में रविवार को एक घर से नवविवाहिता का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पूरे गांव में अफरातफरी मच गई। मृतका की पहचान पूजा कुमारी, पति रवि रंजन कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि डेढ़ साल पहले ही गुलरिया बिगहा के अरविंद प्रसाद यादव के बेटे रवि रंजन कुमार के साथ शादी हुई थी, सूचना मिलते ही मृतका के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया। परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार सिंह और धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। शव पर कई जगह जख्म के निशान पाए गए हैं।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि गुलरिया बीघा गांव में एक महिला की मृत्यु हो गई है। बिंदुवार जांच की जा रही है। परिजनों के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन के लिए ऋछ टीम को भी बुलाया गया है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर मामले की आगे जांच की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के प्रयास मामले में चार गिरफ्तार

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक पुराने मामले में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह कार्रवाई कोटवा थाना कांड संख्या 166/21 के तहत की गई। पुलिस छापामार कर हत्या के प्रयास के मामले में नामजद अभियुक्त जटा पासवान के पुत्र संतोष कुमार, प्रदीप पासवान, भवाली पासवान के पुत्र हरेंद्र पासवान तथा सुरेंद्र पासवान के पुत्र दिलीप पासवान सभी कोटवा थाना क्षेत्र के जगीराहा निवासी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों से आवश्यक पूछताछ भी की। वहीं एक अन्य मामले में कुर्की के डर से तीन आरोपियों ने कोटवा थाना में आत्म समर्पण कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार न्यायालय के ट्रायल नंबर 737/23 के फरार अभियुक्तों ने कुर्की के डर से आत्म समर्पण कर दिया।आत्म समर्पण करने वालों में बड़हरवा कला निवासी दहाउर साहनी के पुत्र योगेन्द्र सहनी,अदालत सहनी के पुत्र महेंद्र सहनी और दल्लू सहनी के पुत्र यादवलाल सहनी शामिल है।थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि सभी अभियुक्तों को जेल भजा जा रहा है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा शुरू

**छपरा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मांझी में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। 11 से 31 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान की शुरूआत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रोहित कुमार ने परिवार नियोजन किट वितरित कर की। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारियों ने



कहा कि बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में परिवार नियोजन की महत्वपूर्ण भूमिका है। अभियान के दौरान दंपतियों को परिवार नियोजन के सुरक्षित एवं प्रभावी साधनों, छोटे परिवार के लाभ, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा जन्मांतराल के महत्व की जानकारी दी जाएगी। डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगी। इच्छुक दंपतियों को परिवार नियोजन संबंधी परामर्श, आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं तथा उपलब्ध साधनों की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ परिवार ही समृद्ध समाज की नींव है। इसलिए लोगों को बिना किसी संकोच के परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ उठाना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और जनसंख्या स्थिरता के लक्ष्य को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की।

### एस ड्राइव में चार आरोपी गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र में चलाए गए एस ड्राइव अभियान के दौरान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। अभियान के दौरान उत्पाद अधिनियम से जुड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 9 लीटर नेपाली एंबीशन शराब तथा एक बैटरी चालित दोपहिया स्कूटी भी जब्त की। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई। जितना पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की




पहचान श्याम सुंदर कुमार पिता प्रमोद गिरी, निवासी हीरमनी बाजार, थाना छौड़ादानो; दिनेश कुमार पिता जगदीश शाह, निवासी एकडरी, थाना छौड़ादानो; अजीत कुमार पिता सनफी राय, निवासी गोला पकड़िया फतेहपुर टोला, थाना लखौरा; तथा चुन्नू लाल कुमार पिता अमर राय, निवासी गोला पकड़िया फतेहपुर टोला, थाना लखौरा के रूप में की गई है।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 9 लीटर नेपाली एंबीशन शराब बरामद की। इसके अलावा शराब के परिवहन में प्रयुक्त एक बैटरी चालित दोपहिया स्कूटी भी जब्त कर ली गई। बरामद सामान को विधिवत जब्ती सूची बनाकर थाना लाया गया। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के लिए अग्रसारित कर दिया है। मामले की आगे की जांच भी जारी है ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा सके।जानकारी जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी।

### ओवरलोड ट्रकों पर ₹16.27 लाख का जुर्माना

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के रूपहरा बालू मंडी में ओवरलोड ट्रक की जांच के दौरान परिवहन विभाग और पुलिस टीम पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने रविवार को एक आरोपी को नाटकीय ढंग से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रूपहरा गांव निवासी ब्रजकिशोर सिंह उर्फ बीके सिंह के रूप में हुई है। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष गोपाल कुमार ने बताया कि परिवहन विभाग के प्रवर्तन अवर निरीक्षक (ईएसआई) गौतम कुमार अपने सहयोगियों आशीष रंजन झा एवं अंकित कुमार सिंह के साथ एक ओवरलोड बालू लदे ट्रक का पीछा कर रहे थे। शिकारगंज पुलिस के सहयोग से ट्रक को जब्त कर चालक अभिषेक कुमार यादव (दौलतपुर चांदी, वैशाली) को पकड़ लिया गया। घटना में ईएसआई गौतम कुमार तथा शिकारगंज थाना के चालक सुरेन्द्र राय घायल हो गए। जांच में जब्त ट्रक पर 71,815 किलोग्राम बालू लदा पाया गया, जो निर्धारित क्षमता से 16,815 किलोग्राम अधिक था। मामले में बबलू सिंह उर्फ दिलीप सिंह, ब्रजकिशोर सिंह उर्फ बीके सिंह, वीरेन्द्र सिंह, जीतू राय समेत 19 नामजद आरोपियों के विरुद्ध शिकारगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। परिवहन विभाग ने ओवरलोडिंग के आरोप में ट्रक पर ₹8,67,960 का जुमार्ना लगाया है। वहीं कई वर्षों से लंबित बकाया के कारण ₹7,60,000 का अतिरिक्त चालान भी काटा गया है। पुलिस और परिवहन विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई से ओवरलोड बालू परिवहन में लगे लोगों के बीच हड़कंप मच गया है।

### जनता दरबार में आधा दर्जन भूमि विवादों की सुनवाई

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक अंचल कार्यालय परिसर में अंचलाधिकारी राहुल कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार आयोजित किया गया। इस दौरान थाना प्रशासन की उपस्थिति में भूमि विवाद से जुड़े करीब आधा दर्जन मामलों की सुनवाई की गई। सीओ राहुल कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के साथ राजस्व अभिलेखों एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। जिन मामलों में सभी दस्तावेज उपलब्ध थे, उनमें आदेश जारी किए गए। जिन मामलों में अतिरिक्त जांच की आवश्यकता महसूस हुई, उन्हें संबंधित राजस्व कर्मचारी को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अगली सुनवाई में नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा।

# सांसद राधामोहन सिंह ने की गौशाला विकास हेतु 15 लाख देने की घोषणा

## नवगठित कार्य समिति के सदस्यों को किया सम्मानित



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्री गौशाला के विकास हेतु सांसद राधा मोहन सिंह ने 15 लाख रुपये देने की घोषणा, नवगठित कार्यसमिति के सदस्यों को सम्मानित किया।नाका नंबरझ2 के सामने स्थित श्री गौशाला, मोतिहारी में नवगठित कार्यसमिति के साथ सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने शनिवार को गौशाला परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नवगठित कार्यसमिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा गौशाला के समुचित विकास के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।समिति गठन के उपरांत सांसद श्री सिंह ने गौशाला परिसर का विस्तृत निरीक्षण करते हुए वहां की व्यवस्थाओं, आधारभूत सुविधाओं एवं चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने गौशाला के समग्र विकास के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति, आस्था और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। गौ संरक्षण केवल धार्मिक भावना का विषय नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की आवश्यकता है कि गौशालाओं को आधुनिक संसाधनों, बेहतर प्रबंधन और जनसहभागिता के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं आदर्श संस्थान के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवगठित कार्यसमिति पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए श्री गौशाला को जिले की एक आदर्श गौ संरक्षण संस्था के रूप में स्थापित करेगी। सांसद श्री सिंह ने अपने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से श्री गौशाला के विकास कार्यों के लिए 15 लाख रुपये उपलब्ध कराने की घोषणा की। उनके इस निर्णय का उपस्थित लोगों ने जोरदार स्वागत करते हुए इसे गौशाला के पुनरुत्थान एवं विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल बताया। कार्यसमिति के सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सहयोग और जनभागीदारी से गौशाला को एक आदर्श, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक गौ संरक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। गौरतलब है कि सांसद राधा मोहन सिंह की पहल पर श्री गौशाला के पुनरुत्थान एवं सुव्यवस्थित संचालन के उद्देश्य से नई कार्यसमिति का गठन किया गया। समिति का गठन गौशाला के पदेन अध्यक्ष अनुमंडलाधिकारी सदर की देखरेख में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। नवगठित कार्यसमिति में डॉ. अशोक कुमार एवं प्रभात कुमार को उपाध्यक्ष, मधुसूदन जलान को सचिव, धर्मेंद्र कुमार स्वर्णकार एवं उत्तम मिश्रा को सह सचिव, अनिल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष तथा सुधीर कुमार गुप्ता को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। वहीं अमरनाथ साहू, सुधांशु रंजन, केदार प्रसाद, डॉ. विवेक गौरव, डॉ. अमित कुमार तथा जिला पशुपालन पदाधिकारी (पदेन) को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। मौके पर मोतिहारी नगर निगम आयुक्त आशिष कुमार, उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, गुलरेज शहजाद, डॉ. राजेश श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं गौसेवा से जुड़े लोग मौजूद थे।

## रेलवे स्टेशन पर सघन सर्च अभियान, यात्रियों व परीक्षार्थियों की बढ़ाई सुरक्षा



**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग (बीपीएसएससी) परीक्षा के मद्देनजर रविवार को जमालपुर रेलवे स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। भीड़ को देखते हुए रेल पुलिस ने यात्रियों और अभ्यर्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म तथा ट्रेनों में विशेष सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान यात्रियों के सामानों की गहन जांच की गई और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई। सर्च अभियान का नेतृत्व रेल थाना के एसआई निरंजन कुमार रजक ने किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा के कारण बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों का आवागमन हो रहा है। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना, चोरी, छिनतई या अव्यवस्था की आशंका को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। रेल पुलिस की टीम प्लेटफॉर्म, प्रवेश एवं निकास द्वार के साथ-साथ ट्रेनों में भी लगातार निगरानी रख रही है। एसआई रजक ने यात्रियों और परीक्षार्थियों से अपील की कि वे अपने सामान की स्वयं भी निगरानी रखें, किसी अनजान व्यक्ति का सामान न उठाएं और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तत्काल रेल पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करना रेल पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।सर्च अभियान के दौरान रेल पुलिस के जवान झक्खू उरांव, मुन्ना कुमार यादव, शुभलक्ष्मी कुमारी, शुभम कुमार, पूजा कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्टेशन पर पूरे दिन सतर्कता का माहौल बना रहा।

## 15 जुलाई तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो होगा चरणबद्ध आंदोलन

**छपरा/सोनपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (संयुक्त संघर्ष मोर्चा) के बैनर तले सोनपुर अंचल के कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों के समाधान को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। इस संबंध में संघ ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि 7 मई 2026 को हुए समझौते के बावजूद अधिकांश मांगों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। संघ ने बताया कि एसीपी/एमएसीपी का लाभ, सेवा संपुष्टि, उपार्जित एवं अर्जित अवकाश का निपटारा, स्थानांतरण, ग्रेड पे की विसंगतियों का समाधान तथा राजस्व कर्मचारियों को प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के रूप में पदस्थापित करने सहित कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है।

## आपकी एक सूचना पर होगा समस्याओं का शीघ्र समाधान : महापौर



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम की महापौर प्रीति कुमारी ने नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके वार्ड में पथ निर्माण विभाग के अधीन कोई मुख्य सड़क अथवा नगर निगम के अधीन कोई सड़क या नाला जर्जर अथवा क्षतिग्रस्त अवस्था में है, तो उसकी सूचना महापौर प्रीति कुमारी के कार्यालय को उपलब्ध कराएँ, ताकि संबंधित विभाग को अवगत कराकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा सके। महापौर ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पथ निर्माण विभाग के माध्यम से अनेक जर्जर मुख्य सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत कराया जा चुका है तथा कई स्थानों पर कार्य प्रगति पर है। शेष जर्जर मुख्य सड़कों की भी सूची तैयार कर संबंधित विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि उन्हें प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत एवं निर्माण कार्य में शामिल कराया जा सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम मोतिहारी द्वारा सभी वार्डों के गली - मोहल्लों में सड़क एवं नाला निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से लगातार कराया जा रहा है। साथ ही, वर्तमान में सभी वार्डों में समान रूप से सड़क एवं नाला निर्माण की योजनाओं की निविदा समाप्ति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। आवश्यक विभागीय औपचारिकताएँ पूर्ण होते ही निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। महापौर ने कहा कि नगर निगम मोतिहारी सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर शहर के समग्र विकास, बेहतर आधारभूत संरचना एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर प्रयासरत है। विकास कार्यों को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने में नागरिकों की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा, "आपकी एक सूचना आपके वार्ड की सड़क एवं नाला संबंधी एवं पानी निकासी की समस्या के शीघ्र समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। आइए, हम सब मिलकर स्वच्छ, सुगम, सुरक्षित एवं विकसित मोतिहारी के निर्माण में सहभागी बनें।"जनहित में आपका सहयोग अपेक्षित है।

## डॉ. नंदलाल बसु की पुण्यतिथि पर 300 बच्चों को किया गया सम्मानित

### आओ प्रतिभा दिखाएं-2026' प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला पुरस्कार




**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रख्यात चित्रकार डॉ. नंदलाल बसु की 61वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नंदलाल बसु इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट, जमालपुर एवं मुंगेर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'आओ प्रतिभा दिखाएं-2026' चित्रकला, निबंध, कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रदर्शनी के सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन पूर्व रेलवे के केंद्रीय संस्थान, जमालपुर में किया गया। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के करीब 300 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन इरवो जमालपुर की अध्यक्षा अनिता वर्णवाल, मुंगेर की मेयर कुमकुम देवी, पूर्व रेलवे अस्पताल के एसीएमएस डॉ. जे.के. प्रसाद, डिप्टी सीएमई अभिनय कुमार, इरवो सचिव शालिनी मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रीति प्रसाद तथा संस्थान की प्राचार्या आंशुलता सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।प्रतियोगिता में जमालपुर और मुंगेर के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने जल संरक्षण, शिक्षा की शक्ति, प्लास्टिक मुक्त शहर, प्रकृति संरक्षण, नशा मुक्ति, साइबर अपराध जागरूकता, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण, दहेज प्रथा, नारी सशक्तिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और धूम्रपान निषेध जैसे सामाजिक विषयों पर चित्र और निबंध प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि अनिता वर्णवाल ने कहा कि कला बच्चों की रचनात्मकता, एकाग्रता और अनुशासन का विकास करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से डॉ. नंदलाल बसु के आदर्शों पर चलकर देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। वहीं मेयर कुमकुम देवी ने कहा कि कला व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है और इसे करियर के रूप में अपनाकर भी सफलता प्राप्त की जा सकती है।कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान की प्राचार्या आंशुलता, शिक्षक सुजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, नीरज कुमार, श्रीनिवास उपाध्याय, मोनिका शर्मा, रुही शर्मा, दीपिका, जयश्री विश्वास, राजीव मंडल, स्वीटी, सूर्यजीत सिंह, श्रेष्ठ सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों की सहभागिता रही।

## घाटे में चल रहे पूर्व रेलवे का उगाही का केंद्र बन कर रह गया जमालपुर कारखाना

### संघर्ष मोर्चा की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा की एक अति आवश्यक बैठक रविवार को जुबली वेल स्थित कन्हैया सिंह के आवास पर मोर्चा के संरक्षक दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें मोर्चा द्वारा अपनी पुरानी मांग जमालपुर कारखाना को पूर्व मध्य रेलवे में शामिल करने जमालपुर कारखाना को निर्माण का दर्जा देने रेलवे विश्वविद्यालय की स्थापना वाई लेग पर स्टेशन निर्माण सहित रेलवे में व्याप्त भ्रष्टाचार अधिकारियों एवं आरपीएफ द्वारा लूट खसोट के साथ ही कई महत्वपूर्ण विषय पर विचार विमर्श कर कर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई जिसका संचालन मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव कर रहे थे।संबोधित करते हुए दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि जमालपुर रेल क्षेत्र के विकास के लिए जिस तरह से यहां पदस्थापित पदाधिकारी आम जनता को दिगभ्रमित कर रहे हैं इसका जवाब मोर्चा को अपने आन्दोलन से देना होगा।वहीं संचालन करते हुए पप्पू यादव ने कहा की घाटे में चल रहे पूर्व रेलवे के उगाही का केंद्र जमालपुर कारखाना अधिकारियों आरपीएफ और संवेदकों का ऐशगाह बन कर रह गया है, श्री यादव ने आगे कहा कारखाना को पूर्व मध्य रेलवे में शामिल करने, इरमी को सुपर एक्सीलेंस का दर्जा देने , वाई लेग पर स्टेशन व पूर्वी एंव पश्चिमी क्षेत्र को जोडते हुए स्टेशन पर उपरी पथ निर्माण के सवाल पर अधिकारियों की मुंह नहीं खुलती मोर्चा इस वादाखिलाफी का जवाब देने सड़क पर उतरेगी। मोर्चा के महासचिव पप्पी कुमार उर्फ. पप्पू यादव ने अधिकारियों और आरपीएफ पर बिफरते हुए कहा की कारखाना में भष्ट्राचार का ये आलम है की अधिकारियों के द्वारा मोटी रकम लेकर कर्मचारियों को कमाऊ जगह पोस्टिंग किया जा रहा है बाहरी मजदूर से गेट पास के नाम पर दस रुपए से लेकर पचास रुपये तक वसूली की जा रही है, अमृत भारत योजना का क्या हश्र है सबके सामने है जिसके विरूद्ध बिना देर किए मोर्चा को आन्दोलन का रूख अखित्यार करना होगा।मोर्चा के प्रवक्ता रविकांत झा एवं मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति ने कहा की सफाई व निर्माण के नाम पर कमीशन खोरी का यह आलम है की क्वार्टर के अच्छे वाले रास्ते को तोड़कर पुनः बनाया जा रहा है गेट बदले जा रहे हैं किमती लोहे को आक्सन के नाम पर बेचा रहा है, और पूर्व रेलवे के अधिकारी जांच के नाम पर पल्ला झाड रहे हैं, जिसका सीधा मतलब है राशी उपर तक पहुँच रही है और मंत्रालय तमाशायी बन गया है, जिसे मोर्चा बर्दास्त नही करेगी।

## जल टावर की मोटर खराब, नयागांव के छह वार्डों में कई दिनों से पेयजल संकट

**छपरा/सोनपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनपुर प्रखंड के नयागांव में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) के बड़े जल टावर का मोटर खराब होने से पिछले कई दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप है। इससे करीब छह वार्डों के हजारों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार 4 जुलाई से जल टावर का मोटर खराब पड़ा है। इसके बाद से नियमित जलापूर्ति बंद है। कई बार अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद अब तक मरम्मत या नया मोटर लगाने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता महावीर कुमार साह ने कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी सोनपुर से अविलंब मोटर की मरम्मत अथवा नया मोटर लगाकर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है। वहीं स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## लोकगायक रामेश्वर गोप की आवाज में भिखारी ठाकुर व महेंद्र मिसिर के गीतों से गूंजा बिहार संग्रहालय का प्रेक्षा गृह



**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सूबे की राजधानी पटना में आयोजित भिखारी के रंग कार्यक्रम में जिले के लोकगायक रामेश्वर गोप की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भिखारी ठाकुर की 55 वीं पुण्यतिथि पर भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसी आर) की पटना इकाई व बिहार संग्रहालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) पटना, आरा ,दिघवारा और एकमा के कलाकारों ने प्रस्तुति दी।गायक गोप ने एकमा इप्टा की ओर से भिखारी ठाकुर की रचनाओं पर आधारित मंगलाचरण व बिदेशिया नाटक का बारहमासा गीत के साथ महेंद्र मिसिर रचित पूर्वी गीतो की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों कों मंत्र मुग्ध कर दिया।गायक गोप की प्रस्तुति को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पार्षद डॉ वीरेंद्र नारायण यादव आईसीसीआर पटना इकाई की निदेशक स्वधा रिज्वी (आईएफएस) बिहार संग्रहालय के अपर महानिदेशक अशोक कुमार सिन्हा वरिष्ठ रंगकर्मी साहित्यकार श्रीकांत किशोर, इप्टा राष्ट्रीय सचिव तनवीर अख्तर रंगकर्मी जावेद अख्तर , फिरोज असरफ खां आदि ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

## संघर्ष से सफलता तक: घोड़ासहन के उमेश ने खड़ा किया बिहार का सबसे बड़ा गारमेंट उद्योग, सैकड़ों युवाओं को मिला रोजगार

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुनेन्द्र कुमार सिंह एक समय फिल्म निर्माण और वितरण की दुनिया में पहचान बनाने वाले घोड़ासहन के उद्यमी उमेश कुमार आज अपने गृह क्षेत्र में रोजगार की नई कहानी लिख रहे हैं. वर्षों तक संघर्ष, उतार-चढ़ाव और करोड़ों रुपये के नुकसान का सामना करने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी.आज उनके प्रयास से घोड़ासहन में स्थापित गारमेंट निर्माण इकाई सैकड़ों युवाओं और महिलाओं को रोजगार देकर पलायन रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बन चुकी है. उमेश कुमार ने बताया कि छात्र जीवन के बाद उन्होंने वर्ष 1990 में घोड़ासहन में राजमंदिर सिनेमा हॉल की स्थापना की.इसके बाद नेपाल में फिल्म वितरण का व्यवसाय शुरू किया, लेकिन माओवादी गतिविधियों के कारण उन्हें वापस बिहार लौटना पड़ा.बाद में मुंबई जाकर उन्होंने फिल्म निर्माण और वितरण के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई.उन्होंने बंगाली फिल्मों 'प्रतिहिंसा', 'प्रेम शक्ति' सहित तीन फिल्मों का निर्माण किया.वहीं भोजपुरी फिल्म 'सैंया हमार' के निमार्ता भी रहे,जिसमें वर्तमान सांसद और अभिनेता रवि किशन को पहली बार मुख्य भूमिका मिली. उस समय बिहार के अधिकांश सिनेमाघरों में फिल्मों की आपूर्ति भी उनके माध्यम से होती थी. वर्ष 2001 के बाद फिल्म कारोबार में आई मंदी से उन्हें करीब दो करोड़ रुपये का नुकसान हुआ.इसके बाद उन्होंने 2005 में घोड़ासहन में अंबिका पैलेस सिनेमा हॉल का निर्माण कराया, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिली.वर्ष 2006 में वे दिल्ली चले गए और गारमेंट उद्योग से जुड़े.गुरुग्राम की एक कंपनी में काम करते हुए उन्होंने इस क्षेत्र की बारीकियां सीखीं.इसके बाद निर्माण क्षेत्र में कदम रखा और दिल्ली कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज, दिल्ली मेट्रो तथा लखनऊ मेट्रो जैसी परियोजनाओं में आठ वर्षों तक कार्य किया.2021 में दूसरे कोरोना काल में सब परिवार घर लौटने के बाद उन्होंने तय किया कि अब अपने ही क्षेत्र में उद्योग स्थापित कर स्थानीय युवाओं को रोजगार देंगे.उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में वे इस परियोजना को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर ले जाने वाले थे,लेकिन तत्कालीन उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन के आग्रह और बिहार सरकार के सहयोग के आश्वासन पर उन्होंने घोड़ासहन में ही उद्योग स्थापित करने का निर्णय लिया.उन्होंने बताया कि तत्कालीन प्रधान सचिव संदीप पौंडरीक ने भी परियोजना को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया.उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में पुरुष परिधानों का ब्रांड 'जिम जैक' तथा महिला परिधानों का ब्रांड 'नुस्करा' तैयार किया जाता है.

### लंबे अनुभव के बाद गृह क्षेत्र लौटकर शुरू की रोजगार की नई पहल, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर






## विशेष टिकट जांच अभियान में 38 यात्री पकड़े गए, ₹23,170 जुर्माना वसूल



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल द्वारा शनिवार को छपरा कचहरी-मशरख-दुरौंधा रेलखंड सहित सिवान-एकमा-छपरा रेलखंड पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 38 बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा गया। उनसे कुल ₹23,170 जुमार्ना वसूल कर रेलवे राजस्व में जमा कराया गया। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रशस्ति श्रीवास्तव के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के तहत छपरा, सिवान, मशरख, छपरा कचहरी एवं दुरौंधा स्टेशनों को आधार बनाकर विभिन्न ट्रेनों और स्टेशनों पर सघन जांच की गई। गाड़ी संख्या 55105 छपरा कचहरी-थावे डेमू तथा 15708 अमृतसरझकटिहार आम्रपाली मेल एक्सप्रेस सहित अन्य सवारी एवं मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों के टिकटों की जांच की गई। मुख्य वाणिज्य निरीक्षक सिवान प्रणव प्रभाकर एवं मुख्य टिकट निरीक्षक सईद अख्तर के नेतृत्व में पांच टिकट जांच कर्मचारियों तथा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के दो जवानों की संयुक्त टीम ने अभियान को अंजाम दिया। जांच अभियान के दौरान संबंधित स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर टिकट लेने के लिए यात्रियों की लंबी कतारें भी देखने को मिलीं, जिसे रेलवे ने यात्रियों में वैध टिकट लेकर यात्रा करने की बढ़ती जागरूकता का सकारात्मक संकेत बताया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रशस्ति श्रीवास्तव ने यात्रियों से अपील की कि वे हमेशा वैध यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें, रेलवे के नियमों का पालन करें तथा ट्रेनों और रेलवे परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें।

## एक नजर

### वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार, एक गिरफ्तार

हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा थाना पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह से तत्पर दिख रही है। दाउदनगर न्यायालय द्वारा कुर्की जब्ती वारंटी के घर रविवार की दोपहर हसपुरा पुलिस दलबल के साथ पहुंच कर वारंटियों के घर के सामने डुगडुगी बजवाकर इश्तेहार चिपकाया। प्रभारी थानाध्यक्ष रवि रंजन मंडल ने बताया कि बरैलीचक गांव निवासी जनार्दन यादव के पुत्र विनोद यादव एवं नवल यादव पर कोर्ट द्वारा कुर्की जब्ती का वारंट निर्गत है। दरवाजे पर पहुंच कर डुगडुगु बजवाते हुए इश्तेहार चिपकाने की विधि संवत प्रकिया की जा रही थी और वारंटी को आत्मसमर्पण करने के लिए बोला जा रहा था। इतने में घर से निकल विनोद यादव नें पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया, जिसे गिरफ्तार कर थाना लाया गया। हरदयाल विगहा गांव निवासी शिव जी प्रसाद के पुत्र बब्लु कुमार के घर पर भी इश्तेहार चिपकाया गया। वहीं पुराने मामले में नामजद अभियुक्त बनी तिलकपुरा गांव की बुचिया देवी पर भी कोर्ट द्वारा कुर्की जब्ती का वारंट निर्गत था। पुलिस दल के दरवाजे पर पहुंचने पर पता चला कि बुचिया देवी की मौत पहले ही हो चुकी है। प्रभारी थानाध्यक्ष नें बताया कि क्षेत्र के सभी अपराधी किस्म के वारंटी व्यक्ति आत्मसमर्पण कर दें, अन्यथा सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

### सेवानिवृत्त चौकीदार उपेंद्र पासवान को विदाई

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज थाना परिसर के सभाकक्ष में रविवार को चौकीदार उपेंद्र पासवान की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने किया। थानाध्यक्ष ने उपेंद्र पासवान की कार्यनिष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता की सराहना करते हुए कहा कि चौकीदार थाना व्यवस्था का अभिन्न अंग होता है। उन्होंने कहा कि उपेंद्र पासवान ने अपने पूरे सेवाकाल में पूरी निष्ठा, सतर्कता और ईमानदारी के साथ पुलिस कार्यों में सहयोग दिया। उन्होंने उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए भविष्य में भी मार्गदर्शन और सहयोग की अपेक्षा जताई। समारोह में उपस्थित अन्य पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी सेवानिवृत्त चौकीदार के योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर थानाध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार, एसआई उमेश कुमार, मिथिलेश कुमार, बिनोद कुमार, रविकांत कुमार, एएसआई मुक्तिदेव निराला, विपिन कुमार, सुनील सिंह सहित थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी, चौकीदार एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

### पैर में गोली मारकर किया घायल, पटना रेफर

**हिलसा**। प्रखंड क्षेत्र के सांघ गांव स्थित हुड़ारी खंधा में एक युवक को पैर में गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद ग्रामीणों के सहयोग से घायल को कराईपरसुराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे पटना रेफर कर दिया।घायल की पहचान सांघ गांव निवासी रविंद्र कुमार उर्फ टलू के रूप में हुई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि युवक के पैर में गोली लगी थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पटना रेफर किया गया।घटना के संबंध में कराई परसुराय के थानाध्यक्ष सुशील कुमार पासवान ने बताया कि कुछ दिन पहले कुशहा गांव में मवेशी चोरी का एक मामला दर्ज कराया गया था। प्रारंभिक जांच में गोलीबारी की घटना का संबंध उसी मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और घटना में शामिल लोगों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### 15 जुलाई को होगा मलावां पैक्स अध्यक्ष का चुनाव, 1467 मतदाता करेंगे मतदान

**सरमेरा**। प्रखंड के मलावां पैक्स अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव में कुल 1467 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए मलावां मध्य विद्यालय में तीन मतदान केंद्र (बूथ) बनाए गए हैं।प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सह निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि 15 जुलाई को मतदान कराया जाएगा। चुनाव को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ मतदाताओं की सुविधा के लिए भी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।उन्होंने बताया कि प्रशासन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि को मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

### भाजपा की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

**बिहारशरीफ**। भारतीय जनता पार्टी नालंदा की जिला मासिक बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान जिले में हाल के दिनों में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की सफलता के लिए रणनीति पर चर्चा हुई। प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हैं और संगठन उनके मान-सम्मान का पूरा ध्यान रखता है। उन्होंने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि बूथ और मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को उम्मीदवार बनाना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा निष्ठापूर्वक कार्य करने वालों को आगे बढ़ने का अवसर देती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने दायित्वों का इमानदारी से निर्वहन करें तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार, साबो देवी, तेजस्विता राधा, डॉ. आशुतोष कुमार, नीरज कुमार डब्ल्यू, शिवशंकर दास, जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप, शिवरतन प्रसाद, प्रवीण कुमार सिंह, अमरेश कुमार, योगेंद्र मंडल, उजाला कुमार सोनी, गोपाल कुमार, विकास कुमार चंद्रवंशी, मणिकांत पासवान, सुभाष सिंह सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संगठन ही संघर्ष की ताकत, संघर्ष ही अधिकार की गारंटी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। अखिल भारतीय खेत ग्रामीण एवं मजदूर सभा के देशव्यापी सदस्यता अभियान के तहत शनिवार को प्रखंड के तरार पंचायत के हरि नगर में ग्रामीण बैठक आयोजित कर व्यापक सदस्यता अभियान चलाया गया।



बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा किसानों, खेत मजदूरों एवं ग्रामीण गरीबों के हक-अधिकार की लड़ाई को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि आज बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भूमि संबंधी समस्याएं, न्यूनतम मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन जैसे गंभीर सवालों का समाधान केवल संगठित जनसंघर्ष से ही संभव है। इसलिए गांव-गांव तक संगठन का विस्तार और सदस्यता अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बैठक को संबोधित करते हुए काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि खेत मजदूरों, गरीब किसानों और मेहनतकश जनता की एकजुटता ही उनके अधिकारों की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से संगठन की सदस्यता ग्रहण कर जनसंघर्ष को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाकपा (माले) के राज्य कमिटी सदस्य एवं अखिल भारतीय खेत ग्रामीण एवं मजदूर सभा के जिला सचिव चंद्रमा पासवान, जिला कमिटी सदस्य एवं पूर्व जिला सचिव जनार्दन प्रसाद, जिला कमिटी सदस्य पिंटू मेहता, नरेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र वर्मा, विकास कुमार, लक्ष्मण प्रसाद, राजू कुमार, नंदलाल राम, कैश खान, रुस्तम खान उपस्थित रहे।

### सिर्फ अपना नाम बता पा रहा युवक, पहचान कराने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के टिकरी गांव में एक युवक मिला है, जो अपना नाम मनीष कुमार बता रहा है। हालांकि वह अपने गांव, पिता का नाम अथवा अन्य कोई जानकारी नहीं दे पा रहा है, जिससे उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। स्थानीय समाजसेवी मंटू सिंह ने युवक को सुरक्षित अपने संरक्षण में रखा है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति युवक को पहचानता हो या उसके परिजनों के संबंध में जानकारी रखता हो, तो तत्काल संपर्क कर उसे उसके परिवार से मिलाने में सहयोग करें। मंटू सिंह ने पुलिस प्रशासन से भी युवक की पहचान कर उसे सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# लोजपा (रामविलास) के कुटुंबा प्रखंड अध्यक्ष बने रौशन कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संगठन विस्तार अभियान के तहत कझपा गांव निवासी रौशन कुमार सिंह को कुटुम्बा प्रखंड का नया प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपकर नई जिम्मेदारी सौंपी। मनोनयन के बाद रौशन कुमार सिंह ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन के विश्वास पर पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' की विचारधारा को प्रखंड के हर गांव और घर तक पहुंचाने के लिए कार्य किया जाएगा। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत




बनाते हुए कार्यकर्ताओं को साथ लेकर धरातल पर सक्रिय राजनीति की जाएगी।

इस अवसर पर सदर प्रखंड अध्यक्ष रॉकी राज, नगर अध्यक्ष पवन जी, शिवनाथ पासवान, गोबिंद पासवान, विवेक पासवान समेत पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष को बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# सीटी बजाओ, स्कूल चलो अभियान से बढ़ी विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर**। मदनपुर प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय सलैया के प्रधानाध्यापक की अनुठी पहल से विधालय में छात्र छात्राओं की उपस्थिति बढ़ने, शिक्षा के प्रति लोगों में रुझान व जागरूकता बढ़ी है। राजकीय मध्य विद्यालय सलैया के प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रसाद गुप्ता द्वारा विद्यालय में छात्रों की नियमित उपस्थिति एवं ठहराव बढ़ाने के उद्देश्य से सीटी बजाओ, स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभिनव पहल के तहत छात्र प्रतिदिन सुबह गांव की गलियों में सीटी बजाते हुए घर से निकलते हैं और अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील करते हैं। सीटी की आवाज सुनकर अन्य नामांकित बच्चे घरों से निकल निकल कर टोली में शामिल हो कर विद्यालय पहुंचते हैं। प्रधानाध्यापक द्वारा सलैया, बैजू बिगहा, जई बिगहा, अररूआ, हरि बिगहा तथा भुइयां बिगहा गांव के तीन तीन बच्चों को सीटी उपलब्ध कराया गया है। इस अभियान का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। विद्यालय में छात्र छात्राओं की उपस्थिति और ठहराव में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा ड्रॉपआउट की संख्या में कमी आई है। बच्चे स्वयं भी उत्साह पूर्वक इस अभियान में भाग लेकर अपने साथियों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रसाद गुप्ता ने



बताया कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। विद्यालय का उद्देश्य केवल नामांकन बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे को नियमित रूप से विद्यालय से जोड़कर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता और अभिभावकों के सहयोग से यह अभियान लगातार सफल हो रहा है। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है और विद्यालय के प्रति सकारात्मक माहौल बना है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह नवाचार अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकता है। मुखिया मनोज चौधरी ने इस पहल की विशेष उल्लेखनीय बताया। सीटी की आवाज़ सिर्फ़ बच्चों को नहीं, बल्कि पूरे समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का संदेश है।

# व्यवहार न्यायालय परिसर में 'अमिगो लॉ चैंबर्स' का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित शहीद जगतपति भवन के चैंबर संख्या-06 में रविवार को अमिगो लॉ चैंबर्स का उद्घाटन किया गया। चैंबर के प्रोपराइटर अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह हैं। उद्घाटन उनके पिता एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राम सुरेश सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में जिला बार एसोसिएशन के सचिव जगनारायण सिंह, अधिवक्ता अमन राज सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिवक्ताओं, बार एसोसिएशन के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं अन्य अतिथियों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह को नए चैंबर्स के शुभारंभ पर बधाई देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल विधिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह ने कहा कि अमिगो लॉ चैंबर्स का उद्देश्य आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और भरोसेमंद विधिक सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन और सहयोग से न्याय के प्रति समर्पित भाव के साथ कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के



अंत में अतिथियों का सम्मान किया गया तथा जलपान की व्यवस्था की गई। उद्घाटन समारोह सौहार्दपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

# हरिहरगंज बाईपास निर्माण से संडा के जगन बिगहा में जलजमाव का संकट, ग्रामीण परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। नेशनल हाईवे 139 पर हरिहरगंज बाईपास का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ग्राम पंचायत संडा के जगन बिगहा गांव के ग्रामीणों के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है। बाईपास निर्माण के कारण गांव में नाली के पानी की निकासी पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश और चिंता है। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी के मौसम में तो जैसे-तैसे वक्त कट गया, लेकिन अब मॉनसून की दस्तक के साथ ही पूरे गांव में जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न होने का खतरा मंडराने लगा है। ग्रामीण अमरेश मेहता ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण और बाईपास निर्माण से पहले स्थिति ऐसी नहीं थी। पूर्व में सड़क पर बने पुल के माध्यम से नाली का पानी आसानी से सड़क के किनारे-किनारे निकल जाता था। परंतु, इस बार निर्माण कार्य कर रही कंपनी ने घोर लापरवाही बरतते हुए पुल का निर्माण सड़क के मौजूदा लेवल से काफी गहराई में कर दिया है। इसके अलावा, सड़क चौड़ी होने के कारण पानी के निकास का पुराना मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब इस गंभीर समस्या को लेकर निर्माण कार्य कर रही कंपनी के अधिकारियों से बात की जाती है, तो वे नाली निर्माण या पानी की निकासी को लेकर कोई उचित जवाब नहीं देते। कंपनी के इस उदासीन रवैये के कारण ग्रामीण असमंजस और लाचारी की स्थिति में हैं। जगन बिगहा के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि बरसात का मौसम पूरी तरह सक्रिय होने से पहले मौके का मुआयना किया जाए और पानी की निकासी के लिए पक्की नाली का निर्माण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि गांव को जलमग्न होने और बीमारियों के फैलने से बचाया जा सके।

# लाल गलियारे के गांव से बॉलीवुड तक : औरंगाबाद के सुबोध कुमार की बहुमुखी पहचान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड स्थित चंदेलपुर गांव के निवासी सुबोध कुमार मुंबई की फिल्मी दुनिया के साथ-साथ साहित्य और संगीत के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। ग्रामीण पृष्ठभूमि से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने वाले सुबोध कुमार का सफर युवाओं के लिए प्रेरणादायी माना जा रहा है। सुबोध कुमार ने हाल ही में अपनी हिंदी फीचर फिल्म "27/1987" की शूटिंग धनबाद और दमन-दीव में पूरी की है। फिल्म के निर्माता अनुज कुमार सिंह तथा सह-निर्माता ललन सिंह हैं। उनका नया प्रोजेक्ट "मुखाग्नि" भी एक प्रमुख टेलीविजन चैनल पर प्रसारण के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि फिल्म, साहित्य और कला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का प्रभावी



साधन भी हैं। इसी उद्देश्य से उन्होंने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' विषय पर एक लघु फिल्म का निर्माण किया है। इसके अलावा वे भारतीय अर्धसैनिक बलों के लिए कई प्रेरणादायी गीत भी लिख चुके हैं। राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रधानमंत्री पोर्टल के लिए तैयार किया गया उनका राम भजन भी चर्चा में रहा और सोशल मीडिया पर व्यापक सराहना मिली। साहित्य के क्षेत्र में वे "अमिताभ चालीसा" और "भगवा राष्ट्रवाद" सहित कई पुस्तकों का लेखन कर चुके हैं तथा नई पुस्तकों पर कार्यरत हैं। सुबोध कुमार ने बताया कि उनकी एक पुस्तक का लोकार्पण तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के कार्यकाल में राष्ट्रपति भवन के सेंट्रल हॉल में हुआ था, जहां उन्हें सम्मानित भी किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की संघ प्रार्थना का हिंदी रूपांतरण और पैरोडी तैयार करने का भी दावा किया तथा इसे संघ के शताब्दी वर्ष को समर्पित बताया। उन्होंने यह भी दावा किया कि नए संसद भवन के निर्माण की अवधारणा का प्रारंभिक वैचारिक मसौदा उन्होंने अपनी पुस्तक "भगवा राष्ट्रवाद" में प्रस्तुत किया था। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। फिल्म, साहित्य और संगीत के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय सुबोध कुमार के आगामी टेलीविजन प्रोजेक्ट "मुखाग्नि" को लेकर उनके प्रशंसकों में उत्सुकता बनी हुई है।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के पटेल कालोनी के समीप मनोकामना मंदिर के पास शिव दर्शन भवन के प्रांगण में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा औरंगाबाद का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर थानाध्यक्ष भवन बैठा की गरिमामई उपस्थिति रही। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संबोधन के क्रम में मुख्य अतिथि ने बताया कि यह संस्था आध्यात्मिक चेतना को बढ़ाने में मजबूती प्रदान करती है। स्थापना दिवस के मौके पर संस्था के ऊपरी तल्ला का उद्घाटन किया गया। अब कार्यालय में मेडिटेशन रुम, कम्प्यूटर रुम की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम का संचालन करण कुमार द्वारा किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष अंबा के प्रवीण गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

### बेल-बराही पथ चपरी में उभरे गड्ढों से हो रही है परेशानी

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। ओबरा-बेल रोड से बराही जाने वाली सड़क की स्थिति बद से बदतर हो गई है। यह स्थिति ओबरा प्रखंड के चपरी देवी के पास की है। जहां पर घरों की पानी जमा होने से गड्ढों में तब्दील हो गई है। बरसात के दिनों में तो युक्त जगहों पर मौत का कुआं बन जाता है। युक्त जगह गड्ढों में पानी जमा रहने से आम लोगों की परेशानियां हो रही है। स्कूली बच्चों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग से ज्ञान गंगा लक्ष्मी पब्लिक स्कूल पड़ता है। इसी मार्ग से विद्यालय के बच्चे बस पर जाते है। सैंकड़ों वाहनो का आवागमन है। वैसी स्थिति में जलजमाव का खतरा बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि कई घरों का पानी नाली का निर्माण नहीं होने से सड़को पर जमा हो जाता है और बरसात के दिन मे मौत का कुंआ बन जाता है। जिससे राहगीरों को वाहन तो दूर पैदल जाने पर भी काफी परेशानियां हो रही हैं।

# सूर्यकुंड घाट की क्षतिग्रस्त सीढ़ियां बनीं हादसे का कारण, जीर्णोद्धार कार्य ठप



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। भगवान भास्कर की नगरी देव स्थित ऐतिहासिक सूर्यकुंड तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य कई महीनों से बंद पड़ा है। निर्माण कार्य में लगातार हो रही देरी के कारण आगामी देव छठ मेले के दौरान किसी बड़े हादसे की आशंका जताई जा रही है। सूर्यकुंड के पूर्वी छोर पर गायत्री मंदिर के पीछे स्थित घाट की कई सीढ़ियां क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। लंबे समय से इनका पुनर्निर्माण नहीं होने से श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में तत्कालीन जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए पर्यटन विभाग के कनीय एवं सहायक अभियंताओं को फटकार लगाई थी तथा शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए विभाग को पत्र भी लिखा था। इसके बावजूद अब तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले देव छठ मेले के दौरान भी वर्तमान जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा से इस संबंध में शिकायत की गई थी। उस समय उन्होंने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन निर्माण कार्य अब भी अधूरा पड़ा है। जानकारी के अनुसार सूर्यकुंड घाट के जीर्णोद्धार एवं भवन निर्माण के लिए पर्यटन विभाग द्वारा लगभग नौ करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। इसके बावजूद परियोजना समय पर पूरी नहीं हो सकी। गौरतलब है कि देव में आयोजित छठ महापर्व के अवसर पर प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु सूर्यकुंड में अर्घ्य देने पहुंचते हैं। ऐसे में क्षतिग्रस्त घाट और अधूरा निर्माण कार्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है।




- संभावित बाढ़/सुखाड़ की स्थिति के मद्देनजर पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान बिहार, पटना के पीछे में अवस्थित पशुपालन निदेशालय में आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।
- यह नियंत्रण कक्ष सोमवार से शानिवार तक 8.00 बजे पूर्वाह्न से 07.00 बजे अपराह्न तक दो पालियों में कार्यरत रहेगा।
- नियंत्रण कक्ष में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों के अलावा सहायक कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।
- बाढ़/सुखाड़ से पशुपालन संबंधी किसी प्रकार की शिकायत/सुझाव नियंत्रण कक्ष में स्थापित दूरभाष संख्या 0612–2230942 एवं ई–मेल ahdapdabih@gmail.com पर दी जा सकती है।
- सभी जिला पशुपालन पदाधिकारियों को भी जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का आदेश दिया गया है।
- राज्यवासियों/पशुपालकों से अनुरोध है कि बाढ़/सुखाड़ की स्थिति में संबंधित जिला पशुपालन पदाधिकारी के साथ–साथ आपदा नियंत्रण कक्ष पर भी सम्पर्क स्थापित करें।

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार
@BiharDFARD
PR- 007586 (Animal & Fish)D. 2026-27

# एक वर्ष में 20वें स्थान से प्रथम स्थान तक पहुंचा वैशाली

## डीएम के कुशल नेतृत्व में सात निश्चय योजनाओं के क्रियान्वयन में वैशाली बना राज्य का नंबर 1 जिला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी 'सात निश्चय' योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में वैशाली जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए राज्य के सभी 38 जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बिहार विकास मिशन द्वारा जारी मासिक प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार अप्रैल 2025 में वैशाली जिला जहां राज्य में 20वें स्थान पर था, वहीं अप्रैल 2026 की रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले ने विकास एवं सुशासन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह (भा.प्र.से.) के कुशल नेतृत्व, सतत अनुश्रवण, प्रभावी निर्देशन एवं परिणामोन्मुखी प्रशासनिक कार्यशैली का प्रतिफल है। जिला पदाधिकारी द्वारा योजनाओं की नियमित समीक्षा, प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक सतत मॉनिटरिंग तथा समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने से सात निश्चय योजनाओं के बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर नियमित रूप से आयोजित जनता दरबार के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही सात निश्चय की प्रत्येक योजना की सूक्ष्म समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। किसी भी माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेकर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की गई है, जिससे आमजन का प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। 'स्वच्छ गाँव समृद्ध गाँव' एवं 'स्वच्छ शहर समृद्ध शहर' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में जिले में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। 'हर घर नल का जल' योजना के प्रभावी संचालन के कारण इस वर्ष भीषण गर्मी के दौरान जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी गई। 'हर गाँव सोलर स्ट्रीट लाइट' योजना के अंतर्गत जिले में लगभग 94 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य तेजी से जारी है। 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' योजना के माध्यम से किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे कृषि उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। वहीं 'सुलभ संपर्कता' योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नई सड़कों एवं संपर्क मार्गों का निर्माण निरंतर जारी है, जिससे आवागमन और ग्रामीण विकास को नई गति मिली है। महिलाओं के सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वरोजगार, उद्यमिता एवं उच्च शिक्षा के लिए विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक किया गया है, जिससे आम नागरिकों एवं पशुपालकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हो रही हैं। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी), हाजीपुर द्वारा 'आर्थिक हल, युवाओं को बल' कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार पंचायत स्तर तक किया जा रहा है। इस उपलब्धि पर जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने कहा कि 'वैशाली का राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करना जिला प्रशासन, विभिन्न विभागों, जनप्रतिनिधियों पंचायत प्रतिनिधियों तथा जिले की जागरूक जनता के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। हमारा उद्देश्य केवल रैंकिंग प्राप्त करना नहीं, बल्कि सरकार की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पारदर्शी, संवेदनशील एवं समयबद्ध तरीके से पहुँचाना है। आने वाले समय में भी वैशाली जिला सुशासन, विकास एवं जनसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहेगा।' साथ ही जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है और भविष्य में भी विकास के नए मानक स्थापित करने का प्रयास जारी रहेगा। योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी अथवा सहायता के लिए विद्यार्थी एवं अभिभावक जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी), हाजीपुर के दूरभाष संख्या 06224-260165 अथवा टोल-फ्री हेल्पलाइन 18003456444 पर संपर्क कर सकते हैं।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सुविधाओं की कमी पर फॉरवर्ड ब्लॉक ने जताई नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक की एक टीम ने शनिवार को गिरिडीह सदर और गांडेय प्रखंड के विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सदर प्रखंड के खावा पंचायत तथा गांडेय प्रखंड के बुधुडीह स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंद पाए गए। टीम का नेतृत्व पार्टी नेता एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य राजेश यादव ने किया। उनके साथ मेहताब अली मिर्जा, मनोज यादव, शंकर वर्मा और यमुना वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने टीम को बताया कि खावा (नावाडीह) स्थित आरोग्य मंदिर सप्ताह में केवल एक दिन कुछ घंटों के लिए खुलता है, जबकि बुधुडीह में भी स्वास्थ्य केंद्र का संचालन नाममात्र का होता है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों के निरीक्षण की सूचना मिलने पर ही केंद्र खोला जाता है। राजेश यादव ने इस स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को नियमित रूप से संचालित किया जाना चाहिए तथा उन्हें पर्याप्त संसाधन, दवाएं और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि सभी आरोग्य मंदिरों को प्रभावी ढंग से संचालित कर आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो फॉरवर्ड ब्लॉक जागरूकता अभियान चलाकर आंदोलन करेगा।

# उसरी फॉल बचाने को ग्रामीणों का पैदल मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गिरिडीह।** उसरी नदी एवं उसरी फॉल को बचाने की मांग को लेकर शनिवार को गंगापुर से चतरो मोड़ तक सैकड़ों ग्रामीणों ने पैदल मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व भाकपा माले, असंगठित मजदूर मोर्चा, झामस, अखिल भारतीय किसान महासभा तथा 'एक आवाज प्रदूषण के खिलाफ' और 'उसरी बचाव अभियान' से जुड़े कार्यकर्ताओं ने किया। पूरे मार्ग में उसरी नदी और उसरी फॉल को बचाने के समर्थन में नारे लगाए गए।

मार्च का नेतृत्व कर रहे माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि उसरी नदी और उसरी फॉल के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक फैक्ट्री गंगापुर से चतरो तक पाइपलाइन बिछाकर नदी का पानी फैक्ट्री तक ले जाने की तैयारी कर रही है, जिसका ग्रामीण लगातार विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि 'उसरी फॉल को किसी भी कीमत पर बर्बाद नहीं होने देंगे और इसके लिए आर-पार की लड़ाई जारी रहेगी।' उन्होंने इस मामले को उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, वन विभाग, डीसीसी, सांसद और विधायक के समक्ष उठाने तथा जरूरत पड़ने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी असंगठित मजदूर मोर्चा के वरिष्ठ नेता कन्हाई पांडेय ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री प्रबंधन ने गंगापुर के ग्रामीणों से विकास कार्यों के वादे किए थे, लेकिन अब तक उन्हें पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों पर दबाव बनाकर पाइपलाइन बिछाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका गांव के लोग विरोध कर रहे हैं सामाजिक कार्यकर्ताओं शुभांकर कुमार और विजय विशाल ने कहा कि उनका संगठन भी इस परियोजना का शुरू से विरोध करता रहा है और आगे भी आंदोलन जारी रहेगा। वहीं महिला नेत्री पूजा मुर्मू समेत अन्य ग्रामीण नेताओं ने कहा कि यदि पाइपलाइन का कार्य नहीं रोका गया तो थाना और प्रशासनिक कार्यालयों के समक्ष आंदोलन किया जाएगा। मार्च में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान नारे भी लगाए गए।

# प्रतिस्पर्धा नहीं, पूरकता ही चिकित्सा का मूल सिद्धांत : डॉ. संजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**देहरादून।** संजय ऑर्थोपीडिक स्पाइन एवं मैटरनिटी सेंटर तथा सेवा सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में 'रोल ऑफ फिजियोथेरेपी इन फिजिकल हेल्थ' विषय पर आयोजित सेमिनार में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने फिजियोथेरेपी की बढ़ती भूमिका और विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के समन्वय पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पद्मश्री प्रो. डॉ. बी. के. एस. संजय ने कहा कि कोई भी चिकित्सा पद्धति दूसरी चिकित्सा पद्धति की प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि सभी एक-दूसरे की पूरक हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों और फिजियोथेरेपिस्टों को सहयोग और समन्वय की भावना से कार्य करना चाहिए। एम्स गुवाहाटी के अध्यक्ष डॉ. ने संजय बौद्ध दर्शन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जैसी सोच होती है, वैसा ही व्यक्तित्व बनता है। उन्होंने कहा कि रोगी के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए सभी चिकित्सा प्रणालियों का सम्मान करना चाहिए और किसी भी पद्धति के प्रति नकारात्मक धारणा नहीं बनानी चाहिए। ऑर्थोपीडिक सर्जन, उत्तराखंड ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. एस. एन. सिंह ने कहा कि प्रत्येक फिजियोथेरेपिस्ट को यह जानकारी होनी चाहिए कि किन परिस्थितियों में फिजियोथेरेपी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चोट लगने के बाद पहले दिन से ही आवश्यकता के अनुसार फिजियोथेरेपी शुरू कर देनी चाहिए, जिससे मरीजों को शीघ्र लाभ मिल सके। विशिष्ट वक्ता एवं स्पाइन सर्जन डॉ. गौरव संजय ने कहा कि फ्रैक्चर, नर्व इंजरी और पैरालिसिस जैसे मामलों में शुरुआती फिजियोथेरेपी मरीज की रिकवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि समय पर ऑपरेशन, सही पुनर्वास और नियमित फिजियोथेरेपी से मरीज की कार्यक्षमता काफी हद तक वापस लाई जा सकती है। उन्होंने मरीजों को उपचार और रिकवरी की संभावित अवधि के बारे में पहले से जानकारी देने की भी सलाह दी। सेमिनार में बड़ी संख्या में फिजियोथेरेपी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। आयोजकों ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

# अवैध खनन पर प्रशासन की बड़ी कारवाई

## बेंगाबाद में पोकलेन मशीन जब्त, एफआईआर का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में अवैध खनन, अवैध उत्खनन और खनिजों के अवैध परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने शनिवार को बेंगाबाद प्रखंड के अरतोका क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवैध खनन की पुष्टि होने पर एक पोकलेन मशीन जब्त करने तथा संबंधित लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन, अवैध उत्खनन और खनिजों के अवैध परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध खनन अधिनियम एवं अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए उपायुक्त ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अवैध खनन से सरकारी राजस्व की हानि के साथ-साथ पर्यावरण और स्थानीय पारिस्थितिकी को भी नुकसान पहुंचता है। इसलिए दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी, अंचल प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को संयुक्त रूप से नियमित छापेमारी अभियान चलाने, संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने तथा अवैध खनन और खनिज परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही जब्त मशीनों और वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए दोषियों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि अवैध खनन से संबंधित किसी भी सूचना की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि समय पर कार्रवाई कर प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# रास्ता विवाद को लेकर आर्मी जवान और उसके पिता की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** बिदुपुर थाना क्षेत्र के रजासो गांव में रविवार की सुबह रास्ते के विवाद हुई एक आर्मी के जवान और उसके पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। भूमि विवाद को लेकर हुए डबल मर्डर की घटना के बाद इलाके में सनसनी मच गई। इधर घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार और बिदुपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुड़ गई।

**मृत आर्मी का जवान चार दिन पहले छुट्टी में आया था घर**

मृतक के परिजनों ने बताया आर्मी जवान जितेंद्र कुमार दिल्ली में तैनात था और कुछ दिन पहले ही एक रिश्तेदार की बिजली लगने से



मौत हो जाने के बाद घर आया था। इसी बीच कल देर शाम विवादित जमीन से रास्ते को लेकर आरोपी जगदीश राय और आर्मी जवान के साथ झगड़ा हुआ जिसे सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुलझा दिया था लेकिन आज सुबह आरोपी जगदीश राय ने आर्मी जवान जितेंद्र कुमार और उसके पिता मुनारीक राय को गोली मार दी। जिसमे पिता की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पुत्र जितेंद्र को गंभीर हाल में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है

**क्या कहते हैं पदाधिकारी**

इस संबंध में सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है लेकिन घटना के बाद से आरोपी और उसका परिवार घर छोड़कर फरार हो गया है। फ़िलहाल पुलिस दोनो शव का पोस्टमार्टम करा रही है और आगे की जांच की जा रही है।

# बेल-बराही पथ चपरी में उभरे गड्ढों से परेशानी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ओबरा-बेल रोड से बराही जाने वाली सड़क की स्थिति बद से बदतर हो गई है। यह स्थिति ओबरा प्रखंड के चपरी देवी के पास की है। जहां पर घरों की पानी जमा होने से गड्ढों में तब्दील हो गई है। बरसात के दिनों में तो युक्त जगहों पर मौत का कुआं बन जाता है। युक्त जगह गड्ढों में पानी जमा रहने से आम लोगों की परेशानियां हो रही है। स्कूली बच्चों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग से ज्ञान गंगा लक्ष्मी पब्लिक स्कूल पड़ता है। इसी मार्ग से विद्यालय के बच्चे बस पर जाते हैं। सैकड़ों वाहनों का आवागमन है। वैसी स्थिति में जलजमाव का खतरा बढ़ गई है।

# जिले भर में गणना प्रपत्रों के वितरण व डिजिटाइजेशन का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 अभियान के तहत रविवार को जिले के सभी प्रखंडों में गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन कार्य का व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर विभिन्न वरीय अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्रों में पहुंचकर अभियान की प्रगति का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने डोर-टू-डोर भ्रमण कर बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों से कार्यों की समीक्षा की और गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण व डिजिटाइजेशन की स्थिति का सत्यापन किया। अधिकारियों ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को निर्देश दिया कि गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन कार्य समय पर पूरा किया जाए। साथ ही ऑनलाइन अपलोड में शुद्धता, गुणवत्ता और समयबद्धता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

# नर्सिंग शिक्षा समाज को कुशल स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध कराने का माध्यम : सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सिमुलतला/जमुई।** स्वामी विवेकानन्द विद्यापीठ परिसर स्थित स्वामी विवेकानन्द नर्सिंग स्कूल एवं केएसएस कॉलेज में रविवार को जीएनएम फर्स्ट, सेकेंड ईयर तथा बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमुई सांसद अरुण भारती ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर समारोह का उद्घाटन किया। सांसद के संस्थान पहुंचने पर निदेशक प्रमुख डॉ. यू.पी. गुप्ता एवं निदेशक रितेश गुप्ता ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। उद्घाटन समारोह में जिला परिषद प्रतिनिधि आलोक सिंह, खुरंडा पंचायत के पूर्व मुखिया बलदेव यादव एवं मुखिया प्रतिनिधि रामदेव यादव भी मौजूद रहे। समारोह में जीएनएम एवं बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने रोगियों की सेवा, मानवता और अपने पेशे के प्रति निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करने की शपथ ली। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सिंग छात्राओं के स्वागत गीत से हुई, जबकि बाद में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। निदेशक प्रमुख डॉ. यू.पी. गुप्ता ने कहा कि शपथ केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सेवा और जिम्मेदारी का संकल्प है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग के विद्यार्थी अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए समाज और मरीजों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। निदेशक रितेश गुप्ता ने कहा कि नर्सिंग पेशा मानव सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। नियमित अध्ययन और व्यवहारिक प्रशिक्षण से ही विद्यार्थी एक कुशल स्वास्थ्यकर्मी बन सकते हैं। उन्होंने छात्रों से अनुशासन और नियमित कक्षाओं में भाग लेने की अपील की। मुख्य अतिथि सांसद अरुण भारती ने कहा कि नर्सिंग शिक्षा समाज को कुशल स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने संस्थान द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यहां से प्रशिक्षित विद्यार्थी अस्पतालों में मरीजों की बेहतर देखभाल कर समाज की सेवा करेंगे। उन्होंने संस्थान के निदेशक प्रमुख डॉ. यू.पी. गुप्ता एवं निदेशक रितेश गुप्ता को इस पहल के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान सिमुलतला सिविल सोसायटी के चेयरमेन मुकेश कुमार सिंह ने सांसद को सिमुलतला रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग का ज्ञापन सौंपा। वहीं संस्थान की ओर से रेलवे फाटक संख्या स्पेशल-36 पर ओवरब्रिज निर्माण, आदिवासी आवासीय विद्यालय की स्थापना तथा सिमुलतला को प्रखंड एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग रखी गई। सांसद ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिया। एक सवाल के जवाब में सांसद ने कहा कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिमुलतला में चिकित्सकों की कमी का मुद्दा वह संबंधित स्तर पर उठाएंगे तथा क्षेत्र में 24 घंटे डॉक्टर और नर्स की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगे।कार्यक्रम में संस्थान के कर्मी राम अजित यादव, पीयूष कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सांसद के साथ लोजपा (रामविलास) के नेता जीवन सिंह, चंदन सिंह, इंद्रदेव यादव, वैभव प्रजापति, प्रकाश पंडित, धीरेंद्र कुमार और दीपक सिंह भी मौजूद थे।

# समयागढ़ बाजार में जेवर दुकान में भीषण डकैती

## हथियार के बल पर 15 लाख के गहने और 70 हजार नकद की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोकामा।** समयागढ़ थाना क्षेत्र के समयागढ़ बाजार में रविवार शाम बदमाशों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। माँ अम्बे ज्वेलर्स में चार नकाबपोश लुटेरों ने पिस्तौल के बल पर भीषण लूटपाट की और फायरिंग कर फरार हो गए। दुकान के संचालक चंदन सोनार ने बताया कि वह शाम को दुकान में मौजूद थे, तभी चार नकाबपोश अपराधी अंदर घुसे। हथियार दिखाकर बदमाशों ने पहले उनके साथ मारपीट की, फिर दुकान में रखे सभी सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। बदमाश गल्ले में रखे 70 हजार रुपये नकद भी उड़ा ले गए। जाते-जाते अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए एक राउंड फायरिंग की और मौके से भाग निकले। चंदन सोनार के अनुसार, लूटे गए आभूषणों की कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। घटना की सूचना मिलते ही समयागढ़ थानाध्यक्ष सौरभ कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस तुरंत अपराधियों के पीछे लग गई है और इलाके में नाकेबंदी कर दी गई है। मामले की गहन छानबीन की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।रविवार शाम बाजार में हुई इस वारदात से इलाके के दुकानदारों में दहशत का माहौल है। स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# खिरियावां के वार्ड नं तीन में अधूरी पड़ी है नल-जल योजना

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मदनपुर प्रखंड के खिरियावां पंचायत के वार्ड नं तीन में पंचायत के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं से काफी दूर हैं। 50 घरों से 300 आबादी गांव में जीवन बस करता है। यहां के लोगों को मुख्य पेशा खेती है। गांव के इक्का दुक्का युवा सरकारी सेवा में है। वहीं अधिकांश युवा अन्य प्रदेशों में मजदूरी करते हैं। वहीं बंटाई पर खेती करना इनका मुख्य पेशा है मगर खेती करना भी आप इनका लाभ के बदले घाट का सौदा साबित हो रहा है। ग्रामीणों के सिंचाई की मुकम्मल व्यवस्था नहीं होने से उनकी खेती भी भगवान भरोसे होती है। वहीं गांव की सड़के आज भी बदतर है। गांव की गलियों पर नाली का गंदा पानी वर्षों भर बह रहा है जिसे देखने या इसका निदान करने वाला कोई नहीं है।

# सीएम की प्रस्तावित यात्रा को लेकर डीएम ने लिया जायजा

## नये डिग्री कॉलेज का मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के 15 जुलाई को प्रस्तावित भागलपुर आगमन एवं नव स्थापित डिग्री कॉलेज के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने आज जिले के गोराडीह प्रखंड स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियो के साथ रविवार को गोराडीह प्रखंड के शालपुर पंचायत के कासिल गांव पहुंच कर नवस्थापित डिग्री कॉलेज के उद्घाटन कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने हेलीपैड, मुख्य कार्यक्रम स्थल, नवस्थापित डिग्री कॉलेज परिसर, मंच निर्माण, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था तथा सुरक्षा संबंधी तैयारियों का गहन जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम से पूर्व सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए प्रत्येक व्यवस्था उच्च गुणवत्ता की हो तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। श्रीमति पांडेय ने कार्यपालक अभियंताओं एवं संबंधित एजेंसियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने वाले मार्गों की मरम्मत, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण तथा आवश्यक संकेतकों की स्थापना शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पर्याप्त पेयजल, शौचालय, चिकित्सा सहायता केंद्र एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था की तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को वीवीआईपी सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्गों के सुचारू संचालन तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु समुचित कार्ययोजना तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम के सफल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, नगर पुलिस अधीक्षक अमितेश झा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार सहित जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता तथा अन्य प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित थे।

# छात्रों की गूंज अभियान रथ पहुंचा वीरपुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** छात्रों की गूंज अभियान के तहत रविवार को जनजागरण रथ वीरपुर प्रखंड के मुजफ्फरा, जगदर और वीरपुर पूर्वी पंचायत पहुंचा जहां छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। रथ पर लगे एलईडी से छात्र छात्राओं को कांग्रेस के नेता सह लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी का संबोधन दिखाया गया जिसमें शिक्षा, रोजगार, पेपर लीक, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। जानकारी देते हुए ऋषभ सिंह शांडिल्य ने बताया कि छात्रों की गूंज अभियान के जिला संयोजक शिक्षक अभिषेक सिंह के निर्देश पर यह जनजागरण रथ वीरपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जाकर छात्रों से मिल कर बातचीत कर रहा है साथ ही छात्रों को सम्बोधित करते हुए अभियान के कार्यकर्ता ऋषभ कुमार ने कहा कि 'देश के अंदर लगातार हो रहे पेपर लीक ने छात्रों का मनोबल तोड़ दिया है। पढ़ने-लिखने वाले छात्र चिंतित हैं। वर्तमान सरकार के शिक्षा मंत्री भ्रष्ट हैं, उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।' साथ ही उन्होंने कहा कि 'यह अभियान देश के छात्र-युवाओं के अधिकार, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य की आवाज़ है। मौके पर कांग्रेस के पुर्व प्रखंड अध्यक्ष धर्मराज सहनी, कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष आनंद प्रेम, अमर कुमार, चिकु कुमार, राजेश राना मोनु कुमार समेत दर्जनों छात्र छात्रा मौजूद थे।

## सीएम के कार्यक्रम को लेकर जदयू जिलाध्यक्ष ने किया प्रस्तावित स्थल का दौरा

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के गोराडीह प्रखंड अंतर्गत काशील गांव में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर रविवार को जदयू जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। कार्यक्रम स्थल पर उन्होंने भाजपा के जिलाध्यक्ष संतोष शाह के साथ जिलाधिकारी श्री मति अलंकृता पांडे से कार्यक्रम की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर सभी व्यवस्थाएं समय पर एवं सुचारु रूप से पूर्ण करने का आग्रह किया गया। श्री गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का प्रस्तावित कार्यक्रम क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके आगमन से विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को और अधिक बल प्राप्त होगा। इस अवसर पर जदयू प्रवक्ता शैलेन्द्र तोमर, भाजपा महामंत्री नीतेश सिंह, भाजपा नेता इं श्रीकांत, जदयू के मो. हशीम, संजीत राय, संदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

# रंगदारी मांगने एवं धमकी देने के मामले में युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नावकोठी थाना क्षेत्र में रंगदारी मांगने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने मोबाइल फोन पर रंगदारी की मांग करते हुए रकम नहीं देने पर बाइक लूटने और जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़ित की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने छापेमारी कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार साहेबपुरकमाल थाना क्षेत्र के सनहा निवासी श्याम पोद्दार के पुत्र रामू कुमार, जो बखरी बाजार स्थित एक बजाज फाइनेंस कंपनी में सेंटर मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं, ने नावकोठी थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि कंपनी के कार्य से वह नावकोठी आए हुए थे। इसी दौरान नावकोठी निवासी विष्णुदेव सहनी के पुत्र धर्मेंद्र सहनी उर्फ धारो सहनी ने मोबाइल फोन पर उनसे रंगदारी की मांग की। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपित ने बाइक लूटने तथा जान से मारने की धमकी भी दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए नावकोठी थाना पुलिस तत्काल हरकत में आई। थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपित के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# स्वदेशी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर लौटे कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**भागलपुर।** स्वदेशी जागरण मंच, दक्षिण बिहार प्रांत की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय विचार वर्ग कार्यक्रम का समापन रविवार को हुआ। स्थानीय डोकानिया स्मृति भवन में दो दिनों तक चले इस विचार वर्ग में दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी विचार, आत्मनिर्भर भारत, आर्थिक स्वावलंबन, संगठन विस्तार एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों का मार्गदर्शन प्राप्त किया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित स्वदेशी जागरण मंच के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक अरुण ओझा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक विचार नहीं, बल्कि भारत के राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक चेतना और आत्मनिर्भरता का आधार है। उन्होंने कहा कि विचार वर्ग में प्राप्त ज्ञान को केवल अपने तक सीमित न रखकर समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। उन्होंने युवाओं से स्वदेशी जीवनशैली अपनाने, स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देने तथा भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। स्वदेशी जागरण मंच के पूर्व प्रदेश संयोजक दिलीप निराला ने अपने दीर्घ संगठनात्मक अनुभवों को कार्यकर्ताओं के साथ साझा करते हुए कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कहा कि निरंतर संपर्क, सेवा, संस्कार और संगठन के माध्यम से ही स्वदेशी विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाया जा सकता है। भागलपुर जिला संयोजक रंजीत राय ने समापन संबोधन देते हुए कहा कि यह दो दिवसीय विचार वर्ग केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा और नए संकल्प देने वाला वैचारिक महाकुंभ रहा। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए दक्षिण बिहार प्रांत के सभी जिलों से आए प्रतिनिधियों, वरिष्ठ मार्गदर्शकों, स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं आयोजन समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस विचार वर्ग से प्राप्त प्रेरणा प्रत्येक कार्यकर्ता के माध्यम से समाज तक पहुंचेगी और स्वदेशी आंदोलन को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन भागलपुर विभाग संयोजक निर्दोष कुमार ने किया और सभी सत्रों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि विचार वर्ग से प्राप्त वैचारिक स्पष्टता और संगठनात्मक अनुभवों को अपने-अपने क्षेत्रों में क्रियानवित करना ही इस आयोजन की वास्तविक सफलता होगी। अरुण ओझा ने प्रांतीय विचार वर्ग के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं आयोजन समिति के सदस्यों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े आयोजन की सफलता टीम भावना, अनुशासन, समर्पण और कार्यकर्ताओं की निष्ठा का परिणाम होती है। इस विचार वर्ग के दौरान एकात्म मानवदर्शन, स्वदेशी का दर्शन, विकास भी विरासत भी, वर्तमान वैश्विक आर्थिक एवं राजनीतिक परिदृश्य, आत्मनिर्भर भारत, स्वरोजगार सृजन, जैविक कृषि, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता तथा संगठन विस्तार जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में दक्षिण बिहार प्रांत संयोजक यदुनंदन प्रसाद, क्षेत्रीय संगठक अजय उपाध्याय, मुरारी झा, पूर्व प्रदेश संयोजक दिलीप निराला, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शरद शालरपुरिया, मंच के जिला प्रवक्ता इन्दु भूषण झा, राजेश टंडन, शेखर घोष, डॉ. प्रियतम सिन्हा, शिक्षाविद् उत्तम कुमार, विनोद सिन्हा, मनोरंजन, चंदन पांडेय, प्रतीक आनंद, डॉ. बिहारी लाल, डॉ. शुभंकर सिंह, नरेंद्र झा, चंदन कुमार, शिवम कुमार, गिरीश कुमार, अभिनव, विपुल, राम, मनीष, डॉ. कृष्ण बिहारी सहित दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पुलिस की तत्परता से अपहृत दो मासूम बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के हसनपुर बागर से अपहरण की घटना में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से दो मासूमों को सकुशल बरामद किया गया। शनिवार की रात बखरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के नेतृत्व में तीन थानों की पुलिस ने संयुक्त रूप से इलाके की घेराबंदी कर दी। पुलिस की सख्ती और लगातार दबिश से घबराकर अपहरणकर्ता दोनों बच्चों को बीच रास्ते में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार, हसनपुर बागर निवासी रोहित साह के नौ वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार और धीरज पासवान के आठ वर्षीय पुत्र सुमित कुमार मोहल्ले में खेल रहे थे। इसी दौरान परिहारा थाना क्षेत्र निवासी अरविंद गोस्वामी का पुत्र अजीत कुमार दोनों बच्चों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी देर तक बच्चों के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर नावकोठी थाना को सूचना दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए बखरी एसडीपीओ कुंदन कुमार के नेतृत्व में नावकोठी, बखरी और गढ़पुरा थाना की पुलिस ने तत्काल संयुक्त अभियान चलाते हुए संभावित मार्गों पर घेराबंदी कर दी। पुलिस की सक्रियता और लगातार दबिश की जानकारी मिलते ही अपहरणकर्ता दोनों बच्चों को बीच रास्ते में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बच्चों को सुरक्षित बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद परिवार वालों ने राहत की सांस ली।

## नाबालिग के अपहरण का मामला दर्ज

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की की मां ने अपहरण की आशंका जाहिर करते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता की मां के लिखित आवेदन पर पुलिस ने समस्तीपुर जिले के सांख मोहन गांव के छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दर्ज आवेदन में पीड़िता की मां ने बताया कि वह अपनी तीन पुत्रियों के साथ ससुराल से मायके आई थी। इसी दौरान उनकी मां की आंख का ऑपरेशन कराने के लिए उन्हें समस्तीपुर स्थित अस्पताल लेकर चली गई। 3 जुलाई को ऑपरेशन के बाद जब वह मायके लौटी तो उसकी बड़ी पुत्री घर पर नहीं मिली। परिजनों द्वारा खोजबीन करने पर छोटी बेटी ने बताया कि उसकी बड़ी बहन तीन दिन से घर से गायब है। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि वह शाम के समय शौच के लिए घर से निकली थी। इसी दौरान एक युवक उसे बाइक पर बैठाकर पश्चिम दिशा की ओर ले गया। कुछ देर बाद दोनों की तस्वीर फ़ेसबुक पर भी देखी गई। महिला ने आवेदन में बताया कि फ़ेसबुक पर तस्वीर के आधार पर युवक की पहचान कर वह उसके घर पहुंची, जहां मौजूद लोगों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज की और वहां से भगा दिया। पीड़िता की मां ने आशंका जताई है कि उसकी नाबालिग पुत्री को कहीं बेच दिया गया है।

## 19.5 किलो पौगलीन छाल के साथ चार तस्कर हिरासत में

**शेरघाटी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वन विभाग की टीम ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक निजी होटल में छापेमारी कर लगभग 19.5 किलोग्राम पौगलीन छाल के साथ चार कथित तस्करों को हिरासत में लिया। कार्रवाई के बाद वन विभाग ने जब्त सामग्री को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शेरघाटी वन क्षेत्र पदाधिकारी नीतिकेश कुमार ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि कुछ लोग प्रतिबंधित वन उपज की खरीद-बिक्री के उद्देश्य से होटल में ठहरे हुए हैं। सूचना के सत्यापन के बाद वन विभाग की टीम ने छापेमारी की, जहां से लगभग 19.5 किलोग्राम पौगलीन छाल बरामद हुई। मौके से चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# जिला माध्यमिक शिक्षक संघ चलाएगा सदस्यता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला माध्यमिक शिक्षक संघ भवन में रविवार को जिला अध्यक्ष उमानंद चौधरी की अध्यक्षता में जिला सचिव मंडल, अनुमंडल सचिव, प्रखंड सचिवों की बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षीय उद्बोधन में अध्यक्ष ने वित्तीय संकट झेल रहे जिला संघों के प्रति महासचिव का एवं प्रदेश उपाध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट किया। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्राधीन विद्यालयों में जाकर शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के समस्याओं के साथ-साथ विद्यालय की अन्य समस्याओं का संकलन भी सदस्यता अभियान के साथ ही करेंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा सदस्यता अभियान को गति प्रदान पर चर्चा की गई तथा प्राच्य प्रभा का सदस्य बनाने पर विचार किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश प्रसाद राय ने प्रदेश एवं जिले के नवनियुक्त प्रधानाध्यापक, शिक्षक पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के समस्याओं से महासचिव को अवगत कराया तथा निदान कराने का अनुरोध किया। वहीं महासचिव ने बैठक में शामिल सभी पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान को पूरा करने एवं प्राच्यप्रभा पत्रिका के ग्राहकों की संख्या बढ़ाने का अनुरोध किया। उन्होंने बैठक में उठाए गए समस्याओं के निदान का भी आश्वासन दिया।जिला माध्यमिक शिक्षक संघ बेगूसराय के सचिव ने कहा कि सदस्यता अभियान कार्य प्रगति पर है। इस माह के अंत तक शत प्रतिशत पूरा कर लिया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन सदस्य राज्य कार्य समिति सदस्य डॉ सुदर्शन कुमार ने किया ।इस बैठक बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव शत्रुघ्न प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेश प्रसाद राय, जिला उपाध्यक्ष भगीरथ प्रसाद राय, जिला सचिव रणजीत कुमार, सदस्य राज्य कार्य समिति डॉ सुदर्शन कुमार, संयुक्त सचिव सुशील कुमार चौधरी, परीक्षा अध्यक्ष मो सलीम उद्दीन, सचिव सुधीर सिंह, प्रमंडल कार्य समिति सदस्य अरुण कुमार हरि, नीरज कुमार, बेगूसराय अनुमंडल सचिव अरविंद कुमार, बलिया अनुमंडल सचिव शमीम अख्तर, मझौल अनुमंडल सचिव मनोज कुमार, नगर सचिव अरुण कुमार, बेगूसराय सदर प्रखंड सचिव धीरज कुमार, भगवानपुर प्रखंड सचिव संतोष दास, मनसुरचक प्रखंड सचिव धर्मेंद्र कुमार, बखरी प्रखंड सचिव विजय कुमार, बलिया प्रखंड सचिव अविनाश शांतनु, खोदावंदपुर प्रखंड सचिव रामविनोद पासवान, शाम्हो प्रखंड सचिव चन्दन कुमार साहू, अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

# रेडक्रॉस का चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था का करेगा पुर्नस्थापना : डॉ पंकज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** जिला रेणुक्रॉस सोसाइटी का चुनावी अधिघोषणा जारी होते ही आइएमए सचिव डॉ पंकज कुमार सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है। रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, बेगूसराय शाखा में लगभग एक दशक के बाद विधिवत चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हुआ है। इसके लिए जिला पदाधिकारी के प्रति आभार प्रकट किया है। भावुक होते हुए उन्होंने कहा पिछले चार वर्षों से मैं जिस संघर्ष को पूरी निष्ठा और धैर्य के साथ लड़ रहा था। आज उसका सकारात्मक परिणाम दिखाई देना शुरू हो गया है। मेरे लिए यह केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि लोकतंत्र, पारदर्शिता और संस्थागत मर्यादा की पहली बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि वर्षों से उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का विरोध करना नहीं था। बल्कि भारतीय रेड क्रॉस जैसी प्रतिष्ठित और सेवा-समर्पित संस्था में लोकतांत्रिक व्यवस्था की पुनर्स्थापना सुनिश्चित करना था। उन्होंने लगातार यह मांग उठाई कि संस्था के उपविधियों के अनुरूप समय-समय पर चुनाव कराए जाएं, ताकि प्रत्येक सदस्य को अपनी भागीदारी और प्रतिनिधित्व का अधिकार मिल सके। डॉ सिंह ने कहा आज मुझे अत्यंत संतोष है कि लगभग दस वर्षों के लंबे अंतराल के बाद रेड क्रॉस शाखा में विधिवत चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। यह मेरे व्यक्तिगत संघर्ष की पहली जीत अवश्य है। लेकिन इससे कहीं अधिक यह रेड क्रॉस के सभी सदस्यों, समाजसेवियों और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले लोगों की सामूहिक जीत है। उन्होंने जिला पदाधिकारी की सराहना करते हुए कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नियमसम्मत चुनाव कराने का निर्णय संस्था की गरिमा को नई ऊँचाई देगा तथा भविष्य में रेड क्रॉस की गतिविधियों में अधिक पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी सुनिश्चित करेगा।

# राजकीय डिग्री महाविद्यालय नावकोठी का होगा उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नावकोठी अध्ययन केन्द्र अक्सा, रेरिऔना के उद्घाटन समारोह का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन ने सभी नामांकित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य कर दी है। महाविद्यालय के प्राचार्य अंजनी कुमार के द्वारा जारी सूचना के अनुसार, सभी छात्र-छात्राओं को सुबह 10 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक महाविद्यालय परिसर में उपस्थित रहना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। महाविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना पूर्व सूचना या उचित कारण के अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को अनुपस्थित माना जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से समय पर पहुंचकर उद्घाटन समारोह को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है। उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों के शामिल होने की संभावना है। उद्घाटन के साथ ही महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के नए सत्र की औपचारिक शुरुआत भी होगी। इसके साथ ही साथ महाविद्यालय प्राचार्य अंजनी कुमार ने बताया कि दूसरी सूची में नामांकन हेतु चार दिनों के लिए पोर्टल खोले जाने की बात बताई है। इसमें नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थियों अपना पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

## बिजली पोल के कनेक्शन बॉक्स में लगी आग

**नावकोठी।** प्रखण्ड मुख्यालय पंचायत नावकोठी के वार्ड संख्या-6 में रविवार की सुबह बिजली पोल पर लगे कनेक्शन बॉक्स में अचानक आग लगने से इलाके में अफरातफरी मच गई। आग की तेज लपटें उठती देख आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि ग्रामीणों की तत्परता और बिजली आपूर्ति समय रहते बंद कराए जाने से बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय ग्रामीण संजीत कुमार महतो, बिरजू साह एवं डॉ. कुंदन कुमार ने बताया कि सुबह अचानक लोगों के शोरगुल से उनकी नींद खुली। बाहर निकलने पर देखा कि राजमिस्त्री विजय सहनी के घर के समीप स्थित बिजली पोल पर लगे कनेक्शन बॉक्स से आग की तेज लपटें निकल रही थीं। आग बढ़ती देख आसपास के लोगों में अनहोनी की आशंका से हड़कंप मच गया।ग्रामीण तत्काल सक्रिय हो गए। कुछ लोग घरों की छत पर चढ़कर बॉक्स पर बालू और मिट्टी डालने लगे, जबकि अन्य लोगों ने बिजली पावर हाउस को सूचना देकर संबंधित फीडर की बिजली आपूर्ति बंद कराई। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया और स्थिति सामान्य हुई।इस घटना में किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई।

# निजी विद्यालयों पर लगातार बढ़ रहे विभागीय दबाव पर संघ ने जताई चिंता

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चिल्ड्रेन वेलफ़ेयर एसोसिएशन जिला इकाई के जिलाध्यक्ष अजय पांडेय ने कहा है कि शिक्षा विभाग द्बारा निजी विद्यालयों को प्रतिदिन नए-नए ऑनलाइन कार्यों का निर्देश दिया जा रहा है। आधार अपडेट, छात्र डेटा, विभिन्न पोर्टलों पर सूचना अपलोड सहित अनेक कार्य बिना किसी समुचित प्रशिक्षण कार्यशाला और स्पष्ट दिशा-निर्देश के कराए जा रहे हैं। कहा कि पोर्टलों में लगातार बदलाव किए जाते हैं परंतु विद्यालयों को समय पर प्रशिक्षण या तकनीकी सहायता उपलब्ध नहीं कराई जाती। कई प्रखंडों में नियमित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तक उपलब्ध नहीं हैं, जिससे विद्यालयों को अपनी समस्याओं का समाधान नहीं मिल पाता। ऐसे में निजी विद्यालयों पर केवल आदेश जारी करना उचित नहीं है। संघ ने यह भी कहा कि शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत वर्षों से निजी विद्यालय आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, लेकिन प्रतिपूर्ति की राशि समय पर नहीं मिल रही है। यह स्थिति निजी विद्यालयों के लिए गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न कर रही है। संघ ने मांग की है कि किसी भी नए ऑनलाइन कार्य से पूर्व सभी निजी विद्यालयों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जाए। इसके साथ ही स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। वहीं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाए। रिक्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाए और आरटीई की लंबित प्रतिपूर्ति राशि का तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो निजी विद्यालय संघ पूरे जिले के विद्यालय संचालकों के साथ विचार-विमर्श कर लोकतांत्रिक एवं विधिसम्मत आंदोलन की रूपरेखा तय करेगा।

# इको क्लब मास्टर ट्रेनरों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्सय संवाददाता)।** प्रखण्ड के मिशन लाईफ के तहत स्कूलों में इको क्लब को सक्रिय करने के लिए डीपीओ एसएसए ने तैयारी शुरू कर दी है। राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के आदेश के आलोक में मंगलवार को जिला स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सर्व शिक्षा अभियान सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य इको क्लब फॉर मिशन लाईफ के लिए सभी विद्यालयों का पंजीयन कराना और विद्यालय स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों को सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में नामित किया गया है। ये मास्टर ट्रेनर आगे चलकर अपने-अपने प्रखण्डों में जाकर अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे और स्कूलों में इको क्लब की गतिविधियों का संचालन कराएंगे। यह जानकारी बीआरसी के लेखापाल अरविंद कुमार शर्मा व मिथलेश कुमार ने दी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### विधानसभा सदस्यों की ...

विजय कुमार चौधरी और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों को विष्णुपद मंदिर, महाबोधि मंदिर और मां मंगला गौरी मंदिर का भ्रमण भी कराया गया। समापन अवसर पर उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए इसे लोकतांत्रिक संस्थाओं को अधिक सक्षम और उत्तरदायी बनाने की सामूहिक पहल बताया। समारोह में आयुक्त सफीना ए. एन., पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव, जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार तथा बिपार्ड के अधिकारियों को सम्मानित किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान कृषि मंत्री एवं गया के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा सांसद जगदंबिका पाल भी उपस्थित रहे। डॉ. प्रेम कुमार ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विषय-विशेषज्ञों, बिहार विधानसभा सचिवालय, प्राइड, लोकसभा सचिवालय, बिपार्ड तथा गया जिला प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# औरंगाबाद में 13300 घनफीट बालू जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अवैध खनन और बालू के अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिए प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में रविवार को जिला खनन विभाग ने दाउदनगर थाना क्षेत्र के केरा गांव में बड़ी छापेमारी करते हुए अवैध रूप से भंडारित 11,300 घनफीट बालू जब्त किया। मामले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण से जुड़े अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की अनुशंसा की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार, जिला खनन पदाधिकारी विकास कुमार के निर्देश पर खान निरीक्षक कुमार प्रत्यूष के नेतृत्व में रविवार को केरा गांव के ईट भट्टा के समीप विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान खनन टीम ने बड़ी मात्रा में बालू भंडारित पाया। टीम द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन बालू के मालिक या भंडारणकर्ता के संबंध में कोई ठोस जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। खनन विभाग की जांच रिपोर्ट के अनुसार पांच अलग-अलग स्थानों पर जमा बालू का माप लिया गया। जांच में कुल 11,300 घनफीट बालू भंडारित पाया गया। खान निरीक्षक कुमार प्रत्यूष ने बताया कि यह बालू अवैध खनन के माध्यम से प्राप्त किया गया था और बिना किसी वैध अनुमति के भंडारित किया गया था। यह कृत्य बिहार मिनरल्स (कनसेशन, प्रिवेंशन ऑफ इल्लीगल माइनिंग, ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज) नियमावली, 2019 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। छापेमारी के दौरान जांच दल ने सभी बालू भंडारण स्थलों का जीपीएस लोकेशन दर्ज किया तथा फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई। विभागीय रिपोर्ट में यह आशंका जताई गई है कि खुले स्थान पर रखे गए बालू की चोरी अथवा अवैध निकासी की संभावना बनी हुई है। ऐसे में जब्त बालू की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 3 सी बालू घाट बंदोबस्तधारी रमेश कुमार भारती को इसकी निगरानी एवं संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में खनन निरीक्षक ने दाउदनगर थाना को लिखित आवेदन देकर अज्ञात अवैध खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं एवं भंडारणकर्ताओं की पहचान कर उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है। आवेदन में कहा गया है कि अवैध खनन एवं भंडारण से न केवल सरकार को राजस्व की क्षति होती है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि अवैध बालू कारोबार में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन और बालू माफियाओं के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# उत्तर कोयल नहर में डूबने से वृद्ध की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के ढ़ीबर पिपरा गांव के समीप उत्तर कोयल नहर में रविवार को डूबने से एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान मिर्ज़ापुर गांव निवासी 50 वर्षीय कृष्णा पासवान के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि नहर की री-मॉडलिंग और नए डिजाइन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर स्थानीय लोगों ने नहर के फाटक के पास शव को पानी में तैरता देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद तथा पोकलेन मशीन के सहारे काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकलवाया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों ने बताया कि कृष्णा पासवान रविवार सुबह शौच के लिए घर से निकले थे। आशंका है कि नहर किनारे उनका पैर फिसल गया जिससे वे गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने उत्तर कोयल नहर के री-मॉडलिंग कार्य पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि आधुनिकीकरण के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई है। पहले नहर में जगह-जगह बनी सीढ़ीनुमा ढलान दुर्घटना की स्थिति में लोगों और मवेशियों के बाहर निकलने का सहारा बनती थी, लेकिन नए निर्माण में ऐसी व्यवस्थाएं हटा दी गई हैं। साथ ही नहर के स्वरूप में भी बदलाव कर सुरक्षा से समझौता किया गया है। ग्रामीणों ने चिंता जताई है कि यदि नहर के डिजाइन की समीक्षा कर आवश्यक सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए तो भविष्य में इस तरह की और भी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। उन्होंने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से री-मॉडलिंग कार्य की जांच कर सुरक्षा मानकों के अनुरूप आवश्यक सुधार तथा मृतक के परिजनों के लिए मुआवज़े की मांग की है।

# औरंगाबाद के एसडीओ एवं डीटीओ का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार ने जिले की प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य के कई अधिकारियों का तबादला किया है। इसी कड़ी में औरंगाबाद सदर के अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को भी बदल दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के बाद जिले के प्रशासनिक महकमे में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। जारी आदेश के अनुसार बक्सर में वरीय उपसमाहर्ता गौरव सिंह को औरंगाबाद सदर का नया अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बनाया गया है। वहीं पंचायती राज विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में कार्यरत ललित राही को औरंगाबाद का नया जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) नियुक्त किया गया है। गौरव सिंह वर्तमान सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह का स्थान लेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी का पद महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों में से एक माना जाता है। एसडीओ के जिम्मे कानून-व्यवस्था बनाए रखनने साथ सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होता है। वहीं नये जिला परिवहन पदाधिकारी ललित राही सुनंदा कुमारी का स्थान लेंगे।

# दो दिवसीय मातृ-पितृ वंदन महोत्सव संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** देव प्रखंड क्षेत्र के चैनपुर में आयोजित दो दिवसीय मातृ-पितृ वंदन महोत्सव एवं भिखारी ठाकुर महोत्सव का समापन अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं सांस्कृतिक वातावरण में हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार विधान परिषद सदस्य दिलीप सिंह एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य राजन सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रारंभ में प्रसिद्ध गायक सनोज सागर ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण हो उठा। महोत्सव के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित होने वाली आयोजन समितियों के दो-दो सक्रिय सदस्यों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सम्मानित सदस्यों के कार्यों की सराहना करते हुए समाज के लिए उनके समर्पण को प्रेरणादायी बताया। अपने संबोधन में विधान परिषद सदस्य दिलीप सिंह ने कहा कि मातृ-पितृ वंदन महोत्सव जैसे आयोजन समाज में नई चेतना जगाने का कार्य करते हैं। यह महोत्सव नई पीढ़ी को माता-पिता की सेवा, सम्मान और संस्कारों से जोड़ने की अनूठी पहल है। पूर्व विधान परिषद सदस्य राजन सिंह ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजन आने वाली पीढ़ियों को भारतीय संस्कारों, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों का बोध कराते हैं। महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी एवं कला संस्कृति मंच के अध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता-पिता को ईश्वर से भी श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। महोत्सव का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसमें लगभग 150 से अधिक कलाकारों ने लोक संस्कृति की रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। लोकगीत, लोकनृत्य, भजन एवं पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे महोत्सव को भारतीय संस्कृति के रंगों से सराबोर कर दिया। कविता विद्यार्थी ने बताया कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ियों को अपने संस्कारों एवं संस्कृतियों से जोड़ता है। लोक गायक पवन बाबू ने अपने लोकप्रिय लोकगीतों से श्रोताओं को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। टिंकू टाइगर की ऊर्जावान प्रस्तुति पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। प्रसिद्ध लोक भजन गायिका सृष्टि लक्ष्मी ने अपनी मधुर एवं भावपूर्ण भजनों से श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना दिया।

# उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह ने ग्रहण किया पदभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार ने प्रशासनिक फ़ेरबदल के तहत कुमारी अनुपम सिंह ने औरंगाबाद के उप विकास आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया है। इससे स्थानीय लोगों में खुशी है। लोगों का कहना है कि जिले में अब विकास के रफ्तार को गति मिलेगी। जिले के लोगों को उम्मीद है कि उनके अनुभव का लाभ ग्रामीण विकास योजनाओं, पंचायतों से जुड़े कार्यों और जिला परिषद की परियोजनाओं को मिलेगा। माना जा रहा है कि विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ाने और योजनाओं की बेहतर निगरानी में उनकी भूमिका अहम साबित हो सकती है। प्रशासनिक और सामाजिक हलकों में उनकी नियुक्ति को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। वैसे अनुपम सिंह का जिले से पुराना नाता रहा हैं। उन्होंने जिले में ही ट्रेनी डिप्टी कलेक्टर फिर मदनपुर प्रखंड की बीडीओ और इसके बाद में दाउदनगर की अनुमंडल पदाधिकारी बतौर काम किया है। बिहार सरकार ने वरिष्ठ अधिकारी कुमारी अनुपम सिंह को जिले का नया उप विकास आयुक्त सह जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया है।

# बिजली विभाग ने बारिश के दौरान की सचेत रहने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मानसून की सक्रियता के साथ जिले में हो रही बारिश लोगों को भीषण गर्मी से राहत तो दे रही है लेकिन इसके साथ ही बिजली से जुड़े हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। बारिश के दौरान अक्सर बिजली के खंभों में करंट आने, तार टूटकर गिरने, ट्रांसफर्मरों में स्पार्किंग होने और जलभराव वाले क्षेत्रों में करंट फैलने जैसी घटनाएं सामने आती हैं। ऐसे में बिजली विभाग ने आम नागरिकों से सतर्कता बरतने और सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि बारिश के दौरान बिजली के खंभों, झुके हुए या खुले बिजली के तारों, ट्रांसफार्मरों, बिजली के मीटर, स्विच बोर्ड तथा भीगे हुए विद्युत उपकरणों के संपर्क में आने से बचें। कई बार बारिश के कारण खंभों और तारों में करंट प्रवाहित होने का खतरा बढ़ जाता है जो जानलेवा साबित हो सकता है। बिजली विभाग ने लोगों को विशेष रूप से आगाह किया है कि यदि कहीं बिजली का तार टूटकर सड़क, खेत या पानी में गिरा हुआ दिखाई दे तो उसे बिल्कुल भी न छुएं और न ही किसी अन्य व्यक्ति को उसके पास जाने दें। ऐसी स्थिति में तुरंत सुरक्षित दूरी बनाकर बिजली विभाग को सूचना दें ताकि संबंधित टीम मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान कर सके। विभाग का मानना है कि बारिश के दौरान कई स्थानों पर जलभराव हो जाता है। ऐसे इलाकों में यदि बिजली का तार गिर जाए या किसी विद्युत उपकरण में करंट आ जाए तो पानी के माध्यम से करंट फैल सकता है। इसलिए पानी से भरे क्षेत्रों में चलते समय विशेष सावधानी बरतें और बिजली के खंभों या ट्रांसफार्मरों के पास जाने से बचें। विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों को बारिश के दौरान बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों और खुले तारों के आसपास खेलने न दें। वहीं पशुपालकों से भी कहा गया है कि अपने मवेशियों को बिजली के खंभों या ट्रांसफार्मरों के पास न बांधें क्योंकि करंट की चपेट में आने का खतरा बना रहता है। बारिश के समय गीले हाथों से बिजली के स्विच, प्लग, मोटर, कूलर, पंखे या अन्य विद्युत उपकरणों का उपयोग नहीं करना चाहिए।

# डकैती सहित अन्य मामलों में 54 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 54 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 17 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार डकैती में एक, एससी-एसटी एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में 11, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 9 तथा अन्य मामलों में 32 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वहीं 255.60 लीटर देसी शराब, एक बाइक और एक कार जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1033 वाहनों की जांच की गई जिसमें 42500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 21 वारंट एवं 25 कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा 20500 रूपये साइबर थाना की पुलिस द्वारा रिकवर किया गया है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है।

# अपराधियों व शराब तस्करों पर पुलिस की कड़ी नजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ के निर्देशानुसार जिले में अपराध नियंत्रण, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा शराब तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने शनिवार देर रात सघन वाहन जांच अभियान चलाया। यह विशेष जांच अभियान जिले के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर संचालित किया गया। अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनकी गहन जांच की। वाहनों की डिक्की, सीटों के नीचे तथा अन्य हिस्सों की तलाशी ली गई। इसके साथ ही वाहन चालकों और संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की गई तथा आवश्यक दस्तावेजों की पड़ताल की गई। बिना वैध कागजात वाले वाहनों और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों से पूछताछ भी की गई। पुलिस अधीक्षक के अनुसार अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों, चोरों, शराब तस्करों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। देर रात चलने वाले इस अभियान से शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रमुख चौक-चौराहों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की क्रमवार जांच की गई, जिससे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वाहन की पहचान की जा सके। जांच के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, आवश्यक दस्तावेज साथ रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जिले में इस तरह का जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था भंग करने वाले तथा अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जगन्नाथ रथ यात्रा 18 जुलाई को, तैयारी शुरू

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) की ओर से 18 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस्कॉन मंदिर की ओर से इसकी व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। इस्कॉन औरंगाबाद के अध्यक्ष अभय अच्युत दास ने बताया कि यह रथ यात्रा भगवान श्री जगन्नाथ की भक्ति, प्रेम और सनातन संस्कृति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित इस धार्मिक आयोजन में भाग लेने की अपील की है। आयोजकों के अनुसार रथ यात्रा दोपहर 3 बजे बाईपास चौक से प्रारंभ होगी। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए सिंहा कॉलेज मोड़, धर्मशाला मोड़, रमेश चौक और फार्म मोड़ होते हुए इस्कॉन मंदिर, रघुवीर नगर पहुंचेगी, जहां यात्रा का समापन होगा।

# रामाबांध बस स्टैंड की बदहाली पर उठे सवाल, यात्री शेड में गंदगी से बेहाल यात्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले का सबसे व्यस्त और प्रमुख बस पड़ाव रामाबांध बस स्टैंड इन दिनों अपनी बदहाल व्यवस्था को लेकर गंभीर सवालों के घेरे में है। प्रतिदिन हजारों यात्रियों की आवाजाही वाले इस बस स्टैंड पर यात्रियों को बुनियादी सुविधाएं तक नसीब नहीं हो रही हैं। यात्रियों के बैठने के लिए बनाए गए शेड अब आवारा पशुओं का आश्रय स्थल बन गए हैं जबकि पूरे परिसर में फैली गंदगी और चरमराई सफाई व्यवस्था प्रशासनिक दावों की पोल खोल रही है। सुबह से देर रात तक जिले के विभिन्न प्रखंडों और दूसरे जिलों के लिए यहां से बसों का संचालन होता है। इसके बावजूद बस स्टैंड की हालत ऐसी है कि यात्रियों को बैठने, स्वच्छ वातावरण और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। यात्री शेड में अक्सर गाय और अन्य आवारा पशु बैठे दिखाई देते हैं। कई जगह पशुओं का गोबर फैला रहता है, जिससे यात्रियों को मजबूरी में खड़े होकर बस का इंतजार करना पड़ता है। बस स्टैंड परिसर में जगह-जगह कूड़े का ढेर, प्लास्टिक कचरा और नालियों में जमा गंदगी साफ-सफाई व्यवस्था की हकीकत बयां करती है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। जलजमाव, दुर्गंध और मच्छरों की बढ़ती संख्या यात्रियों के साथ-साथ आसपास के दुकानदारों के लिए भी परेशानी का कारण बनी हुई है। यात्रियों का कहना है कि नियमित सफाई नहीं होने के कारण बस स्टैंड की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। दूर-दराज से आने वाले लोग शहर में प्रवेश करते ही सबसे पहले इसी बस स्टैंड पर उतरते हैं लेकिन यहां की अव्यवस्था शहर की छवि पर भी सवाल खड़े करती है। बस स्टैंड पर आने वाली महिलाओं की सबसे बड़ी शिकायत महिला शौचालय को लेकर है। स्थानीय लोगों और यात्रियों का कहना है कि महिला शौचालय पर अक्सर ताला लगा रहता है, जिससे महिला यात्रियों को काफी असुविधा होती है। कई बार उन्हें आसपास वैकल्पिक व्यवस्था तलाशनी पड़ती है जो न केवल असुविधाजनक बल्कि गरिमा के भी विपरीत है। महिला यात्रियों का कहना है कि यदि शौचालय का निर्माण किया गया है तो उसका नियमित संचालन और साफ-सफाई सुनिश्चित करना संबंधित एजेंसी की जिम्मेदारी है। लंबे समय से शिकायतों के बावजूद इस दिशा में कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। कुछ समय पहले जिलाधिकारी ने स्वयं रामाबांध बस स्टैंड का निरीक्षण किया था लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।






# पूर्व सीएम की जयंती पर स्वास्थ्य जांच शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ सत्येंद्र नारायण सिन्हा (छोटे साहब) की 109वीं जयंती रविवार को समाहरणालय स्थित अनुग्रह स्मारक परिसर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक चले शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। एके अस्पताल के निदेशक एवं सर्जन डॉ अभिषेक कुमार सिंह ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच की। उन्होंने मस्तिष्क, रीढ़, पेट, छाती, मधुमेह (शुगर) और उच्च रक्तचाप समेत विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों का परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया। चिकित्सकों ने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित आहार लेने और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने की अपील की। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के अभाव में फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि समय पर जांच और उचित उपचार से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। शिविर में पहुंचे मरीजों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों के लिए बेहद लाभकारी हैं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ सत्येंद्र नारायण सिन्हा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए समाज सेवा, शिक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि छोटे साहब द्वारा स्थापित आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज एवं राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। इस अवसर पर चुलबुल सिंह, प्रो. विजय सिंह, पूर्व अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान, मो. जुल्फिकार, टिंकू सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद मो. इरफान, मो. अंसारी, वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह, अधिवक्ता रवि कुमार सिंह, अधिवक्ता सरोज कुमार, अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार, कंचन कुमार, नीतीश कुमार, गुड्डू कुमार, छोटू रजक, रामाधार शर्मा, नवीन शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269